सूर्योदय 5:44 सूर्यास्त 7:09

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 22 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79,858 |
| निफ्टी | 24,363 |

सोना 1,01,406 चांदी 1,14,893

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 10 अगस्त 2025 | 26 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 223, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



रोहित शर्मा ने खरीदी दूसरी लैम्बोर्गिनी उरुस एसई

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली में दीवार गिरने से आठ लोगों की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के जैतपुर के हरिनगर में शनिवार को बारिश के दौरान दीवार गिरने से बड़ा हादसा हो गया। जैतपुर थाना स्थित हरीनगर के बाबा मोहन राम मंदिर के पास समाधि स्थल की दीवार गिर गई। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन पुरुष, दो महिलाएं, दो लड़कियां और एक लड़का है। सात की मौत के बाद एक घायल हाशिबुल का अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उसने भी दम तोड़ दिया है। दिल्ली दमकल विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि जैतपुर थाना इलाके में शनिवार सुबह 9:30 बजे के करीब हरी नगर गांव इलाके के पीछे झुग्गियों के ऊपर समाधि की दीवार गिर जाने से उसके नीचे दबने से आठ लोगों की मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

### ट्रेन की रिटर्न टिकट पर 20 प्रतिशत छूट



**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडियन रेलवे ने दिवाली और अन्य फेस्टिवल में घर जाने वालों के लिए एक एक्सपेरिमेंटल बेस पर एक स्कीम शुरू की है। इसमें अगर कोई आने और जाने का टिकट एकसाथ बुक करता है तो रिटर्न टिकट पर 20 प्रतिशत का डिस्काउंट मिलेगा। इससे उन लोगों को फायदा मिलेगा, जो घर जाने और वापस आने के लिए ट्रेन का इस्तेमाल करते हैं। रेलवे ने त्योहारों के समय टिकट के लिए भीड़ और लोगों की परेशानी को देखते हुए यह फैसला एक्सपेरिमेंटल बेस पर लिया है। अगर आप अहमदाबाद एक्सप्रेस से पटना जाते हैं, तो इसी जोड़ी की वापसी ट्रेन से रिटर्न टिकट करना होगा। जैसे-अहमदाबाद-बरौनी (19484) से जाते हैं तो रिटर्न इसी जोड़ी की ट्रेन बरौनी-अहमदाबाद (19483) से रिटर्न होना होगा। (अनंत ज्ञान)

### 334 राजनीतिक दलों की रजिस्ट्रेशन रद्द

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शनिवार को 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा कर उनकी रजिस्टेशन रद्द कर दी है। ये दल 2019 से छह वर्षों तक एक भी चुनाव लड़ने की अनिवार्य शर्त पूरी करने में विफल रहे थे। इन दलों के कार्यालय भी कहीं भी भौतिक रूप से स्थित नहीं थे। चुनाव आयोग ने कहा कि ये 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल देश भर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। कुल 2,854 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की स्क्रुटनी के बाद अब देश में 2,520 राजनीतिक दल बचे हैं। वर्तमान में छह राष्ट्रीय दल और 67 राज्य स्तरीय दल हैं। इस साल जून में चुनाव प्राधिकरण ने ऐसे 345 दलों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी। अंत में 334 को सूची से हटा दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में नहीं हो पा रहे कई टेस्ट -पेज 2
- गगरेट ड्रग तस्करी मामले में 5 पुलिस कर्मियों पर एफआईआर -पेज 3
- धर्मशाला में बेसहारा छोड़े पशु तो जुर्माने के साथ एफआईआर -पेज 5
- कुल्लू जिले के लोगों की आर्थिकी को सुदृढ़ कर रही ट्राउट फिश -पेज 11
- खेती की लागत घटाकर मुनाफा बढ़ाने की जरूरत : चंदेल -पेज 12


## रक्षा का बंधन



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को अपने आवास पर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। स्कूली बच्चों और आध्यात्मिक संस्था ब्रह्मकुमारी की सदस्यों ने उनकी कलाई पर राखी बांधी। पीएम मोदी ने देशवासियों को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# महिलाएं समाज के सशक्तिकरण की रीढ़ : सीएम

## प्रदेश सरकार ने पैतृक संपत्ति में समान अधिकार और पुलिस में दिया आरक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने महिलाओं को समाज की सशक्तिकरण की रीढ़ बताया है। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। बेटियों को पैतृक संपत्ति में समान अधिकार देना एक क्रांतिकारी कदम है, जो महिलाओं को आर्थिक रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र बनाता है। उन्होंने कहा, 'यह फैसला उन्हें अपने जीवन के निर्णय स्वयं लेने का अधिकार देता है।



इसके अतिरिक्त, पुलिस सेवा में 30 फीसदी आरक्षण का प्रावधान कर सरकार ने महिलाओं को सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर दिया है। ये नीतियां यह सुनिश्चित करती हैं कि महिलाएं केवल लाभार्थी न रहें, बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनें।

### आत्मनिर्भर बनकर समाज में निभाएंगी अहम भूमिका

**सीएम** का कहना है कि सरकार का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा वातावरण बनाना है, जहां महिलाएं अपनी प्रतिभा और मेहनत से समाज में एक मजबूत स्थान बना सकें। मुख्यमंत्री का मानना है कि इन पहलों से महिलाओं को सिर्फ लाभ नहीं मिलेगा, बल्कि वे आत्मनिर्भर बनेंगी और समाज के हर क्षेत्र में सक्रिय रूप से योगदान देंगी।

### समाज की उन्नति होगी प्रशस्त

**मुख्यमंत्री** सुक्खू का कहना है कि पैतृक संपत्ति में अधिकार और आरक्षण जैसे कदम यह दर्शाते हैं कि उनकी सरकार लैंगिक समानता को एक वास्तविकता बनाना चाहती है। इन प्रयासों से महिलाएं आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त होंगी, जिससे पूरे समाज की उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

# ऑपरेशन सिंदूर में मार गिराए थे पाक के 5 जेट : एयर चीफ मार्शल

## सर्विलांस एयरक्राफ्ट भी किया था तबाह, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम बने गेम-चेंजर

**एजेंसी, बेंगलुरु**

एयरफोर्स चीफ एपी सिंह ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया था। यह सतह से हवा में टारगेट हिटिंग का अभी तक का रिकॉर्ड है। एपी सिंह बेंगलुरु के एचएएल मैनेजमेंट अकादमी ऑडिटोरियम में एयर चीफ मार्शल एलएम कात्रे मेमोरियल लेक्चर के 16वें सीजन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने शानदार काम किया, पाकिस्तान हमारा एयर डिफेंस सिस्टम नहीं भेद पाया। उन्होंने कहा, 'हाल ही में खरीदे गए एस-400 सिस्टम गेम-चेंजर रहे हैं। पाकिस्तान लंबी दूरी के ग्लाइड बम होने के बावजूद इनका इस्तेमाल नहीं कर पाया।' एयर फोर्स चीफ ने बताया कि पाकिस्तान के बहावलपुर में भारतीय हमले के पहले और बाद की तस्वीरें सबके सामने हैं। वहां कुछ नहीं बचा था। ये तस्वीरें न सिर्फ सैटेलाइट से ली गईं, बल्कि लोकल मीडिया ने भी बिल्डिंग की अंदर की तबाही की तस्वीरें दिखाई थीं। (अनंत ज्ञान)

### दुनिया ने देखी पाकिस्तान की तबाही की तस्वीरें

### तीनों सेनाओं के बीच कमाल का को-ऑर्डिनेशन



**एयर** फोर्स चीफ ने कहा कि सफलता का एक प्रमुख कारण राजनीतिक इच्छाशक्ति का होना था। हमें बहुत स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। हमें खुली छूट थी। हमने तय किया कि कितना आगे बढ़ना है। हमें योजना बनाने और उसे लागू करने की पूरी आजादी थी। तीनों सेनाओं में कमाल का को-ऑर्डिनेशन था। सीडीएस के पद ने वास्तव में अंतर पैदा किया। वह हमें एक साथ लाने के लिए मौजूद थे।

### पाक 90 घंटे में पीछे हटा

**यह** एक उच्च तकनीक वाला युद्ध था। 80 से 90 घंटे के युद्ध में हम इतना नुकसान कर पाए कि पाकिस्तान को साफ पता चल गया था कि अगर वे इसे जारी रखेंगे तो उन्हें इसकी और भी अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी इसलिए वे आगे आए और हमारे डीजीएमओ को संदेश भेजा कि वे बात करना चाहते हैं। हमारी ओर से इसे स्वीकार कर लिया गया।

### रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का ऐलान था 'ऑपरेशन सिंदूर' : कामत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रमुख समीर कामत ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' आत्मनिर्भरता, रणनीतिक दूरदर्शिता और स्वदेशी तकनीकी क्षमता के जरिए अपनी ताकत का उद्घोष था। कामत रक्षा उन्नत तकनीकी संस्थान (डीआईएटी) के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। कामत ने कहा कि पश्चिमी सीमाओं पर बेहद समन्वित और बहुआयामी अभियान केवल सैनिकों की वीरता नहीं दिखाता, बल्कि उस तकनीकी आधार को भी सामने लाता है, जो उनकी मदद कर रहा था। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर केवल एक मिशन नहीं था। यह भारत की आत्मनिर्भरता, रणनीतिक सोच और स्वदेशी तकनीक की ताकत का ऐलान था। यह दुनिया को बताने के लिए था कि भारत अपनी सीमाओं की रक्षा अपने ही उपकरणों और तकनीक से कर सकता है।



# रक्षा उत्पादन में 18 फीसदी की हुई वृद्धि : राजनाथ सिंह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2024-25 में 1,50,590 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को यह बात कही। रक्षा उत्पादन में पिछले वित्त वर्ष के 1.27 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले लगभग 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में वार्षिक रक्षा उत्पादन बढ़कर 1,50,590 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है।' (अनंत ज्ञान)



### बोले-सभी हितधारकों के प्रयासों से मिली सफलता

**राजनाथ** सिंह ने कहा कि रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में इस उपलब्धि को हासिल करने में रक्षा उत्पादन विभाग और सभी हितधारकों, जिनमें रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक इकाइयां और निजी उद्योग शामिल हैं। उन्होंने सामूहिक प्रयासों की सराहना की और इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। रक्षा मंत्री ने कहा, 'रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में बढ़ती हुई प्रगति भारत के मजबूत होते रक्षा औद्योगिक आधार का स्पष्ट संकेत है।'

### रक्षा उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भर बना भारत

**टॉकहोम** इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत अब रक्षा उपकरणों में आत्मनिर्भर बनने के साथ ही उन्हें निर्यात करने वाला एक उभरता वैश्विक खिलाड़ी बन चुका है। 2014 से 2024 तक भारत के रक्षा आयात में 34 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है, जबकि रक्षा निर्यात में 700 प्रतिशत से अधिक की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। भारत हथियारों के मामले में बहुत तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

# जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सेना के 2 जवान शहीद

**एजेंसी, कुलगाम**

जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में आतंकियों के साथ हो रही मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए। शुक्रवार को कुल चार जवान घायल हुए थे। इलाज के दौरान दो जवानों की मौत हो गई। उनके शहीद होने की जानकारी शनिवार सुबह आई। 'ऑपरेशन अखल' 1 अगस्त से जारी है। शनिवार को इसका नौवां दिन था।

बता दें कि 2 अगस्त को 2 आतंकियों के मारे जाने की खबर आई थी। 2 अगस्त की सुबह मारे गए आतंकियों में से एक की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई थी। हारिस उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से एके-47 राइफल, मैगजीन और गोला-बारूद बरामद हुआ था। (अनंत ज्ञान)

### पहली अगस्त से जारी है 'ऑपरेशन अखल'



### फतेहगढ़ साहिब व खन्ना के जवानों ने दी शहादत

**मुठभेड़** में शहीद हुए दोनों जवान पंजाब के थे। फतेहगढ़ साहिब लोकसभा क्षेत्र के गांव बदीनपुर के 26 वर्षीय सिपाही हरमिंदर सिंह और खन्ना के गांव मानूपुर के 28 वर्षीय लांस नायक प्रीतपाल सिंह ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। रक्षाबंधन से ठीक पहले आई इस खबर से दोनों परिवारों में मातम का माहौल है। प्रीतपाल सिंह की शादी को अभी सिर्फ 4 महीने ही हुए थे। वहीं, हरमिंदर सिंह की मां और बहनें उनकी सुरक्षित वापसी का इंतजार कर रही थीं, लेकिन उनके शहीद होने की खबर पहुंची।

## लाहौल में बिग बास्केट ने खोला कलेक्शन सेंटर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र लाहौल-स्पीति के किसानों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। टाटा ग्रुप के ऑनलाइन ग्रॉसरी प्लेटफॉर्म 'बिग बास्केट' ने शिमला और सोलन के बाद अब लाहौल घाटी में अपना तीसरा कलेक्शन सेंटर शुरू किया है। इस पहल से स्थानीय किसानों को अपनी उपज सीधे कंपनी को बेचने का मौका मिलेगा। अब वे अपनी उगाई हुई उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियां, जैसे कि फूलगोभी, ब्रोकली, आइसबर्ग और लीफी वेजिटेबल्स, सीधे सेंटर पर बेच सकेंगे, जिससे उन्हें अपनी मेहनत का उचित दाम मिलेगा और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो जाएगी। जानकारी के अनुसार यह नया कलेक्शन सेंटर किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर मूल्य सुनिश्चित करेगा। बिग बास्केट टीम के अनुसार, सब्जियों की गुणवत्ता जितनी बेहतर होगी, किसानों को उतने ही अधिक दाम मिलेंगे। इस कदम से लगभग 700 हेक्टेयर भूमि पर खेती करने वाले किसानों को सीधा फायदा होगा। कंपनी सीधे किसानों के बैंक खातों में भुगतान करेगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी। अटल टनल के बनने के बाद से लाहौल घाटी में कृषि उत्पादन बढ़ा है और यह सेंटर किसानों को अपनी फसलों के लिए एक बड़ा और स्थिर बाज़ार उपलब्ध कराएगा।

# भाई की मौत के बाद हड़प ली संपत्ति

## जाली वसीयत बनाकर बैंक खातों से निकाले 13.25 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पुलिस थाना सदर मंडी के अंतर्गत एक वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें मृतक सरकारी शिक्षक के बैंक खातों और संपत्ति को कथित रूप से जाली वसीयत के सहारे हड़पने का आरोप है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मंडी की अदालत के आदेश पर धारा 156(3) भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता के तहत पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। याचिकाकर्ता पुष्प राज शर्मा(65) निवासी थनेहडा मोहल्ला मंडी ने अदालत में दी याचिका में आरोप लगाया कि उनके अविवाहित भाई भर्तृ हरि, जो जेबीटी शिक्षक थे, का निधन 15 फरवरी 2020 को हुआ था। मृतक के पास बैंक और डाक खातों में भारी राशि के साथ-साथ अचल संपत्ति में भी हिस्सेदारी थी। आरोप है कि करण कुमार शर्मा और सुशीला शर्मा निवासी भगवाहन मोहल्ला तहसील सदर जिला मंडी ने बिना किसी कानूनी अधिकार के मृतक के बैंक खातों तक पहुंच बनाई और मंडी के गांधी चौक स्थित एसबीआई की शाखा से 2 मार्च, 2020 को 5 लाख और 4 मार्च, 2020 को 8 लाख 25 हजार 600 रुपए निकाले गए हैं। इसके बाद आरोपियों ने कथित तौर पर जाली वसीयत तैयार की, जिसकी तारीख 5 जनवरी 2020 दर्शाई गई है और उसे 21 दिसंबर 2022 को प्रमाणित करवाया गया।

याचिकाकर्ता के अनुसार यह दस्तावेज पूरी तरह फर्जी था, जिसे मृतक की संपत्ति और बैंक खातों से कुल 13,25, 600 रुपए हड़पने के इरादे से तैयार किया गया था। शिकायत पर पुलिस थाना सदर मंडी ने भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 465, 467, 468, 417, 471 और 34 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच जारी है।




### आरापियों पर धोखाधड़ी जालसाजी की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज




## सियासत | राजधानी शिमला में बन रहे नए समीकरण, संभावित फेरबदल की सुगबुगाहट

# हिमाचल की राजनीति में बड़े उलटफेर के संकेत

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल की राजधानी शिमला के ठंडे माहौल में इन दिनों गर्माहट साफ महसूस की जा रही है। सचिवालय के हर गलियारे में, हर कोने में, एक नई सुगबुगाहट हो रही है। एक ऐसी धुन जो आने वाले राजनीतिक बदलाव की ओर इशारा कर रही है। ये केवल कोरी अटकलें नहीं हैं, बल्कि वे महत्वपूर्ण हलचलें हैं, जो सत्ता के भीतर एक नई कहानी की शुरुआत कर रही हैं। पर्दे के पीछे कुछ बड़े राजनीतिक फैसले आकार ले रहे हैं, जिनका सीधा असर न सिर्फ मंत्रिमंडल के स्वरूप पर पड़ेगा, बल्कि सत्ता के पूरे संतुलन को भी हिला सकता है। सूत्रों के मुताबिक, हाल के दिनों में हुए घटनाक्रम के बाद मुख्यमंत्री के खास लोगों के बीच बैठकों का दौर तेज हो गया है। इन गोपनीय मुलाकातों से साफ संकेत मिल रहे हैं कि सत्ता के समीकरणों में बड़ा फेरबदल होने वाला है। इस संभावित फेरबदल में कुछ खास नामों पर सबकी नजरें टिकी हैं, जिनके कद और प्रभाव के आधार पर उनकी नई भूमिका तय की जा सकती है। यह दौर सिर्फ प्रशासनिक फेरबदल का नहीं है, बल्कि गुटबाजी को साधकर पार्टी को मजबूत बनाने की लड़ाई का भी है।



### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का फैसला भी जल्द

### सत्ता पक्ष की उठापटक पर विपक्ष की नजर

**विपक्ष** इन आंतरिक हलचलों पर पैनी नजर बनाए हुए है। उन्हें उम्मीद है कि सत्ता पक्ष की इस उठापटक का फायदा उन्हें मिल सकता है। कुछ विपक्षी नेता तो यहां तक दावा कर रहे हैं कि यह फेरबदल सत्ता की मजबूती नहीं, बल्कि अंदरूनी दबाव का नतीजा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि विपक्ष इस मौके को कैसे भुनाता है।

हर गुट अपनी ताकत साबित करने की कोशिश में लगा है। इसमें क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों के साथ-साथ पुराने वफादार नेताओं की अहमियत भी देखी जा रही है।

### पंचायतीराज चुनाव के लिए हो रहा बड़ा मेकओवर

**राजनीति** में बदलाव के संकेत अक्सर बड़े फैसलों से पहले ही हवा में तैरने लगते हैं और फिलहाल शिमला में यही हो रहा है। सचिवालय की आधिकारिक फाइलों से ज्यादा महत्व यहां के गलियारों की कानाफूसी का है। अगर इन अंदरूनी हलचलों पर गौर करें तो आने वाले दिनों में सत्ता के समीकरणों में एक बड़ा फेरबदल हो सकता है। यह फेरबदल न केवल मौजूदा संतुलन को बदल सकता है, बल्कि आने वाले पंचायतीराज चुनावों के लिए भी एक नई राजनीतिक रणनीति की मजबूत नींव रख सकता है। असल सवाल यह नहीं है कि बदलाव होगा या नहीं, बल्कि यह है कि यह बदलाव कब होगा और इसका असली स्वरूप क्या होगा?

## न्यूज ब्रीफ

### देसी शराब की अवैध 180 बोतलें पकड़ीं

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** प्रदेश एक्साइज विभाग द्वारा अवैध रूप से रखी गई 180 बोतल देसी शराब की पकड़ी हैं। विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर अपूर्व चंदेल ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि करोट में एक घर में यह ऊना नंबर 1 शराब गैरकानूनी ढंग से रखी गई हैं। इस पर गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारकर शराब का यह बड़ा जखीरा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अवैध रूप से बेची जा रही शराब को पकड़ने की मुहिम छेड़ी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर किसी व्यक्ति के पास अवैध शराब बेचने की सूचना मिले तो वह विभाग से संपर्क कर सकता है। उसका नाम गुप्त रखा जाएगा।

### बहनों ने भाई के लिए मांगा खुशहाली भरा जीवन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जोल सप्पड़ में बहनें भाई को राखी बांधती हुईं।

### पर्यावरण को बचाने के लिए मक्कड़वासी आए आगे

**अनंत ज्ञान, भोटा।** मक्कड़ गांव के समस्त गांव वासियों ने मिलकर आज अपने श्मशानघाट में कुल सात पौधे लगाकर प्रयावरण बचाने में अपना सहयोग दिया व श्मशानघाट के आसपास साफ-सफाई भी की। इस कार्य में कैप्टन राजीव, कैप्टन विजय, सूबेदार दलीप, सूबेदार बलवीर, सिंचाई विभाग के जेई जगजीत सिंह, पंकज, अशोक, प्रमवीर, राकेश, देविंदर सिंह, वरिंदर सिंह ने भरपूर योगदान दिया।

### कथा से पहले निकाली भव्य कलश यात्रा

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** प्राचीन ठाकुरद्वारा राधा कृष्ण मंदिर बुढान में शिव महापुराण कथा का आरंभ शनिवार को कलश यात्रा से शुरू हो गया है। क्षेत्र के प्रख्यात कथा वाचक आचार्य चमन शर्मा अपने मुखारविंद से शिव महापुराण कथा का 9 दिनों तक उच्चारण कर क्षेत्र वासियों को शिव लीलाएं सुनाएंगे। आचार्य शर्मा को बिझड़ी मंडी चौक से रथ में सवार करके प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर तक ले जाया गया। मंदिर में पहुंचने पर आयोजको ने गर्म जोशी से उनका स्वागत किया। मंदिर कमेटी प्रधान अजय कुमार शर्मा ने बताया यह आयोजन समस्त ग्राम वासियों की ओर से आयोजित करवाया जा रहा है। इस अवसर पर मनीष कुमार, साहिल शर्मा, देशराज शर्मा, दीपक शर्मा, भानु प्रताप शर्मा सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

### गलवान घाटी में बंधीं टौणी देवी की राखियां



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी की गाइड्स छात्राओं के लिए यादगार और भावनात्मक क्षण लेकर आया। विद्यालय की गाइड्स ने सरहद पर तैनात वीर जवानों के लिए अपने हाथों से राखियां, ग्रीटिंग कार्ड्स और भावनात्मक संदेश भेजे थे। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा के मार्गदर्शन और गाइड कैप्टन कुसुम लता के सहयोग से छात्राओं ने इस पहल को अंजाम दिया। प्रधानाचार्य ने बताया कि किसी ने लिखा कि आप हैं तो हमारी नींद सुरक्षित है, तो किसी ने कहा कि हर बहन आपके साथ है, भाई ग्रीटिंग कार्डों पर देशभक्ति की कविताएं, तिरंगे के चित्र और सैनिकों के साहस को नमन करते शब्द सजे थे। जब ये राखियां गलवान घाटी में तैनात सैनिकों तक पहुंचीं, तो वहां का नजारा बेहद भावुक कर देने वाला था। सेना के एक अधिकारी ने फोन और संदेश के माध्यम से विद्यालय तक शुभकामनाएं पहुंचाईं और बताया कि जवानों ने गर्व और खुशी से इन राखियों को अपनी कलाई पर बांधा। एक जवान ने भावुक होकर संदेश भेजा कि हम यहां बर्फीली ऊंचाइयों पर डटे हैं, लेकिन आज यह राखी हमें घर की गर्माहट और बहनों का प्यार दे गई।

## नाम बड़े-दर्शन छोटे : सरकारी और प्राइवेट दोनों लैब में मरीज झेल रहे परेशानी

# मेडिकल कॉलेज में नहीं हो पा रहे कई टेस्ट

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** यहां जिला मुख्यालय पर स्थित मेडिकल कॉलेज के अंदर थायराइड और कई अन्य टेस्ट नहीं हो पा रहे हैं। सरकारी प्रयोगशाला में तो लंबे समय से थायराइड के सैंपल लिए ही नहीं लिए जा रहे, जबकि अस्पताल के भीतर ही स्थापित की गई एक निजी क्रसना लैब में भी इन टेस्टों के लिए मशीन खराब बताई जा रही है। यह सिलसिला सरकारी लैब में तो लंबे समय से चल रहा है, लेकिन दूसरी लैब में कुछ समय से ऐसा हो रहा है। अब मरीज इस परेशानी में निजी प्रयोगशालाओं में महंगे रेट पर जांच करवाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। मरीज यह कह रहे हैं कि इस मेडिकल कॉलेज के तो 'नाम बड़े दर्शन छोटे' जैसे हालात हो चुके हैं।

यहां कोई भी अधिकारी सिस्टम बनाने के लिए उस स्तर की दिलचस्पी नहीं लेता, जिसकी मेडिकल कॉलेज के स्तर में होनी चाहिए। इसका खामियाजा साफ तौर पर मरीजों को भुगतना पड़ता है। खासकर उन्हें जो गरीब हैं और महंगा इलाज सहने की स्थिति में नहीं रहते।




सरकारी लैब में सैंपल देने के लिए के काउंटर खुलने का इंतजार करते मरीज।

**कई दवाइयां भी काउंटर पर नहीं मिल रहीं**

**काउंटर पर लेटलतीफी :** समस्या यही नहीं सुबह जब मरीज के टेस्ट के सैंपल लेने की स्थिति शुरू होती है तो भी काउंटर पर लेट लतीफी रहती है, ऐसा इक्का-दुक्का बार नहीं, लगभग रोजाना ही होता है, जिससे 9.30 के आसपास अच्छी खासी भीड़ जुट जाती है। विंडो 9.45 बजे के आसपास खुलती है। यह भी मरीज के लिए परेशानी वाली व्यवस्था है।

> सरकारी लैब में दो मशीनें आई हैं, जिनमें यूपीएस तो ठीक हैं, लेकिन प्रिंटर खरीदे जा रहे हैं। इसके लिए कोटेशन बुलाई गई हैं। उसकी वजह से कुछ विलंब हुआ है, लेकिन बहुत जल्द यह समस्या भी हल हो जाएगी। थोड़ी बहुत बजट की दिक्कत भी रह रही है तथा कुछ दवाइयों की किल्लत भी है।
>
> -डॉ. देशराज शर्मा, एमएस

**महंगे केमिकल की कमी आ रही आड़े**

सरकारी लैब में पिछले लंबे समय से इन टेस्टों के नहीं होने की वजह इसके महंगे केमिकल की बात कही जा रही है, जिसकी खरीद नहीं हो रही। ऐसा बताया जा रहा है। क्योंकि साफ तौर पर कोई भी बताने को तैयार नहीं है। पूछने पर हर कोई मुस्कुराता है। काउंटर पर सिर्फ एक ही बात कही जाती है। यह टेस्ट नहीं होंगे, मालूम नहीं लैब में जाकर पूछ लो। लैब में कई और टेस्ट भी नहीं हो रहे। विटामिन बी 12, विटामिन डी के बेसिक टेस्ट भी नहीं हो रहे। इन तमाम के लिए मरीजों को अस्पताल के बाहर स्थित महंगे रेटों वाली प्राइवेट प्रयोगशालाओं से गुजरना पड़ता है। अब स्थिति यदि चिंता वाली है कि सरकारी रेट के आधार पर ही अस्पताल के अंदर जिस प्राइवेट लैब को ठिकाना दिया गया है, स्थापित किया गया है। क्या उसकी स्थिति भी ऐसी ही होगी, तो फिर मरीजों को कैसे सुविधा होगी।

## नरेश ने नशा निवारण बोर्ड में नियुक्ति के लिए सीएम का आभार जताया



मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू व अन्य ने दी शुभकामनाएं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राज्य नशा निवारण बोर्ड के नवनियुक्त संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। शनिवार को हमीरपुर में एक कार्यक्रम के दौरान नरेश ठाकुर ने कहा कि इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के बखूबी निर्वहन तथा मुख्यमंत्री की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए वह लगातार मेहनत करेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने राज्य नशा निवारण बोर्ड के नवनियुक्त संयोजक एवं सलाहकार को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नरेश ठाकुर अपने विद्यार्थी जीवन से ही एनएसयूआई से जुड़े और उसके बाद से ही राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे हैं। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि नरेश ठाकुर की योग्यता एवं समर्पण भाव को देखते हुए ही मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार के पद पर नियुक्ति दी है।

इस अवसर पर एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के निदेशक मंडल के सदस्य विक्रम शर्मा, एचपीएमसी के निदेशक मंडल के सदस्य राजेश ठाकुर, बीडीसी उपाध्यक्ष संजीव शर्मा, कांग्रेस नेता मनोज शर्मा, सुनील कुमार, राजेश आनंद, अश्वनी लंबरदार, देवीदास शहनशाह, अखिलेश चौधरी, रजनीश गांधी, अनिल श्याम, निशांत शर्मा और अन्य नेता भी उपस्थित थे।

## रक्षाबंधन पर सरकारी बसों में बहनों को मिला निशुल्क यात्रा का लाभ



बस स्टैंड पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ सरकारी बसों को ढूंढती नजर आई।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। रक्षाबंधन को लेकर जहां महिलाओं को सभी कार्यालयों में अवकाश रहा, वहीं अपने भाई के पास पहुंचने के प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी बसों में निशुल्क यात्रा की भी सुविधा प्रदान की गई।

राखी बांधने के महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, महिलाएं सज-संवरकर बसों का इंतजार करती नजर आई। बता दें कि सरकारी बसों में रक्षाबंधन को लेकर महिलाओं की सबसे अधिक भीड़ रही। अधिकतर महिलाओं ने सरकारी बसों में सफर इस सुविधा का लाभ उठाया। गौरतलब है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम हमीरपुर डिपो द्वारा 175 लोकल रूटों पर बसें चलाई गईं, जिसका बहनों ने भरपूर लाभ उठाया।

इसके अलावा शनिवार को मिठाई की दुकानों में भी बहुत अधिक भीड़ रही। इस बारे में उपमंडलीय अधिकारी राजकुमार पाठक ने बताया कि रक्षाबंधन को सूर्य अस्त तक महिलाओं को निशुल्क यात्रा करने की सुविधा दी गई थी, जिसका महिलाओं ने लाभ उठाकर त्योहार मनाया।

## सड़क पर बने गड्ढों को भरने में एनएचएआई ने निभाई औपचारिकता

### मट्टन सिद्ध के पास 500 मीटर तक पड़े गड्ढों की मरम्मत करने की लोगों ने उठाई थी मांग

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हमीरपुर से भोटा सड़क पर मट्टन सिद्ध के पास बने गड्ढे वाहन चालकों के लिए जानलेवा बन गए हैं। इसी समस्या को लेकर अनंत ज्ञान समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित किया था, उसके बाद एनएचएआई विभाग ने दो दिन पहले ही इन गड्ढों को भर दिया है। एक वर्ष बाद भी विभाग ने इस छोटे से एरिया में मरम्मत करवाने में उदासीनता दिखाई है।

बता दें कि लगभग एक वर्ष से मटनसिद्ध से कोहली तक सड़क की हालत खराब हो गई थी। गर्मियों से पहले लोगों ने स्थानीय दुकानदारों ने इन गड्ढों को भरने की गुहार लगाई थी, लेकिन कुछ हिस्से को पक्का कर बाकी हिस्से में पड़े गड्ढों को वैसे ही छोड़ दिया। भारी बरसात के चलते अच्छी खासी सड़कों को नुकसान हुआ है, वहीं इस सड़क पर पड़े गड्ढों को और भी गहरा बना दिया था। छोटे छोटे गड्ढे बारिश से काफी गहरे हो गए हैं, जिससे कोई भी दुर्घटना कभी हो सकती थी।



सड़क के कुछ गड्ढों को भर दिया गया, जबकि कुछ को ऐसे ही छोड़ दिया गया है।

हमीरपुर से भोटा जाने वाली सड़क पहले नेशनल हाईवे विभाग के पास थी, लेकिन जब से फोरलेन बनाने का कार्य शुरू किया गया है, तब से यह सड़क एनएचएआई के अधीन आ गई है। व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान अनिल सोनी ने बताया कि एनएचएआई विभाग से इन गड्ढों को ठीक ढंग से भरने का आग्रह किया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सड़क पर पड़े गड्ढे भर तो दिए हैं, लेकिन कुछ दिनों में फिर से उखड़ जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस सड़क पर कुछ गड्ढों को भर दिया है, जबकि कुछ गड्ढों को वैसे ही छोड़ दिया है। बता दें कि मट्टन सिद्ध मंदिर के पास लोगों ने सीमेंट से गड्ढों को भरा था, लेकिन वे भी अब उखड़ने लग पड़े हैं। इससे पहले विभाग द्वारा ठेकेदार को इन गड्ढों को भरने के लिए कहा था, लेकिन ठेकेदार ने भी बजट न होने पर काम रोक दिया था, जिससे लगभग 500 से 600 मीटर पर गडढे पड़े हुए हैं, जो कभी वाहन चालकों के लिए खतरा बन सकते हैं।

ऐसा नहीं है कि यहां से केवल निजी वाहन की आवाजाही करते हैं बल्कि सरकारी विभागों की गाड़ियां भी इसी सड़क से गुजरती हैं, फिर भी विभाग इस सड़क की मरम्मत करवाने से कतरा रहा है।

**सड़क पर डबल लेयर की होगी टारिंग**

इस बारे में एनएचएआई विभाग के परियोजना अधिकारी बिक्रम मीणा ने बताया कि हमीरपुर से भोटा जाने वाली सड़क पर पड़े गड्ढों को लोगों को राहत देने के लिए भरा गया है। उन्होंने बताया कि इस सड़क की डीपीआर तैयार हो गई है इस सड़क पर डबल लेयर की टारिंग की जाएगी।

## कांग्रेस नेता स्वायत्त संवैधानिक संस्थाओं को कर रहे बदनाम : राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं द्वारा भारतीय चुनाव आयोग पर लगाए गए निराधार आरोपों की कड़ी आलोचना की है और इसे पार्टी के घटते जनसमर्थन की हताशा में उठाया गया कदम बताया है। राकेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस को स्वायत्त संवैधानिक संस्थाओं की ईमानदारी पर सवाल उठाने से पहले अपने 65 साल के शासन में आम जनता को क्या दिया, इस पर आत्मचिंतन करना चाहिए।

कांग्रेस पिछले ढाई साल से हिमाचल में सत्ता के मजे लूट रही है, इसलिए उनके द्वारा किसी भी गड़बड़ी के लिए चुनाव आयोग को दोष देना तो तर्कसंगत ही नहीं है। सच्चाई यह है कि पिछले अढ़ाई वर्षों में कांग्रेस का शासन बुरी तरह विफल रहा है और वे जानते हैं कि जनता 2027 में उन्हें पूरी तरह से नकार देगी, इसलिए कांग्रेसी नेता अपनी सरकार की विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए चुनाव आयोग पर झूठे आरोप लगा रहे हैं।

## संस्कृत प्रश्नोत्तरी में नाहन का नितिन पवार प्रथम

### दियोटसिद्ध में धूमधाम से मनाया राज्य स्तरीय संस्कृत दिवस, विभिन्न प्रतियोगिताएं की आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, दियोटसिद्ध**

भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग ने शनिवार को बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर दियोटसिद्ध में राज्य स्तरीय संस्कृत दिवस आयोजित किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रदेश भर से आए संस्कृत महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की संस्कृत श्लोकोंचारण, संस्कृत प्रश्नोत्तरी और संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गईं। श्लोकोंचारण प्रतियोगिता में राजकीय संस्कृत महाविद्यालय तुंगेश शिमला की गुंजन ने प्रथम, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर की सीमा ने द्वितीय, सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय डोहगी, ऊना की अनुराधा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संस्कृत प्रश्नोत्तरी में राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन के नितिन पवार ने प्रथम, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर की सानिया ने द्वितीय, गौरक्षक राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन की रीना चौहान और राजकीय संस्कृत महाविद्यालय तुंगेश के सचिन शर्मा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।



विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं का गणमान्यों ने किया सम्मान।

संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिता में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर कांगड़ा की सुनीता देवी ने प्रथम, वेदव्यास संस्कृत महाविद्यालय कुल्लू की मोनिका ने द्वितीय, केंद्रीय संस्कृत महाविद्यालय बलाहर कांगड़ा की शालिनी और राजकीय संस्कृत महाविद्यालय चंबा की बबीता कुमारी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में डॉ. ओम प्रकाश राही, राजेश शर्मा, शशि शर्मा, डॉ. भजहरी, डॉ. विवेक शर्मा और मनोज कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में संस्कृत कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर कांगड़ा की निदेशक एवं केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के दर्शनशास्त्र की संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर सत्यम कुमारी उपस्थित रहीं। प्रथम सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग एवं संस्कृत अकादमी के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक डॉ. मस्तराम शर्मा उपस्थित रहे। दूसरे सत्र की अध्यक्षता ओमप्रकाश राही ने की, जबकि जगत राम शास्त्री विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। विभाग की उपनिदेशक कुसुम संघाईक ने सभी गणमान्य अतिथियों, कवियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर सहायक निदेशक सुरेश राणा और सुनीला ठाकुर, ऊना के जिला भाषा अधिकारी निक्कू राम, हमीरपुर के जिला भाषा अधिकारी हमीरपुर संतोष कुमार पटियाल, सहायक मंदिर अधिकारी सूरम सिंह, संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नरेश ठाकुर और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## नादौन स्कूल की छात्राओं ने घर रहकर भी धूमधाम से मनाया संस्कृत दिवस

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या नादौन की छात्राओं ने घर रहकर भी संस्कृत दिवस को धूमधाम से मनाया। संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए छात्राओं ने अवकाश में भी अपने परिजनों, अभिभावकों और रिश्तेदारों को संस्कृत दिवस की शुभकामनाओं से भरे हुए ग्रीटिंग प्रेषित किए।

इस अवसर पर छात्राओं ने लोगों को श्रावणी पूर्णिमा के अवसर पर मनाए जाने वाले संस्कृत दिवस के महत्व से अवगत करवाया। इस अवसर पर छात्राओं ने घर पर ही मंत्रोच्चारण, श्लोकोच्चारण, संस्कृत गीतिका गाकर सोशल मीडिया के माध्यम से विद्यालय के समूहों में शेयर की। संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया ने बताया कि संस्कृत भाषा हमारी संस्कृति और संस्कारों की संपोषक भाषा है। विश्व की सभी भाषाओं की जननी है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या राजकुमारी कौशल ने भी छात्राओं को संस्कृत दिवस सहित रक्षाबंधन पर्व की बधाई दी।

**ऑनलाइन किया जा रहा आयोजन**

संस्कृत अध्यापक व राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद हमीरपुर जिले के अध्यक्ष नरेश मलोटिया ने बताया कि इस वर्ष जिले के प्रत्येक विद्यालय में कार्य कर रहे संस्कृत शिक्षक ऑनलाइन माध्यम से ही संस्कृत सप्ताह मना रहे हैं और अपने-अपने घरों और गांव में संस्कृत भाषा के महत्व का प्रचार प्रसार घर-घर जाकर कर रहे हैं ताकि लोगों में संस्कार और संस्कृति की सम्पोषक संस्कृत भाषा के प्रति जागरूकता बढ़े।

उन्होंने बताया कि यह आयोजन न केवल छात्राओं के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा देने वाला है। इससे पता चलता है कि संस्कृत भाषा के महत्व को समझने और इसके प्रचार-प्रसार के लिए हमें निरंतर प्रयास करने चाहिएं।

## कितनी सटीकता से की जा रही थी चुनावी धोखाधड़ी : दीपक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** कांग्रेस पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद मतदाता सूची में भारी हेरफेर को लेकर गंभीर चिंताएं थीं। इन चिंताओं को राहुल गांधी ने बीती 7 अगस्त को एआईसीसी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान और भी स्पष्ट रूप से रखा, जहां उन्होंने मतदाता सूचियों में भयानक अनियमितताओं का खुलासा किया। उनके खुलासे इस बात की ओर इशारा करते हैं कि किस हद तक और कितनी सटीकता से चुनावी धोखाधड़ी की जा रही है, वह भी भारत के चुनाव आयोग की नाक के नीचे।

यह बात अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक दीपक शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र की स्वतंत्र जांच पर आधारित हैं।

## 'हर घर तिरंगा' अभियान राष्ट्रीय एकता को कर रहा मजबूत : विक्रांत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भाजपा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 11 अगस्त को हमीरपुर मंडल में तिरंगा यात्रा निकालेगी। इस संदर्भ में मीडिया प्रभारी विक्रांत भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 अगस्त को सुबह 11 बजे सर्व हित सुधार सभा में बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा की अध्यक्षता में होगा। इसके उपरांत तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी जो कि सर्वहित सुधार सभा से चलकर गांधी चौक हमीरपुर तक जाएगी। मंडल हमीरपुर ने इस यात्रा में आम जनता से अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपील की।

मीडिया प्रभारी विक्रांत भारद्वाज ने बताया कि इस के उपरांत 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों स्वतंत्रता आंदोलनों से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों के आसपास सफाई अभियान चलाएगी और इन सभी स्थलों पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी एवं शहीदों के परिवारों से मिलकर उनके स्वजनों को सम्मानित किया जाएगा। इस के उपरांत मंडल स्तर पर 15 अगस्त को हर घर तिरंगा फहराया जाएगा और जनता को अपने घरों पर तिरंगा लहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से भाजपा राष्ट्रवाद के अपने एजेंडे को धार देने के साथ ही देशभक्ति की भावना घर-घर तक पहुंचाएगी।

**लोगों को अपने घर पर तिरंगा लहराने के लिए किया जाएगा प्रेरित**

पार्टी ने अभियान को जनभागीदारी, रोजगार, स्वच्छता और इतिहास से जुड़ने का सशक्त माध्यम बनाया है। भाजपा हर मंडल में युद्ध वीरों, शहीदों, देश की सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के घर जाएगी और उनके स्वजन को सम्मानित कर पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल बनाएगी।

## पुकार : वाहन चालकों व लोगों ने लगाई बार-बार हो रही समस्या से निजात दिलाने की गुहार

# कस्बा बड़ा में ट्रैफिक जाम हुआ आम, बने बाईपास

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में वर्तमान समय में प्रतिदिन ट्रैफिक जाम लगना आम बात हो गई है। यहां पर ट्रैफिक जाम कई बार इतना लंबा लग जाता हैं कि उसे बहाल होने में आधे घंटे से भी ऊपर समय लग जाता हैं, जिससे न केवल वाहन चालकों को बड़ी परेशानी होती है बल्कि पैदल चलने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

कस्बा बड़ा में जाम लगने का मुख्य कारण कस्बा बड़ा के चौक पर सड़क का तंग होना एवं उस सड़क से धोलासिद्ध विद्युत परियोजना के लिए बड़ी गाड़ियों द्वारा हैवी मशीनरी लेकर जाना है। गौर हो कि यह वैसे भी पालमपुर, बैजनाथ ओर जोगिंद्रनगर के लिए यात्रियों एवं पर्यटकों के लिए आने जाने के लिए यह कम दूरी (शॉर्ट कट) वाला रास्ता है, जिसके चलते हर वाहन चालक इस रास्ते से आवागमन करने के लिए अधिक प्रेफरेंस देते हैं।




कस्बा बड़ा में लगा ट्रैफिक जाम, जो हर रोज राहगीरों के लिए मुश्किलें पैदा कर रहा है।

गौर है कि कस्बा बड़ा में आए दिन लग रहे ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए यदि यहां बाईपास सड़क बनाई जाती है तो आवश्य इस समस्या का समाधान हो सकेगा। वैसे भी यहां के क्षेत्रवासी कस्बा बड़ा में ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए कई सालों से यहां बाईपास सड़क की मांग कर रहे हैं।

लोगों का कहना है कि कस्बा बड़ा से सुजानपुर जाने वाली सड़क पर यदि बाईपास सड़क बन जाती है तो इस लोगों को कस्बा बड़ा के बाजार में जो प्रतिदिन ट्रैफिक जाम लगने की समस्या रहती है, उस समस्या का भी समाधान हो जाएगा और निर्माणधीन धोलासिद्ध विद्युत परियोजना के लिए जो हैवी मशीनरी लेकर जाने वाली गाड़ियों को जो इस तंग सड़क पर समस्या होती है, उसका भी समाधान हो जाएगा। अतः लोक निर्माण विभाग और प्रदेश सरकार को इस पर अवश्य चिंतन करना चाहिए।

विभागीय सूत्रों के अनुसार काफी समय से कस्बा बड़ा में ट्रैफिक समस्या को मद्देनजर रखते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा बाईपास सड़क का सर्वे भी किया जा रहा था और लोगों में यह भी चर्चा चली हुई है कि बाईपास सड़क के लिए सर्वे की गई भूमि मालिकों से भी विभाग के अधिकारी बातचीत कर रहे थे। हालांकि इस बारे में लोनिवि के अधिकारियों द्वारा कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है।

## टाटा स्टील लुधियाना के 162 पदों के लिए 14 को हमीरपुर में होंगे साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

लुधियाना स्थित टाटा स्टील के एक प्लांट में सिक्योरिटी स्टाफ की अलग-अलग श्रेणियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों सहित कुल 162 पदों को भरने के लिए बद्दी की कंपनी टैरियर सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड 14 अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लेगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि असाइनमेंट मैनेजर के चार पदों के लिए अधिकतम 50 वर्ष तक की आयु के रिटायर्ड जेसीओ पात्र होंगे।

चयनित उम्मीदवारों को 33,975 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 10 पदों के लिए 18 से 50 वर्ष तक के बारहवीं पास उम्मीदवार पात्र होंगे और चयनित उम्मीदवारों को 22,537 रुपए वेतन दिया जाएगा। सिक्योरिटी गार्ड के 120 पदों के लिए 18 से 50 वर्ष तक के दसवीं पास उम्मीदवार साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इनके लिए मासिक वेतन 18,236 रुपए निर्धारित किया गया है। स्पेशल सिक्योरिटी गार्ड के 20 पदों के लिए 18 से 50 वर्ष तक के दसवीं पास एवं फायर डिफेंस डिप्लोमाधारक उम्मीदवार साक्षात्कार दे सकते हैं। इनका मासिक वेतन 20,294 रुपए रहेगा। कंप्यूटर ऑपरेटर के 8 पदों के लिए उम्मीदवार स्नातक एवं कंप्यूटर डिप्लोमा धारक होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 21,094 वेतन दिया जाएगा। सिक्योरिटी से संबंधित पदों के लिए उम्मीदवार की लंबाई कम से कम 5.7 फुट होनी चाहिए।

सुरेंद्र ने बताया कि कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृ त है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222318 या कंपनी के मोबाइल नं. 72075-00008 पर संपर्क करें।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सीएम धूमल ने ब्रह्मकुमारियों के साथ मनाया रक्षाबंधन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रह चुके प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने शनिवार को अपने आवास पर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। आध्यात्मिक संस्था ब्रह्मकुमारी की सदस्यों ने भाई-बहन के पारंपरिक बंधन को दर्शाते हुए उनकी कलाई पर राखी बांधी। इस पावन अवसर पर प्रो. धूमल ने राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कामना की कि यह त्योहार समाज में प्रेम, सद्भाव और आपसी सम्मान के बंधन को और मजबूत करे।

### न्यू नालागढ़ में अवैध पिस्टल सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** नालागढ़ पुलिस ने एक ऑल्टो कार से अवैध पिस्टल, मैगजीन व रौंद बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म एक्ट के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम न्यू नालागढ़ में पुलिस टीम ने एक आल्टो कार नंबर एचपी12 एच-9110 को रोका। जांच व तलाशी के दौरान गाड़ी के डैश बोर्ड से पुलिस ने एक पिस्टल, मैगजीन व एक जिंदा रौंद बरामद किया। बरामद पिस्टल के संबंध में गाड़ी सवार युवक कोई लाइसेंस नहीं दिखा पाया, जिस पर पुलिस ने कार सवार अमित सैणी पुत्र रविंद्र सिंह, निवासी गांव भाटियां, तहसील नालागढ़ को गिफ्तार कर लिया है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया के नालागढ़ पुलिस ने आरोपी अमित सैणी के खिलाफ अवैध हथियार रखने के आरोप में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिफ्तार कर आगामी जांच व कार्यवाही आरंभ कर दी है।

### भाजपा का आरोप, राहुल गांधी की भाषा में आत्मविश्वास की कमी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश सचिव विनोद कुमार ने राहुल गांधी की हालिया टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राहुल गांधी की भाषा को 'इलेक्शन रेज' का नाम दिया है और इसे सड़क पर होने वाले 'रोड रेज' से जोड़ा है। विनोद कुमार ने शिमला से जारी बयान में कहा कि चुनाव में हार-जीत स्वाभाविक है, लेकिन राहुल गांधी अपनी पार्टी की हार से निराश होकर संवैधानिक संस्थाओं और अधिकारियों को धमका रहे हैं। राहुल गांधी के इस बयान पर कि 'भविष्य में जब विपक्ष की सरकार बनेगी, तो अधिकारियों को छोड़ा नहीं जाएगा,' भाजपा ने कड़ा ऐतराज जताया है। विनोद ने कहा कि यह एक जिम्मेदार नेता प्रतिपक्ष की भाषा नहीं हो सकती। उन्होंने राहुल गांधी पर आत्मविश्वास की कमी का आरोप लगाया, क्योंकि वे यह स्पष्ट रूप से कहने में भी संकोच कर रहे हैं कि भविष्य में कांग्रेस की सरकार बनेगी।



# हिमाचल का 'लाल सोना' अब गिरावट की धुंध में लिपटा!

## मंडियों में औंधे मुंह गिरे सेब के भाव, बागवानों की उम्मीदें बेहाल

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो



**शिमला।** हिमाचल की मनोरम वादियों में सेब अपनी रंगत के लिए मशहूर है। दिखने में बेहद चमकीला है साथ में, सोने सी आभा रहता हैं, पर दुर्भाग्य से मंडियों में इनके भाव अब पतझड़ की तरह गिर रहे हैं। पराला, ठियोग, शिलारू, नारकंडा, सोलन, परवाणू और दिल्ली की आजादपुर मंडी तक, जहां तक राज्य का सेब पहुंचता है, वहां का हाल एक-सा है। खरीदार उदास है, भाव बिल्कुल सुस्त है और बागवान अपनी थकी निगाहों में बेचैनी समेटे हुए हैं। मानो सेब नहीं, लाल दुखों का पहाड़ जमा हो।

जानकारी के अनुसार परिवहन लागत आसमान छू रही है, और मंडियों में भाव इतने नीचे खिसक गए हैं कि बागवान के माथे पर पसीना सिर्फ मेहनत का नहीं, बल्कि घाटे की आशंका का भी है। दिल्ली की मंडी में एक बागवान की आवाज गूंजती है, 'हमारे सेब की मिठास दुनिया जानती है, पर आज मंडी में इसका स्वाद भी कड़वा लग रहा है।'

पहाड़ी मंडियों में सुबह से शाम तक गाड़ियों की कतारें, बक्सों का शोर, और भाव पूछते-पूछते लौटते बागवान. परेशान है। मानो किसी अदृश्य बोझ को पीठ पर ढो रहे हों। नारकंडा से लेकर परवाणू तक हर बागवान यही कह रहा है, 'साल भर की मेहनत, मौसम की मार झेलकर उगाया लाल सोना, आज लागत भी पूरी नहीं कर पा रहा।' 'सेब बिकेगा किलो में, कांग्रेस रहेगी दिलों में...' यह नारा देने वाले आजकल छुपे हैं बिलों में। इस पंक्ति का मर्म यही है। कभी जो मंचों पर खड़े होकर किसानों-बागवानों की ताकत बनने का दावा करते थे, आज मंडियों के इस संकट में वे गायब हैं। बागवान के सवाल, उसकी पीड़ा और उसका पसीना, सब अनसुना छोड़कर, राजनीतिक बयानबाजी अब सिर्फ तस्वीरों और भाषणों तक सिमट गई है।

बरहाल हिमाचल का सेब सिर्फ फल नहीं है, यह पहाड़ के पसीने, उम्मीदों और संघर्ष का प्रतीक है। जब इसका मोल घटता है, तो यह सिर्फ एक आर्थिक गिरावट नहीं, बल्कि उन सपनों की भी कीमत गिरा देता है जो बागवान ने हर मौसम, हर बर्फबारी, हर तपिश के बीच संजोए थे। इस साल मंडी का हाल कह रहा है, 'लाल सोना अभी भी लाल है, पर उसकी चमक अब बागवानों की आंखों में नहीं, बस यादों में बची है।'

### बढ़िया क्वालिटी के अच्छे मिल रहे दाम: चौहान

**शिमला** की भट्टाकूफर स्थित ढली मंडी के प्रधान प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि यह सही है कि मंडियों में सेब के भाव इस बार उम्मीद के मुताबिक नहीं हैं। हम जानते हैं कि अच्छे सेब के अच्छे दाम मिलते हैं, और खराब क्वालिटी के सेब के दाम भी खराब ही मिलते हैं। लेकिन इस साल की स्थिति थोड़ी अलग है। उन्होंने आगे कहा कि लगातार हुई भारी बारिश की वजह से सेब की गुणवत्ता पर काफी असर पड़ा है। बागवान मजबूर हैं, क्योंकि उनके पास मौसम की मार से बचने का कोई उपाय नहीं था।

# गगरेट ड्रग तस्करी मामले में पांच पुलिस कर्मियों पर एफआईआर

अनंत ज्ञान टीम, गगरेट

ऊना जिला के गगरेट में ड्रग तस्करी के मामले में स्टेट सीआईडी ने एक और एफआईआर दर्ज की है। इस बार खाकी पर ड्रग तस्करों का साथ देने के दाग लग रहे हैं। स्टेट सीआईडी ने ड्रग तस्करी मामले में महत्वपूर्ण माने जा रहे एक डिजिटल उपकरण से छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस थाना गगरेट के एसएचओ समेत पांच पुलिस कर्मियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

**डिजिटल उपकरण से छेड़छाड़ के गंभीर आरोप**

इस मामले में ड्रग तस्करी के मुख्य सरगना सहित 8 लोग पहल ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। 15 सितंबर 2023 को एएनटीएफ की टीम ने एक अंतर राज्य ड्रग तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गगरेट में नशीली दवाओं का जखीरा पकड़ा था। इस मामले में खुलासा हुआ था कि ड्रग तस्कर ट्रांसपोर्ट कंपनियों के माध्यम से बाहरी राज्यों से नशीली दवाइयां मंगा रहे हैं।

इस बाबत गगरेट पुलिस थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था और पुलिस उस समय कनसाइनमेंट लेने आए दो लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें से एक महासू राम के मोबाइल पर ड्रग तस्करी का किंगपिन विरेंद्र बिंदु व्हाट्सऐप के माध्यम से उसे निर्देशित कर रहा था।

पुलिस ने जब उसके मोबाइल की जांच की तो महासू राम के व्हाट्सऐप पर विरेंद्र बिंदु द्वारा भेजी वह बिल्टी भी बरामद हुई, जिसे दिखाकर कनसाइनमेंट छुड़ानी थी। पुलिस भी इस सुराग को अहम मान रही थी और इसके चलते पुलिस ने महासू राम का मोबाइल जब्त किया था।

इस मामले में पुलिस थाना प्रभारी सन्नी गुलेरिया को 19 सितंबर, 2023 को लाइन हाजिर किया गया था। बाद में जब इस मोबाइल को जांच के लिए एसएफएसएल जुन्गा भेजा गया तो मोबाइल क्रप्ट पाया गया, जिसके बाद जब स्टेट सीआईडी ने इस मामले की अलग से जांच शुरू की तो 23 सितंबर को जिला पुलिस के साइबर सैल के दो पुलिस कर्मी सीसीटीवी फुटेज में आते हुए दिखाई दिए और इस दौरान उन्होंने मोबाइल की जांच के लिए लिया।

इस मामले में स्टेट सीआईडी भराड़ी पुलिस थाना गगरेट के एसएचओ सन्नी गुलेरिया, सब-इंस्पेक्टर अजीत सिंह, एमएचसी रजत, जिला पुलिस के साइबर सैल के पुलिस कर्मी राजन और अनिल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# हिमाचल पथ परिवहन निगम में 202 चालकों की होगी प्रमोशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रबंधन ने डिपो से मांगी सूची**



हिमाचल पथ परिवहन निगम में लंबे समय से रुकी हुई 202 ड्राइवरों की पदोन्नति प्रक्रिया शुरू हो गई है। निगम प्रबंधन ने इन ड्राइवरों को वरिष्ठ चालक के पद पर पदोन्नत करने के लिए सभी डिपो से उनकी सूची मंगवाई है। यह फैसला उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से चालक संघ की बैठक के बाद लिया गया है, जिससे कर्मचारियों में खुशी की लहर है।


जानकारी के अनुसार इस पदोन्नति से उन चालकों को लाभ मिलेगा जिनकी सेवा 20 साल से अधिक हो चुकी है। यह मामला 2019 से अटका हुआ था, जिसके कारण कर्मचारियों में रोष था। चालक संघ के प्रधान मानसिंह ठाकुर ने बताया कि पूरे प्रदेश के चार हजार चालकों में से 202 को पदोन्नति दी जाएगी। फिलहाल, निगम कर्मचारियों से एक शपथ पत्र ले रहा है, जिसमें कुछ शर्तों का उल्लेख है। इसमें यह भी शामिल है कि पदोन्नति के बाद मिलने वाले लाभ तुरंत न देकर कुछ महीनों बाद दिए जाएंगे।

निगम ने अपने कर्मचारियों का मासिक वेतन भी जारी कर दिया है, जो शुक्रवार को उनके खातों में जमा हो गया। हालांकि, निगम की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पाता है। कर्मचारी लगातार हर महीने की पहली तारीख को वेतन जारी करने की मांग कर रहे हैं। प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि व्यवस्था को ठीक किया जा रहा है और अगले महीने से वेतन समय पर देने की कोशिश की जाएगी। हालांकि, अभी तक पेंशनरों को उनकी पेंशन नहीं मिल पाई है।

# नशा रोकने के लिए हिमाचल सरकार ने कसा शिंकजा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**नशे की रोकथाम के लिए ई-वे बिल और समितियों का गठन**



हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में बढ़ते नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में, सरकार ने मादक दवाओं की ट्रैकिंग के लिए अलग ई-वे बिल की मांग की है और दवा कंपनियों की निगरानी के लिए नई समितियां गठित कर रही है। सरकार का उद्देश्य अवैध मादक पदार्थों की आपूर्ति शृंखला को तोड़ना है।

राज्य सरकार ने जानकारी दी है कि जल्द ही उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) की अध्यक्षता में एक विशेष समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति में आबकारी विभाग, पुलिस और औषधि नियंत्रण प्राधिकरण के अधिकारी शामिल होंगे। इस समिति का मुख्य काम उन दवा कंपनियों पर नजर रखना है जो मादक पदार्थों का कारोबार करती हैं। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि ये कंपनियां नियमों का पालन करें और दवाएं अवैध रूप से बाहर न जाएं।

ट्रेसेबिलिटी को बेहतर बनाने के लिए, राज्य सरकार ने जीएसटी परिषद से औपचारिक तौर पर संपर्क किया है। सरकार ने विशेष रूप से मादक दवाओं और मनोप्रभावी पदार्थों के लिए एक समर्पित ई-वे बिल व्यवस्था शुरू करने की मांग की है। इस कदम से इन पदार्थों की आवाजाही पर वास्तविक समय पर निगरानी संभव हो पाएगी, जिससे हर स्तर पर नियंत्रण और भी कड़ा हो जाएगा। इसके अलावा, राज्य कर एवं उत्पाद शुल्क विभाग ने लाइसेंस धारकों के लिए मादक दवाओं के स्टॉक पर मात्रा संबंधी प्रतिबंध भी लगाए हैं।

### कानूनी ढांचे में संशोधन और जन जागरूकता अभियान होगा शुरू

**सरकार** केवल निगरानी तक ही सीमित नहीं है। बताया गया कि प्रदेश सरकार मादक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) नियम, 1989 में संशोधन कर रही है और एकीकृत मादक द्रव्य निवारण नीति को भी अपडेट कर रही है। ये बदलाव राज्य में मादक द्रव्य नियंत्रण के लिए कानूनी और प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करेंगे। जमीनी स्तर पर प्रवर्तन को प्रभावी बनाने और लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए, जिला स्तरीय समितियां भी बनाई गई हैं। ये समितियां कानूनों को लागू करेंगी और युवाओं को लक्षित करते हुए जागरूकता अभियान चलाएंगी।

### सीएम का संकल्प, 'नशे से मुक्त होगा हिमाचल'

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने इस पहल के पीछे सरकार की सोच को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ कानूनों और नियमों की नहीं है, बल्कि जिंदगी बचाने और हमारी आने वाली पीढ़ियों की रक्षा की है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार निर्णायक और बिना किसी समझौते के काम करेगी और राज्य की जनता के सहयोग से 'नशे की गिरफ्त से मुक्त हिमाचल' का निर्माण करेगी।

# जयराम ने प्रदेश में भारी बारिश पर जताई चिंता

अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला



जयराम ठाकुर शिमला स्थित अपने आधिकारिक सरकारी निवास में रक्षाबंधन का त्योहार मनाते हुए।

हिमाचल में प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने शनिवार को शिमला में अपने आधिकारिक निवास पर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों को भाई-बहन के इस पवित्र त्योहार की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही, उन्होंने पिछले 48 घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश से हिमाचल प्रदेश में उत्पन्न हुए गंभीर हालात पर चिंता व्यक्त की और सरकार से आपदा प्रभावितों के साथ-साथ प्रदेश में फंसे हुए पर्यटकों का भी विशेष ध्यान रखने की अपील की।

**रक्षाबंधन के पर्व की प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं**

अपने निवास पर बहनों से राखी बंधवाने के बाद, जयराम ठाकुर ने सभी प्रदेशवासियों के सुखद और मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि यह त्योहार भाई-बहन के बीच के अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां और सद्भाव लेकर आएगा।

जयराम ने प्रदेश में बारिश के कारण पैदा हुई स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश से चंडीगढ़-मनाली हाईवे कई जगहों पर बंद हो गया है, जबकि कुल्लू और बिलासपुर जिले में भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने याद दिलाया कि इससे पहले भी हुई बारिश से ऊना समेत कई अन्य जिलों में भारी क्षति हुई थी, जिससे बड़ी संख्या में लोग पहले से ही मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। वर्तमान बारिश ने इन हालातों को और भी चिंताजनक बना दिया है।

### सरकार और प्रशासन से तत्काल मदद की मांग

**नेता** प्रतिपक्ष ने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया कि वे आपदा प्रभावित लोगों तक तत्काल मदद पहुंचाएं और यह सुनिश्चित करें कि पर्यटकों को भी किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में सभी की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने प्रदेशवासियों और पर्यटकों से भी अपील की कि वे बारिश के इस मौसम में सावधानी बरतें और प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें।

# कोटखाई में सेब खरीद पर विवाद, क्रेट्स की कमी से बागवान परेशान: बरागटा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**सरकार और एचपीएमसी पर लगा मनमानी का आरोप, बोरियों में सेब लेने की मांग**



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कोटखाई क्षेत्र में सेब खरीद की व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पर्याप्त क्रेट्स उपलब्ध न होने के कारण बागवानों का सेब गोदामों में सड़ रहा है। बरागटा ने सरकार और एचपीएमसी पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि बागवानों को यह स्वतंत्रता मिलनी चाहिए कि वे अपना सेब क्रेट्स में दें या बोरियों में।

बरागटा ने बताया कि यह हैरान करने वाली बात है कि हर साल सेब बोरियों में लिया जाता था, लेकिन इस बार सरकार ने अचानक कुछ स्थानों पर क्रेट्स में सेब लेना शुरू कर दिया।

उन्होंने इसे बागवानों पर थोपा गया एक फरमान बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि बागवानों को भारी आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके और उनकी फसल सुरक्षित रहे।

### शिक्षा मंत्री सोए कुंभकरणी नींद

**भाजपा** प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री को बागवानों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले में तुरंत ध्यान देकर समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह किया, ताकि बागवानों की मेहनत और फसल दोनों को बचाया जा सके।

# पंडोह डैम हादसे में प्रोफेसरों पर चलेगा मुकदमा: हाईकोर्ट

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने वर्ष 2014 के पंडोह डैम हादसे में तीन प्रोफेसरों की याचिका खारिज कर दी है। इस हादसे में हैदराबाद के वीएनआर विग्नाना ज्योति इंजीनियरिंग कॉलेज के 25 छात्रों की मौत हो गई थी। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद अब इन तीन प्रोफेसरों के खिलाफ आपराधिक लापरवाही के आरोपों के तहत निचली अदालत में मुकदमा चलेगा। यह मामला 8 जून 2014 का है जब कॉलेज के 48 छात्रों का एक दल शिमला से मनाली जा रहा था। शाम के समय, मंडी जिले के थलौट स्थित पंडोह डैम के पास, कुछ छात्र ब्यास नदी के किनारे तस्वीरें लेने चले गए थे। उस समय नदी में पानी का स्तर काफी कम था, लेकिन अचानक लारजी डैम से बिना किसी पूर्व चेतावनी के पानी छोड़ दिया गया। पानी का बहाव इतना तेज़ था कि 25 छात्र और एक टूर मैनेजर नदी में बह गए। बाद में पंडोह डैम क्षेत्र और अन्य जगहों से उनके शव बरामद किए गए थे।

# हिमाचल में बारिश का कहर: 362 सड़कें बंद, 4 दिन का ऑरेंज अलर्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जन-जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। राज्य में भूस्खलन के कारण 362 सड़कें बंद हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, खासकर सेब सीजन के बीच फलों और सब्जियों को मंडियों तक पहुंचाना मुश्किल हो गया है।

**मानसून में अब तक 219 लोगों की मौत, लाखों का नुकसान**

सबसे ज्यादा प्रभावित मंडी और कुल्लू जिले हैं, जहां क्रमश: 220 और 91 सड़कें बंद हैं। इसके अलावा, राज्य में 613 बिजली ट्रांसफार्मर और 520 जल आपूर्ति योजनाएं भी ठप हैं। चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के कारण वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिए भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

जानकारी के अनुसार इस मानसून सीजन 20 जून से 9 अगस्त तक में अब तक 219 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 37 लोग अभी भी लापता हैं। विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूस्खलन, बाढ़ और बादल फटने से 2,324 कच्चे-पक्के घर और दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं। 1,932 गौशालाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं और 1,591 पालतू पशुओं की जान गई है। राज्य को इस मानसून में अब तक 1,98,881 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# कोर्ट मैनेजर को सचिवालय वेतन भत्ता न देने पर राज्य सरकार को नोटिस जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर कोर्ट मैनेजर को सचिवालय वेतन भत्ता न देने पर जवाब मांगा है। यह याचिका नीरज शर्मा नामक कोर्ट मैनेजर ने दायर की थी। शर्मा ने तर्क दिया है कि उन्हें नियमित किए जाने के बाद भी सचिवालय वेतन भत्ता नहीं दिया जा रहा है, जबकि इसी अधिसूचना के तहत न्यायिक अधिकारियों और सचिवालय के अन्य कर्मचारियों को यह लाभ मिल रहा है। मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और न्यायमूर्ति रंजन शर्मा की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है।

कोर्ट ने प्रतिवादी संख्या 2 को 22 सितंबर, 2025 तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह कदम हिमाचल प्रदेश सरकार के लिए एक कानूनी चुनौती है, क्योंकि यह एक ही नियम के तहत कर्मचारियों के बीच असमानता का मामला है।

# सीएम सुक्खू को तिब्बती और ब्रह्मकुमारी बहनों ने बांधी राखी



सीएम सुक्खू को रक्षा सूत्र बांधती तिब्बती समुदाय की महिलाएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को तिब्बती समुदाय की बहनों ने भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक रक्षा-सूत्र बांधा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पवित्र धागा भाई-बहन के बीच विश्वास का पुल है, जो रिश्ते को समय के साथ-साथ और गहरा करता है। उन्होंने तिब्बती बहनों के इस स्नेह के महत्व को भी रेखांकित किया।

इसी कड़ी में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शनिवार को ब्रह्मकुमारी बहनों ने भी मुख्यमंत्री सुक्खू को रक्षा-सूत्र बांधा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि रक्षाबंधन हमें आपसी भाईचारे और परस्पर स्नेह के बंधन को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी ब्रह्मकुमारी बहनों का आभार व्यक्त किया और उन्हें रक्षाबंधन की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं।

**आरएसएस का शताब्दी वर्ष** उत्सव नहीं, बल्कि व्यापक राष्ट्रीय-सामाजिक परिवर्तन अभियान

# एक वर्ष का राष्ट्रीय-सामाजिक अभियान परिवर्तन 2 अक्तूबर से

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) 2 अक्तूबर 2025 से 2 अक्तूबर 2026 तक अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है, जिसे केवल एक उत्सव नहीं बल्कि व्यापक राष्ट्रीय-सामाजिक परिवर्तन अभियान के रूप में देखा जा रहा है। इसकी औपचारिक शुरुआत नागपुर में विजयादशमी उत्सव के साथ होगी, जहां सरसंघचालक का वार्षिक संबोधन और शाखा-स्तरीय गणवेश कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**हर गांव, हर बस्ती, घर-घर अभियान:** नवंबर 2025 से जनवरी 2026 तक तीन सप्ताह का विशेष अभियान चलेगा, जिसमें स्वयंसेवक हर घर जाकर संघ साहित्य वितरित करेंगे, 'पंच परिवर्तन' का संदेश देंगे और व्यक्तिगत संवाद स्थापित करेंगे। इस दौरान लाखों परिवारों से सीधा जुड़ाव बनाने का लक्ष्य है।

### प्रमुख नागरिक संवाद (नागरिक गोष्ठी)

**देश** के 924 जिलों में प्रमुख नागरिक गोष्ठियों का आयोजन होगा, जिनमें बुद्धिजीवी, समाजसेवी, शिक्षाविद और राजनीतिक हस्तियां शामिल होंगी। विषय होंगे- राष्ट्रहित, हिंदुत्व, पंच परिवर्तन और आधुनिक सामाजिक विमर्श।

### हिंदू सम्मेलन और सामाजिक सद्भाव बैठकें

**राष्ट्रीय** स्तर पर 1,03,000 से अधिक हिंदू सम्मेलनों का आयोजन मंडल और बस्ती स्तर पर होगा, जिनमें जातीय भेदभाव को मिटाने, सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता पर विचार-विमर्श होगा। इसके साथ ही जिला और खंड स्तर पर 'सामाजिक सद्भाव बैठकें' आयोजित की जाएंगी, ताकि दैनिक जीवन में सौहार्द और सहयोग का वातावरण बन सके।

### युवा कार्यक्रम और प्रशिक्षण वर्ग

**15** से 30 वर्ष के युवाओं के लिए विशेष शिविर, कार्यशालाएं और प्रशिक्षण वर्ग होंगे। मार्च-जून 2025 में 28,571 युवाओं ने 'ज्वाइन आरएसएस' प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कराया। अब तक 100 प्रशिक्षण वर्ग आयोजित हो चुके हैं-75 युवा वर्ग (<40 वर्ष) और 25 वरिष्ठ वर्ग (40-60 वर्ष)। इनका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र निर्माण और सेवा भावना को मजबूत करना है।

**संगठन विस्तार व नरेटिव निर्माण**

**मार्च** 2025 तक शाखाओं की संख्या बढ़कर 83,129 हो गई है, जो 2024 में 73,117 थी। लक्ष्य 2025 के अंत तक एक लाख शाखाएं स्थापित करने का है। 'विमर्श' नामक विशेष तंत्र सोशल मीडिया और मुख्यधारा में सकारात्मक नरेटिव तैयार करेगा और गलतफहमियों व अफवाहों का जवाब देगा।

### सांस्कृतिक पहल और निष्कर्ष

**शताब्दी** वर्ष के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 'संगद्ध गंगा के तीन भगीरथ' नाटक विशेष आकर्षण रहेगा, जिसमें डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, माधव सदाशिवराव गोलवलकर और बालासाहेब देवरस के जीवन और योगदान को मंच पर जीवंत किया जाएगा। इस नाटक का मंचन महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में किया जाएगा। वहीं, आरएसएस का शताब्दी वर्ष केवल अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने का उत्सव नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग से सीधा जुड़ने, एकता व सौहार्द बढ़ाने और संगठन के विस्तार का सुनियोजित प्रयास है। पंच परिवर्तन के माध्यम से यह पहल देश के सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में दीर्घकालिक असर छोड़ने की तैयारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### अरुण गुप्ता ने भाजपा का थामा दामन



**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के धीरा निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अरुण गुप्ता ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने अरुण गुप्ता को पार्टी का पटका पहनाकर और तिलक लगाकर भाजपा की सदस्यता दिलवाई और पार्टी में उनका स्वागत किया। परमार ने कहा कि भाजपा में अरुण गुप्ता का स्वागत है। इस अवसर पर संगठनात्मक जिला पालमपुर भाजपा प्रवक्ता अरुण राणा ने कहा कि कांग्रेस के नेता और नीतियों से व्यथित कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा के संपर्क में हैं। इस अवसर पर अरुण राणा, मनोज शर्मा, ऋषि कायस्था, देवेंद्र परमार, अनिल ठाकुर, जोगिंदर कपूर, शिव चरण चौधरी आदि भी उपस्थित थे।

### बहनों ने मांगी भाइयों की लंबी उम्र की दुआ



**गरली सालबिया, अनंत ज्ञान, शर्मा।** शनिवार को नैहरनपुखर, ढलियारा, गरली, डाडाशीबा और आसपास के क्षेत्रों में भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पूरे उल्लास से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र की कामना की। करियाडा के नाग मंदिर के प्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया की बहनों सलोचना देवी और इच्छिया देवी ने रक्षाबंधन को भाई-बहन के रिश्ते की असली पहचान बताया।

### भाषण प्रतियोगिता में तनु ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** थुरल। महाराजा संसार चंद मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय थुरल में नवगठित सामाजिक विज्ञान संस्था द्वारा 8 और 9 अगस्त को भारत छोड़ो



आंदोलन की वर्षगांठ पर दो दिवसीय सेमिनार, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. राका शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने युवाओं से आजादी के बाद भारत निर्माण में सक्रिय भागीदारी की अपील की। भाषण प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की तनु ने प्रथम, तमन्ना ने द्वितीय, और रजनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी में दिव्यांश प्रथम, अनमोल द्वितीय और सुजल तृतीय रहे।

### अंचल कार्यकर्ताओं ने पुलिस जवानों को बांधी राखी



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** अंचल संचो के कार्यकर्ताओं ने पंचरुखी पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया।


# सकोह सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के एप्रोच पाथ का डंगा डैमेज

## प्लांट का संचालन शुरू होने में लगेगा एक माह का समय, एफएसएसएम तकनीक आधारित प्रदेश का पहला प्लांट है

- स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत करीब 11 करोड़ से हुआ निर्माण

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के समीप सकोह स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के एप्रोच पाथ का डंगा बरसात में डैमेज हो गया है। ऐसे में इसका संचालन शुरू होने में अभी एक माह का समय और लग सकता है। हालांकि, विभाग का प्रयास था कि अगस्त के मध्य में इसे शुरू कर दिया जाए, लेकिन बरसात में डंगा डैमेज होने से अब इसमें 15 दिन से एक माह का विलंब हो सकता है। फेजल स्लज एंड सेप्टेज मैनेजमेंट (एफएसएसएम) तकनीक आधारित यह प्रदेश का पहला सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट है, जिसका निर्माण स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत करीब 11 करोड़ रुपए की लागत



जिला मुख्यालय धर्मशाला के समीप सकोह स्थित निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट।

से किया गया है। जानकारी के अनुसार, जल शक्ति विभाग का प्रयास था कि इस प्लांट को 15 से 20 दिन में शुरू कर दिया जाए, लेकिन डंगा डैमेज होने से अभी लोगों को इसका संचालन शुरू होने के लिए इंतजार करना होगा। गौरतलब है कि भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय के तहत जिन शहरों के वार्डों में सीवरेज योजना कनेक्टेड नहीं है, उनमें एफएसएसएम योजना के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जा रहे हैं। हिमाचल में पहला सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट धर्मशाला के सकोह में बन रहा है।

> **सीवरेज** ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य पूरा हो चुका है, जिसे जल्द चालू किया जाना था, लेकिन बरसात में प्लांट के लिए बनाए गए एप्रोच पाथ का डंगा डैमेज हो गया है। डंगे को रिस्टोर करना भी चुनौती है, जिस पर कार्य किया जा रहा है। प्लांट पूरी तरह से ठीक है, जबकि एप्रोच पाथ डैमेज हुई है। नगर निगम के जिन वार्डों में सीवरेज सुविधा नहीं है, उन वार्डों में लोगों के घरों से सीवरेज को ट्रैक्टर के माध्यम से ले जाकर प्लांट में ट्रीट किया जाएगा। हिमाचल में पायलट परियोजना के तहत यह पहला प्रोजेक्ट है, जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में भी इस तरह के प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है।
>
> 
>
> **-दीपक गर्ग, मुख्य अभियंता, जल शक्ति विभाग धर्मशाला जोन**

### ट्रैक्टर से ट्रीटमेंट प्लांट तक लाई जाएगी सीवरेज

**नगर** निगम के वार्ड 9 और 11 से 17 तक में सीवरेज की सुविधा नहीं है, जिसके लिए योजना बनाकर फंड स्वीकृति के लिए भेजी गई है, जिसमें अभी तक फंडस प्राप्त नहीं हुए हैं, जिसके चलते जिन वार्डों में सीवरेज सुविधा नहीं है, उन वार्डों में लोगों के घरों से सीवरेज को ट्रैक्टर के माध्यम से ले जाकर सकोह स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में लाकर ट्रीट किया जाएगा। हिमाचल में पायलट परियोजना के तहत यह पहला प्रोजेक्ट है, जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में भी इस तरह के प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है। विभाग का प्रयास है कि अगस्त माह के अंत या सितंबर माह में इस प्लांट को शुरू किया जा सके।

# एमबीए चतुर्थ सत्र के परिणाम में छाया डीएवी कॉलेज कांगड़ा

## मेरिट में 13 में से 12 स्थानों पर कब्जा कर बढ़ाई कॉलेज की गरिमा

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित एमबीए चतुर्थ सत्र के परीक्षा परिणाम में एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेरिट सूची में 13 में से 12 शीर्ष स्थान हासिल कर कॉलेज की गरिमा बढ़ाई है। इस सूची में साहिल राणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तनुजा चौधरी ने दूसरा स्थान, निकिता शर्मा और जया चौधरी ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।

इसके अलावा स्माइल डोगरा चौथे, आकृति पांचवें, कीर्ति ठाकुर और नेहा छठे, प्रांजल और शगुन धीमान सातवें, ईशा आठवें तथा अनिल कुमार दसवें स्थान पर रहे। सभी विद्यार्थियों ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और



गुरुजनों को दिया है। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने छात्रों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस बार भी हमारे कॉलेज के विद्यार्थी विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में शीर्ष स्थान हासिल कर कॉलेज को गौरवान्वित कर रहे हैं। प्रधानाचार्य ने इस सफलता के लिए छात्रों के साथ-साथ अध्यापकों की भी मेहनत और योगदान की प्रशंसा की और उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि से कॉलेज की प्रतिष्ठा और शिक्षा गुणवत्ता को नई ऊंचाई मिली है।

# रैत में पुलिया से गिरने से व्यक्ति की गई जान

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पठानकोट-मंडी फोरलेन निर्माण कार्य में लापरवाही एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के रैत में फोरलेन कंपनी की अनदेखी के चलते रविंद्र कुमार (52) पुत्र चानू राम की नोशैहरा गांव की पुलिया से गिरकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविंद्र कुमार शुक्रवार रात आठ बजे के बाद रैत से अपने गांव नोशैहरा लौट रहे थे। रास्ते में निर्माणाधीन पुलिया की भराई न होने के कारण वैकल्पिक रास्ते के रूप में एक फट्टा रखा गया था, जिससे गुजरते समय उनका पैर फिसल गया और वह पुलिया से नीचे गिर गए। परिजनों ने देर रात तक उनकी तलाश की, लेकिन शनिवार सुबह उनकी लाश पुलिया के नीचे मिली। मृतक के बेटे दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिया की भराई को लेकर कंपनी को कई बार चेताया गया था, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने फोरलेन कंपनी की लापरवाही को मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए हाईवे जाम करने की चेतावनी दी है। पुलिस थाना शाहपुर के प्रभारी कृपाल सिंह ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

### पठानिया ने दिया हरसंभव सहायता का आश्वासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर के रैत में फोरलेन निर्माण कंपनी की लापरवाही से हुई रविंद्र कुमार (52) की मौत पर उप मुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने गहरा दुख जताया। उन्होंने दिवंगत की आत्मा की शांति की प्रार्थना की और परिवार को इस कठिन समय में सहनशीलता रखने की ताकत दी। विधायक ने परिवार को हरसंभव सहायता देने और फोरलेन कंपनी से मुआवजे की व्यवस्था करवाने के निर्देश प्रशासन को दिए। मौके का कर मुआयना भी जल्द करने को कहा गया है।

### बलाहरा के शिक्षक ने लोगों के सहयोग से स्कूल के बरामदे में डलवाई टाइलें



स्कूल के बरामदे में टाइलें डलवाते अध्यापक राकेश।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** शिक्षा खंड थुरल के तहत नाहलिया पंचायत के अधीन आने वाले शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा के अध्यापक राकेश राणा ने छुट्टियों में लोगों के सहयोग से स्कूल के बरामदे में टाइलें डलवाकर एक मिसाल पेश की है।

राणा ने कहा कि बरवाला से जितेंद्र कुमार ने सीमेंट के बैग और स्कूल में कार्यरत संदेशवाहक समया देवी ने टाइलें मेरे अनुरोध पर दान की हैं, जिसके लिए स्कूल प्रबंधन आभारी रहेगा, जबकि मिस्त्री और मजदूर का खर्चा उन्होंने अपनी जेब से दिया है। कार्यवाहक मुख्य अध्यापक संजीव कुमार और स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान सीमा देवी और अभिभावकों ने इस कार्य के लिए सभी सज्जनों का आभार प्रकट किया है।

### भदरोया में अवैध खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई

# पुलिस ने एक जेसीबी और 3 ट्रैक्टर किए जब्त



पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरू की आगामी कार्रवाई।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा अवैध खनन के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत थाना डमटाल के अंतर्गत भदरोया गांव में अवैध खनन माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक जेसीबी मशीन तथा तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी बलराम सिंह, सुनील कुमार, सौरभ चौधरी तथा मुरीद अली पुत्र मक्खन दीन के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसकी पुष्टि डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने की है।

गौरतलब है कि वर्ष 2025 में अब तक नूरपुर पुलिस द्वारा अवैध खनन के 14 मामले दर्ज किए जा चुके हैं, 32 वाहन जब्त हुए हैं तथा 469 चालान किए गए हैं। अब तक कुल 38.92 लाख रुपए जुर्माना वसूला जा चुका है। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### सामुदायिक विज्ञान कॉलेज में मनाया विश्व स्तनपान सप्ताह

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रदेश चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के खाद्य विज्ञान, पोषण एवं प्रौद्योगिकी विभाग में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन का उद्देश्य शिशुओं और माताओं के लिए स्तनपान के अनेक लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने कहा कि स्तनपान प्रकृति का पहला उपहार है और यह आजीवन स्वास्थ्य की नींव है। उन्होंने स्तनपान पर जागरूकता बढ़ाने के माध्यम से स्वस्थ पीढ़ी के निर्माण पर जोर दिया। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. चंद्रकांता वत्स ने संकाय के प्रयासों की सराहना की और ऐसी पहलों की आवश्यकता पर बल दिया जो समाज के कल्याण में सहायक हों। कार्यक्रम में स्तनपान को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, शारीरिक व संज्ञानात्मक विकास में सहायक और मातृ-शिशु संबंध को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण अभ्यास बताया गया।

### केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर में पंचतीर्थ जलस्रोत में वैदिक अनुष्ठान संपन्न

# छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आचार्यों ने कालेश्वर महादेव में लगाई आस्था की डुबकी



आचार्यों व विद्वानों ने शिव तपोभूमि कालेश्वर महादेव स्थित पंचतीर्थ पवित्र जलस्रोत में डुबकी लगाई।

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर गरली में आचार्यों व विद्वानों ने शनिवार को परिसर के कल्याण और छात्रों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना के लिए शिव तपोभूमि कालेश्वर महादेव स्थित पंचतीर्थ पवित्र जलस्रोत में वैदिक रीति से डुबकी लगाई।

इस अवसर पर परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी और सह-निदेशक प्रो. मुनाथ एसजी सहित कई आचार्य व छात्र श्रद्धा भाव से उपस्थित रहे। ज्योतिष विषय के प्रकांड विद्वान एवं सहायकाचार्य डॉ. शैलेश कुमार तिवारी के संयोजकत्व में श्रावणी उपाकर्म की विधि अनुसार दशविध स्नान, देव-ऋषि-मनुष्य-पितृतर्पण, सप्तऋषि पूजन और मध्याह्न संध्या उपासन जैसे वैदिक कर्मकांड संपन्न किए गए। डॉ. तिवारी ने बताया कि यह अनुष्ठान न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि इससे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और ज्ञान के प्रति गहरी निष्ठा का वातावरण निर्मित होता है। आचार्यों ने सामूहिक रूप से जल में स्नान कर छात्रों के उज्जवल भविष्य और सफलता की कामना की। इस अवसर पर कई विद्वान और छात्र भी उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार और पवित्र जल की छुअन से परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। आचार्यों ने कहा कि अनुष्ठान परंपराओं को जीवित रखने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

# कुख्यात महिला तस्कर 3 महीने के लिए नजरबंद

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

- तस्कर कल्पना की संपत्ति भी होगी जब्त

जिला पुलिस नूरपुर की ओर से नशा तस्करों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में नूरपुर पुलिस ने कुख्यात महिला नशा तस्कर कल्पना उर्फ कप्प को फिर से पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन महीने के लिए निरुद्ध (नजरबंद) कर दिया है। कल्पना तमौता, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा की रहने वाली है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार कल्पना के खिलाफ नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। नजरबंद करने के बाद पुलिस अब उसकी संपत्ति की जांच करेगी। बार-बार गिरफ्तार होने के बावजूद वह इस धंधे में सक्रिय रही है। 15 सितंबर 2024 को पुलिस थाना इंदौरा ने गांव तमौता स्थित कल्पना के घर पर छापेमारी की थी। इस दौरान उसके पास से 8.40 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ था। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि उसके खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। 12 नवंबर 2017 को उसके पास से 1.366 किलो पोपी स्ट्रॉ (भुक्की) बरामद हुई थी। 29 जून 2019 को 2.01 ग्राम हेरोइन, 6 मई 2021 को 6.75 ग्राम हेरोइन और 11 फरवरी 2024 को 7.88 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी। इसके अलावा 9 जून 2025 को पंजाब के मकेरियन में उसके पास से 15 नशीले इंजेक्शन भी बरामद किए गए थे। आरोपिता की लगातार अपराधों में संलिप्तता को देखते हुए जिला पुलिस नूरपुर ने गृह सचिव को प्रस्ताव भेजा। इस पर कार्रवाई करते हुए प्रदेश सरकार के गृह सचिव ने कल्पना के खिलाफ निरुद्ध आदेश जारी किए। 11 जून 2025 को उसे हिरासत में लिया गया। नशा तस्करी के कई आरोपों में संलिप्त कल्पना पर पीआईटी के तहत उसकी संपत्ति जब्त की जाएगी।

**कामयाबी** 42 विद्यार्थियों का मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस के लिए चयन लगभग सुनिश्चित

# नीट चयन सूची में मिनर्वा संस्थान का दबदबा

- स्टेट टॉपर आरव ठाकुर को एमसीसी काउंसिलिंग में एम्स मिलना तय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**अटल** आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गई प्रोविजनल सिलेक्शन लिस्ट में मिनर्वा कोचिंग संस्थान घुमारवीं के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दबदबा बनाया है और संस्थान और व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सूची के अनुसार संस्थान के लगभग 42 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस के लिए लगभग सुनिश्चित माना जा रहा है।

प्रदेशभर में नीट (यूजी) परीक्षा में 700 में से 619 अंक प्राप्त कर टॉप करने वाले आरव ठाकुर का चयन आईजीएमसी शिमला में हुआ है। हालांकि मुख्य प्रबंधक राकेश चंदेल के अनुसार




अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय की ओर से जारी प्रोविजनल सिलेक्शन लिस्ट में मिनर्वा कोचिंग संस्थान घुमारवीं के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

आरव को एमसीसी काउंसलिंग में एम्स मिलने की पूरी संभावना है। मिनर्वा संस्थान से चयनित अन्य होनहारों में अदित्य, नेहा कुमारी, बृंदा शर्मा, अंशुल चौहान, अमीनेश और धैर्य अजय शर्मा का चयन भी आईजीएमसी शिमला में हुआ है। प्राची कौशल, तन्मय शर्मा, प्रज्ञा सिंह, तेंजिन जेंगछुक और प्रतिभा ठाकुर को आरपीजीएमसी टांडा में स्थान मिला है। इसी तरह प्रांजल राणा, पंचम शर्मा, अंशुल ठाकुर और सुलक्ष कुमार को एसएलबीएसजीएमसी नेरचौक जिला मंडी, जबकि अक्षित शर्मा, निष्ठा शर्मा, शिवांश राजपूत, अन्नय धर्माणी और अनुष्क का चयन वाईएसपीजीएमसी नाहन जिला सिरमौर में हुआ है। आर्यन वर्मा, मुस्कान ठाकुर, श्रेया सोनी, शौर्य मेहान, कामाक्षी, सुजैन रावल और ईशिता कुमारी को आरकेजीएमसी हमीरपुर में चयन हुआ है।

शिवांशी शर्मा, अभिरूची, अदिति शर्मा, अदिति ठाकुर, सेजल और यशस्वी शर्मा को जेएलएन जीएमसी चंबा में एमबीबीएस के लिए स्थान मिला है। संस्थान के संस्थापक परवेश चंदेल और मुख्य प्रबंधक राकेश चंदेल ने चयनित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने विश्वास जताया कि दूसरे राउंड में भी और विद्यार्थियों का चयन होगा, जिससे संस्थान की सफलता का क्रम आगे बढ़ेगा।

# बीएसएनएल के आजादी प्लान ने मचाया धमाल, एक रुपए की सिम की भारी डिमांड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**आजादी** माह के अंतर्गत, हाल ही में बीएसएनएल द्वारा एक रुपए के रिचार्ज पर जारी आजादी प्लान को मोबाइल उपभोक्ताओं ने हाथों-हाथ ले लिया है, जिसके उपरांत बीएसएनएल ने 31 अगस्त तक रविवार को भी धर्मशाला व्यापारिक क्षेत्र (जिला कांगड़ा व चंबा) के सभी ग्राहक सेवा केंद्रों को खुला रखने का निर्णय लिया है। बीएसएनएल के वरिष्ठ महाप्रबंधक, विपिन कुमार मौर्या के अनुसार बीएसएनएल ने आजादी माह के मद्देनजर दिनांक 1 अगस्त से 31 अगस्त तक आजादी प्लान जारी किया है, जिसके अंतर्गत उपभोक्ता को 1 रुपए में नया प्रीपेड सिम, 2 जीबी डाटा प्रतिदिन, अनलिमिटेड कॉलिंग के साथ-2 नेशनल रोमिंग एवं 100 एसएमएस प्रतिदिन एक माह के लिए उपलब्ध रहेगा। बीएसएनएल ने उक्त प्लान उन




- निगम को रविवार को खुले रखने पड़े ग्राहक सेवा केंद्र

मोबाइल उपभोक्ताओं के लिए भी जारी किया है, जो किसी अन्य सेवा प्रदाता से बीएसएनएल में पोर्ट करते हैं। उपभोक्ता 1 अगस्त से 31 अगस्त के बीच कभी भी इस प्लान के तहत नया सिम प्राप्त कर सकते हैं तथा एक माह के लिए निशुल्क सेवाओं का लाभ ले सकते हैं।

### आजादी प्लान से जुड़े छह हजार उपभोक्ता

**वरिष्ठ** महाप्रबंधक ने बताया कि बीएसएनएल ने धर्मशाला व्यापारिक क्षेत्र (जिला कांगड़ा व चंबा) में 6 हजार से अधिक नए उपभोक्ता जोड़ लिए हैं, जिन्होंने आजादी प्लान के माध्यम से बीएसएनएल में पदार्पण किया है। आजादी प्लान की भारी मांग के चलते जिला कांगड़ा एवं चंबा के सभी ग्राहक केंद्रों को रविवार को भी खुले रखने का निर्णय लिया गया है।



उल्लेखनीय है कि इस आकर्षक प्लान के जारी होते ही उपभोक्ताओं ने इसे हाथों-हाथ ले लिया है और माह के प्रथम चरण में ही आजादी-प्लान उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन गया है।

# धर्मशाला में बेसहारा छोड़े पशु तो जुर्माने के साथ होगी एफआईआर

## पशुओं को गोसदन भेजने के लिए नगर निगम की लेनी होगी स्वीकृति

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** धर्मशाला में पशुओं को बेसहारा छोड़ने पर जुर्माने के साथ अब पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर भी दर्ज होगी। यदि कोई शहरवासी अपने पशु को गोसदन भेजना चाहता है तो इसके लिए निगम के समक्ष आवेदन कर स्वीकृति लेनी होगी।

स्वीकृति मिलने पर निगम की टीम पशु को उसके मालिक के घर से उठाकर गोसदन पहुंचाएगी। इसकी एवज में पशु मालिक को प्रति वर्ष तीन हजार रुपए देने होंगे। नगर निगम ने धर्मशाला शहर को बेसहारा पशु मुक्त शहर बनाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है, जिसके

**निगम की टीम घर से उठाएगी पशु, प्रति पशु लिए जाएंगे 3 हजार**

लिए निगम प्रशासन प्रदेश हाईकोर्ट के दिशानिर्देशों की पालना करते हुए कार्य कर रहा है। निगम प्रशासन की मानें तो लोग पशुओं को बेसहारा न छोड़ें, उसके लिए पहले जागरूकता अभियान चलाया जा चुका है, जबकि अब ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि बेसहारा पशुओं की वजह से कई तरह की परेशानियां पेश आती हैं। सड़क दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। यही नहीं शहर में सीसीटीवी कैमरा लगे हुए हैं और इंटेग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर यानी आईसीसीसी के जरिए अपने पशुओं को बिना अनुमति छोड़ने वालों की फीडबैक ली जा रही है। पशुओं को बेसहारा छोड़ने वालों पर कार्रवाई के लिए नगर निगम ने टीम बनाई है, वाहन की व्यवस्था की है, एक कंट्रोल रूम बनाया है, इसके अतिरिक्त इंटेग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) का भी प्रयोग किया जाएगा। इसके अलावा टैग लगे पशुओं को कोई बिना अनुमति बेसहारा छोड़ता है तो उनके खिलाफ नगर निगम कार्रवाई करेगा।

> **नगर** निगम धर्मशाला को बेसहारा पशु फ्री बनाने की दिशा में निगम ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। निगम एरिया में अपने पशुओं को बेसहारा छोड़ने वालों पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इस बारे शहरवासियों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा था, लेकिन अब नगर निगम एक्शन लेगा और यदि कोई वाहन या व्यक्ति पशुओं को बेसहारा छोड़ते हुए पाया गया तो उनके खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।
>
> **-जफर इकबाल, कमिशनर, नगर निगम धर्मशाला।**

## चंबुआ के समीप पौंग झील में डूबा बुजुर्ग, मौत



**अनंत ज्ञान, जवाली।** उपमंडल जवाली के तहत पड़ती पंचायत झोंका रतियाल के चंबुआ के समीप पौंग झील में स्थानीय एक बुजुर्ग की डूबने कारण मौत होने की जानकारी मिली है। पंचायत प्रधान लेखराज ने बताया कि उनकी पंचायत के उपप्रधान के पिता करीब 80 वर्षीय उत्तम चंद रोजमर्रा की तरह बीते दिन भी पशुओं को चराने निकले थे, जोकि रात को वापस घर नहीं आए, जिनका शव शनिवार को चंबुआ के समीप पौंग झील के पानी में मिला। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने 80 वर्षीय उत्तम चंद के शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल नूरपुर भेज दिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं ने उठाया एचआरटीसी की फ्री बस सेवा का लाभ

## निगम की टीमों ने विभिन्न बसों का निरीक्षण कर यात्रियों से की बातचीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिलेभर** में शनिवार को रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही हर आयु वर्ग की महिलाओं व बच्चों में रक्षाबंधन पर्व की धूम रही। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक महिलाओं ने अपने भाइयों व सगे संबंधियों के घर जाकर भाइयों के इस रक्षा सूत्र को कलाइयों में बांधकर भाइयों के लिए कामनाएं कीं। पूरे प्रदेश में एचआरटीसी की साधारण बसों में महिलाओं के लिए निःशुल्क बस सेवा का महिलाओं ने लाभ उठाया। रक्षा बंधन पर्व के मद्देनजर एचआरटीसी के डीएम सहित जिले के सभी उपमंडलों के आरएम व फ्लाइंग स्क्वायड मौके पर निरीक्षण करते हुए यात्रियों से बातचीत कर सुविधा के लाभ संबंधित जानकारी एकत्रित करते रहे। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में रक्षाबंधन के दिन महिला यात्रियों को एचआरटीसी द्वारा साधारण बसों में निशुल्क बस सेवा प्रदान की जाती है।



रक्षाबंधन पर बसों में सफर कर रही महिलाओं से बातचीत करते डीएम पंकज चड्डा।

सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक मिलने वाली इस सुविधा से प्रदेश की लाखों महिलाएं लाभ उठाती हैं। उधर, डीएम एचआरटीसी मंडल धर्मशाला पंकज चड्डा ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन महिला यात्रियों को एचआरटीसी की ओर से साधारण बसों में निशुल्क बस सेवा प्रदान की जाती है। सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक मिलने वाली इस बस सुविधा का शनिवार को महिला सवारियों ने लाभ उठाया, जबकि सुविधा को लेकर कोई कोताही न बरती जाए। इसको लेकर निगम प्रबंधन के अधिकारियों सहित फ्लाइंग स्क्वायड ने भी विभिन्न बसों का निरीक्षण किया।

## गौरी शंकर महादेव मंदिर अक्षैणा में श्रीमद्भागवत कथा में अमृतवर्षा



**रीतिका कठियाल, अनंत ज्ञान, सुलह।** सुलह के ऐतिहासिक गौरी शंकर महादेव मंदिर अक्षैणा (ननाओं) में शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा के दौरान संत अभ्यानंद महाराज ने अपनी मधुरवाणी से संगत पर अमृतवर्षा की। उन्होंने कहा कि जैसे मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्यागकर नए वस्त्र धारण करता है, वैसे ही आत्मा पुराने शरीर को त्यागकर नए शरीर में प्रवेश करती है। इस दौरान कथा के समस्त आयोजक उपस्थित रहे।

# अगले सप्ताह पर्यटन पकड़ेगा रफ्तार, ऑनलाइन बुकिंग शुरू

## तीन छुट्टियों में पर्यटक करेंगे धर्मशाला-मैक्लोडगंज का दीदार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पर्यटन** नगरी धर्मशाला और मैक्लोडगंज में अगले सप्ताह में पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ सकता है, क्योंकि होटलों में ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो चुकी है। अगले सप्ताह 15 से लेकर 17 अग तीन छुट्टियां आने से पर्यटन कारोबारियों के चेहरों पर भी रौनक आ गई है, क्योंकि ऑनलाइन बुकिंग हो रही है।

अगले सप्ताह को लेकर रूटीन के तहत बाहरी राज्यों के पर्यटकों की ओर से पर्यटन नगरी के होटलों में पर्यटक बुकिंग करवाने के साथ होटलों से संबधित सारी जानकारी ले रहे हैं। हालांकि, इस शनिवार को रक्षाबंधन के चलते पर्यटन नगरी के होटल पूरी तरह खाली रहे, लेकिन अगले सप्ताह लगातार तीन छुट्टियां पर्यटन कारोबार में इजाफा करने वाली साबित हो सकती हैं।

पर्यटन कारोबार से जुड़े उद्यमियों के अनुसार, 15 अगस्त पर स्वतंत्रता दिवस के साथ 16 अगस्त को जन्माष्टमी व रविवार की छुट्टी के चलते लगातार तीन छुट्टियां हैं। ऐसे में अब स्वतंत्रता दिवस पर ही यहां कारोबार को रफ्तार मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

पर्यटन कारोबारियों के अनुसार, पर्यटन सीजन के खत्म होने के बाद वीकेंड ही आय के साधनों के लिए महत्वपूर्ण है। पर्यटकों की आवाजाही से ही टैक्सी, होटल, छोटे-बढ़े कारोबारियों को अच्छी आय की आस रहती है, लेकिन अब बरसात के दौर में होटल बुकिंग कम दर्ज रहती है। ऐसे में अगले सप्ताह पर लगातार छुट्टियों से राहत की आस बंधी है।

> **पर्यटन** नगरी के होटलों में आने वाले सप्ताह के लिए ऑनलाइन बुकिंग आना शुरू हो गई है। ऐसे में पूरी आस है कि अगले सप्ताह बाहरी राज्यों के पर्यटक धर्मशाला और मैक्लोडगंज का रुख करेंगे।
>
> **राहुल धीमान, अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला**

# पठानकोट-जम्मू फोरलेन पर उलट दिशा से ड्राइव बना खतरा, मौत के साये में सफर

## सुरक्षित यात्रा के उद्देश्य से किया था विकसित, लोग बोले- पुलिस कर्मी हो तैनात

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

**पठानकोट**-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएचएआई-44), जिसे तेज और सुरक्षित यात्रा के उद्देश्य से विकसित किया गया था, अब यात्रियों के लिए जानलेवा खतरे का कारण बनता जा रहा है।

हाईवे पर जम्मू की ओर जाते समय डाउन-टाउन फूड कोर्ट के सामने बनाए गए एक कट और उसके नजदीक बने बड़े शॉपिंग मॉल से लौटते समय उलट दिशा में वाहन चलाने की प्रवृत्ति लगातार दुर्घटनाओं को जन्म दे रही है। शुक्रवार शाम को एक कार सामने से उलट दिशा में आ रहे वाहन से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार चालक ने बताया कि वह मात्र 50 की स्पीड से



उलट दिशा में आ रहे वाहन से टक्कराई कार।

जम्मू की ओर जा रहा था, तभी सामने से गलत दिशा में आ रहे वाहन से टक्कर हो गई। गनीमत रही कि वाहन की स्पीड ज्यादा नहीं थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय वाहन चालकों विपिन कुमार, जितेंद्र और रवि कुमार ने बताया कि उन्हें अमृतसर और जालंधर की ओर यात्रा करनी पड़ती है और हर बार डाउन-टाउन के पास उलट दिशा से आ रहे वाहनों के कारण जान जोखिम में पड़ जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की निष्क्रियता हादसों को बढ़ावा दे रही है। लोगों ने मांग की है कि शॉपिंग मॉल के सामने बेरिकेड्स लगाकर पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाए, ताकि गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर सख्ती की जा सके। उन्होंने चेताया कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी, तो फोरलेन होने का फायदा भी लोगों के लिए खतरा बन जाएगा।


**सालगिरह मुबारक**



बग्गी के हंसराज ठाकुर व सरला ठाकुर को शादी की 23वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।


# बीबीएमबी आज पौंग बांध से छोड़ेगा 58 हजार क्यूसेक पानी

## हर 12 घंटे में 6000 क्यूसेक पानी की वृद्धि प्रस्तावित

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**बीबीएमबी** की ओर से रविवार को पौंग बांध से सुबह 6 बजे से 58 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। शनिवार को पौंग बांध से सुबह छह बजे से 46 हजार क्यूसेक पानी और सायं छह बजे से 52 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने की सूचना है।



एसडीएम इंदौरा से मिली जानकारी के अनुसार हर 12 घंटे में 6000 क्यूसेक पानी की वृद्धि प्रस्तावित है। एसडीएम ने सभी 17 ग्राम पंचायतों (जिनके अंतर्गत 60 गांव आते हैं, जो वर्ष 2023 में प्रभावित हुए थे) के ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों एवं संबंधित पटवारियों को डेंजर जोन में स्थित सभी परिवारों को उनके पशुधन सहित शनिवार दोपहर तक सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।

प्रत्येक पंचायत में ग्राम आपदा प्रबंधन समिति को सक्रिय करके आवश्यक संसाधन/सहायता तैयार रखने, सभी परिवारों को स्पष्ट रूप से किसी भी स्थिति में नदी-नालों या जलभराव वाले क्षेत्रों की ओर किसी भी कार्य के लिए न जाने के लिए प्रेरित करें। एसडीएम ने सभी से आग्रह किया है कि संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी का परिचय देते हुए उक्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। सभी राजस्व व पंचायत कर्मचारी स्टेशन न छोड़े व हर दो घंटे में जानकारी कंट्रोल रूम/एसडीएम कार्यालय से साझा करना सुनिश्चित करें।

## निजी बस ऑपरेटर ने समस्याओं पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, देहरा।** हिमाचल निजी बस ऑपरेटर संघ की बैठक हरिपुर के रामचंद्र मंदिर में हुई। इसमें संघ के पदाधिकारी और विभिन्न जिलों से आए बस आपरेटरों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान संघ ने हाल ही में मंडी जिले में आई त्रासदी पर दुख जताया। साथ ही बस ऑपरेटरों को आ रही समस्याओं पर भी चर्चा की गई। संघ के पदाधिकारी हैप्पी अवस्थी ने बताया कि संघ के सदस्यों ने 15 जुलाई को शिमला में परिवहन विभाग के प्रधान सचिव आरडी नजीम और परिवहन आयुक्त से मुलाकात की थी।

इस दौरान सदस्यों ने एचआरटीसी की बसों को परमिट आवंटित करने के लिए शुरू की गई योजना पर आपत्ति जताई। साथ ही संघ ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद पूरा परिवहन उद्योग पटरी पर नहीं आ पाया है, क्योंकि ज्यादातर लोग निजी वाहनों में सफर करना पसंद करते हैं, इसलिए विभाग को बसों को अपनी सीटिंग कैपेसिटी कम करने की अनुमति प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवहन सचिव ने भरोसा दिलाया है कि उनकी मांगों को जल्द पूरा किया जाएगा।

# एनएच जाम करने वाले लोगों पर मामला दर्ज

## नशे की ओवरडोज से युवक सचिन जम्वाल की मौत के बाद परिजनों ने दिया था धरना

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** पठानकोट-जालंधर राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना देकर जाम लगाने के मामले में पुलिस ने दर्जन से अधिक लोगों पर मामला दर्ज कर दिया है। डीएसपी संजीव यादव ने बताया कि 6 अगस्त को पठानकोट-जालंधर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक होटल में युवक सचिन जम्वाल की लाश मिली थी, जिसकी नशे की ओवरडोज होने कारण मौत हो गई थी।

परिजनों व अन्य लोगों ने बिना किसी अनुमति के राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। इस कारण करीब 3-4 घंटे तक यात्रियों को गर्मी के मौसम में भारी परेशानी का सामना



परिजनों व अन्य लोगों ने बिना अनुमति के राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना देकर किया था जाम।

करना पड़ा, तब मौके पर एसएचओ आशीष पठानिया व एसडीएम इंदौरा डॉ. सुरिंदर ठाकुर ने पहुंचकर किसी तरह लोगों को समझा कर जाम खुलवाया था। तब पुलिस द्वारा इन लोगों को आगाह किया गया था कि बिना अनुमति के राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम नहीं कर सकते आप और कानूनी करवाई भी हो सकती है, लेकिन ये लोग धरने से उठने को तैयार नहीं थे। उन्होंने बताया कि पुलिस थाना डमटाल द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम करने के मामले में कड़ी करवाई करते हुए फौजी सलारिया, अंकित राणा, विशाल जमवाल, प्रेमा नंद, संजीव जम्वाल, आशीष जम्वाल, कालू जम्वाल, मीना, सरोवर जम्वाल, रविंद्र, सोनू कुमार, बिट्टू आदि पर एनएच अधिनियम 8(बी) बीएनएस की धारा 126(2, 3(5) के अधीन मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गुग्गा मंदिर सलोह में छत्र चढ़ाने के साथ 10 दिवसीय मेले शुरू

**रीतिका कठियाल, अनंत ज्ञान**

**सुलह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक गुग्गा छतरी मंदिर सलोह में शनिवार को मेलों का आगाज हो गया। सुबह आठ से साढ़े नौ बजे तक विशेष पूजा-अर्चना व छत्र चढ़ाने के बाद 10 दिनों तक चलने वाले मेले शुरू हो गए। गौरतलब है कि रक्षाबंधन के दिन से लेकर जन्माष्टमी तक यह मेले चलेंगे। शनिवार को पहले दिन छत्र पूजन के लिए कई श्रद्धालु मंदिर में नतमस्तक हुए। सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में पवित्र मिट्टी और प्यास दी जा रही थी। ऐसी मान्यता है कि घर के आसपास इस प्यास का छिड़काव करने से सांप नहीं आते हैं। इसके साथ ही हर श्रद्धालु को संगल का आशीर्वाद भी मिल रहा था। थाना प्रभारी भवारना गुरदेव सिंह ने बताया कि मेलों के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि मैंने स्वयं मंदिर जाकर मौके का जायजा लिया है।

**आफत** तहसीलदार ने प्रभावित गांवों का दौरा कर लिया नुकसान का जायजा, गोशालाओं को भारी क्षति

# बारिश से गरली और परागपुर में भारी तबाही



लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** आसमान से बरसती बौछारें जहां खेतों को जीवन देती हैं, वहीं इस बार गरली-परागपुर में कई परिवारों के लिए आफत बन गईं। लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

कच्चे मकान ढह गए, गोशालाएं मलबे में बदल गईं और कई परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए। सूचना मिलते ही तहसीलदार परागपुर चिराग शर्मा ने प्रभावित गांवों का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। गरली के निकट गांव मनियाला उपरंला में राकेश कुमार पुत्र जगत राम के कच्चे मकान का एक कमरा पूरी तरह ध्वस्त हो गया, जिससे करीब 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ। इसी तरह गांव बलियाना में रशपाल सिंह पुत्र सीताराम के कच्चे मकान की दीवार गिर गई, जिससे लगभग 20 हजार रुपए का नुकसान आंका गया। तीसरे मामले में गांव चनोहता उपरला के बलबीर सिंह पुत्र जगन्नाथ की गोशाला ढह गई, जिससे करीब 40 हजार रुपए का नुकसान हुआ।

तहसीलदार ने मौके पर विस्तृत निरीक्षण कर तीनों मामलों की रिपोर्ट तैयार कर जिला प्रशासन को भेज दी है, ताकि प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत राशि मिल सके। उन्होंने बताया कि इस बरसात के दौरान अब तक परागपुर तहसील से 8 लाख 75 हजार रुपए के नुकसान की रिपोर्ट प्रशासन को भेजी जा चुकी है।

### बरसात का कहर अभी नहीं थमा

**स्थानीय** लोगों का कहना है कि बरसात का कहर अभी थमा नहीं है। लगातार हो रही बारिश से कच्चे मकान और गोशालाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कई घरों में पानी रिसने से दीवारें कमजोर हो चुकी हैं और दरारें पड़ने लगी हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उन्हें तुरंत राहत दी जाए और भविष्य में ऐसे नुकसान से बचाव के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

### विभाग की चेतावनी से बढ़ी चिंताएं

**मौसम** विभाग ने आने वाले दिनों में और बारिश की चेतावनी दी है, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। प्रभावित गांवों में डर और अनिश्चितता का माहौल है, लेकिन प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि कोई भी परिवार बिना मदद के नहीं छोड़ा जाएगा।

# महिलाओं ने जड़े बेही पठियार पंचायत के वार्ड 3 की अनदेखी करने के आरोप

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** पंचायत बेही पठियार में वार्ड नंबर 3 की वार्ड सदस्य सारिका सहित सहित अन्य महिलाओं ने पंचायत प्रधान सहित सचिव व जीआरएस पर वार्ड की अनदेखी के आरोप जड़े हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड 3 में न तो मनरेगा व न ही वित्त आयोग के तहत कोई कार्य किया गया है। वार्ड में 3 रास्ते ऐसे हैं, जहां पैदल चलना भी मुश्किल है। मनरेगा के तहत उपस्थिति के लिए आज दिन तक आईडी भी नहीं दी गई।

पंचायत में कुछ कार्य बिना वेंडर के करवाए गए हैं। पिछले वर्ष जुलाई माह में विकास खंड अधिकारी को भी लिखित शिकायत के माध्यम से अवगत करवाया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने डीसी, एसडीएम जवाली व विकास खंड अधिकारी से मांग की है कि जल्द से जल्द पंचायत में मौका किया जाए और जांच की जाए।



वार्ड सदस्य सारिका सहित अन्य महिलाओं ने पंचायत प्रधान सहित सचिव व जीआरएस पर वार्ड की अनदेखी करने के आरोप लगाए।

> **वार्ड** मेंबर की ओर से लेबर उपलब्ध नहीं करवाई जा रही। प्रधान का कार्य लोगों के काम सेंक्शन करवाना व सीमेंट मुहैया करवाना होता है। लेबर के नाम तो संबंधित वार्ड पंच को ही देने होते हैं।
>
> **-बाबू राम, प्रधान, पंचायत बेही पठियार।**

> **पंचायत** के वार्ड नंबर 3 में विकास कार्य नहीं हुए हैं। वार्ड सदस्य को आज दिन तक उपस्थिति के लिए आईडी भी नहीं दी गई है।
>
> **-सुदर्शन सिंह, उपप्रधान पंचायत बेही पठियार।**

> **इस** संबंध में जैसे ही शिकायत आएगी, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-मनोज कुमार, खंड विकास अधिकारी, जवाली।**

# आने वाला समय एआई का : महावीर सिंह

## कुलपति बोले–ऊर्जा, डाटा साइंस और साइबर सिक्योरिटी में बढ़ेंगी रोजगार संभावनाएं

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** हिमाचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर महावीर सिंह ने रामपुर महाविद्यालय में आयोजित पुराने छात्रों के सम्मान समारोह में कहा कि आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का है, जिससे रोजगार के क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। ऊर्जा और डाटा साइंस में अवसर तेजी से बढ़ेंगे, इसलिए अध्यापन और शिक्षण पद्धति को भी समय के साथ अपडेट करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि एआई हर विषय को इतना सरल बना रहा है कि आने वाले वर्षों में डॉक्टर या वकील की जगह भी यह तकनीक कई कार्य घर बैठे कर देगी। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सारी जानकारी और दस्तावेज ऑनलाइन मिलेंगे तो छात्र कक्षा में क्यों आएगा। इसलिए शिक्षकों को पारंपरिक पद्धति की बजाय नवीनतम तकनीक और विजुअल माध्यम अपनाने होंगे। उन्होंने यूरोप के विजनरी एजुकेशन सिस्टम का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां छोटी कक्षाओं में भी पढ़ाई एआई आधारित और विजुअल लर्निंग पर केंद्रित है।

कुलपति ने ऊर्जा क्षेत्र को भविष्य का सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता बताते हुए कहा कि पुरानी शिक्षा पद्धति से अब नौकरियां पाना कठिन है। उन्होंने अपने छात्र जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि और सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत और लगन से उन्होंने बीएससी में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया, आईआईटी दिल्ली में रिसर्च की और विदेशों में भी कार्य किया। उन्होंने छात्रों से कॉलेज की पढ़ाई को गंभीरता से लेने की अपील की और कहा कि लगन व कुछ करने की क्षमता हो तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है।

स्थापना दिवस (22 जुलाई) के अवसर पर हिमाचल विश्वविद्यालय में पांच एक्सीलेंस सेंटर खोले गए हैं। इनमें डिजास्टर मैनेजमेंट सेंटर, पहाड़ी संस्कृति संरक्षण के लिए कल्चरल सेंटर, ग्रीन एनर्जी सेंटर, साइबर सिक्योरिटी सेंटर और इंडियन नॉलेज सिस्टम सेंटर शामिल हैं।



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पांच नए एक्सीलेंस सेंटर स्थापित

### डिजास्टर मैनेजमेंट सेंटर आपदाओं से निपटने में निभाएगा अहम भूमिका

**डिजास्टर** मैनेजमेंट सेंटर प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में अहम भूमिका निभाएगा, जबकि कल्चरल सेंटर पहाड़ी पांडुलिपियों, बोली-बानी और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करेगा। ग्रीन एनर्जी सेंटर में हाइड्रोजन, सोलर एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल तकनीक पर कार्य होगा। साइबर सिक्योरिटी सेंटर ऑनलाइन धोखाधड़ी से निपटने में मदद करेगा। वहीं, इंडियन नॉलेज सिस्टम सेंटर पारंपरिक गणित, ज्योतिष, संस्कृत और हिंदी के बीच के संबंध को शोध और संरक्षित करने का कार्य करेगा।

# मेले व त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति के प्रतीक : रोहित

## मंत्री ने राथल मेले में की शिरकत, शुराचली के लिए करोड़ों की योजनाओं का किया ऐलान

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल उपमंडल के शुराचली क्षेत्र में आयोजित ऐतिहासिक और प्रसिद्ध जिला स्तरीय राथल मेले में शिरकत की। यह मेला सदियों से स्थानीय लोगों की आस्था का केंद्र रहा है, जिसमें क्षेत्र के चार प्रमुख देवता बनाड़, देशमौलिया, पवासी और गुडारू भाग लेते हैं। मंत्री ने सभी देवताओं का आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों को मेले की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि मेले और त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति के प्रतीक हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि हमें आधुनिकता के इस दौर में भी अपनी महान देव संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए, जो हमें आपसी प्रेम, सद्भाव और मेलजोल का संदेश देती है।

रोहित ठाकुर ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र जुब्बल-कोटखाई में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने शुराचली क्षेत्र में चल रहे महत्वपूर्ण विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि सावड़ा-मांदल-झगटान सड़क पर 22.48 करोड़ की लागत से मेटलिंग और टारिंग का काम चल रहा है। इसके अलावा, 4.25 करोड़ की लागत से बनने वाले चामसु पुल का निर्माण भी जल्द ही शुरू होगा।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोलाड़ का भवन 1.74 करोड़ की लागत से बन रहा है, और 1.54 करोड़ से निर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राथल का नया भवन भी जनता को समर्पित किया गया है। साथ ही, रोहटान से चतनोल और जारला क्यारा भोंवा जैसी महत्वपूर्ण सड़कों के लिए भी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं, जिनसे क्षेत्र में कनेक्टिविटी बेहतर होगी।



### जनता के आग्रह पर राथल मेला हुआ जिलास्तरीय घोषित

**रोहित** ठाकुर ने बताया कि पिछले वर्ष स्थानीय जनता के आग्रह पर राज्य सरकार ने राथल मेले को जिला स्तरीय घोषित किया था। इस वर्ष यह मेला बड़े धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने इस अवसर पर सभी लोगों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया, जिसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा, एसडीएम जुब्बल गुरमीत नेगी, डीएसपी प्रणव चौहान सहित कई अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युकां ने स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** युवा कांग्रेस रामपुर ब्लाक के कार्यकर्ताओं ने आज रामपुर के वार्ड नंबर 1 में खाली पड़ी भूमि पर पौधरोपण किया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सोनी ने बताया कि युवा कांग्रेस के 65 में स्थापना दिवस पर यह कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस मौके पर अंकुर शर्मा, निशांत भार्गव, साहिल, साहिल मेहता, लक्ष्य, पवन, सुशील, संतोष आदि वरिष्ठ कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे तथा वृक्षारोपण में भाग लिया। इस दौरान राहुल सोनी ने कहा कि युवा कांग्रेस समय-समय पर विभिन्न सामाजिक गतिविधियां करने में अग्रणी रहती है। यह वृक्षारोपण कर आज पर्यावरण संरक्षण का संकेत दिया गया, तथा लोगों से अपील की गई कि वह भी अपने-अपने क्षेत्र में वृक्षारोपण करें।

### बहनों ने भाइयों को राखी बांधकर लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** शनिवार को रामपुर बुशहर एवं आसपास के क्षेत्रों में भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही घर-घर राखियों और मिठाइयों की खुशबू फैल गई थी। बहनों ने भाइयों की कलाई पर तिलक कर राखी बांधी तथा उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की। कुलदीप सिंह ने इस अवसर पर कहा, 'रक्षाबंधन ऐसा त्योहार है जो भाई-बहन के रिश्ते की असली पहचान कराता है। उम्र चाहे कितनी भी हो जाए, इस दिन का इंतजार हमेशा रहता है। भाई-बहन भले बूढ़े क्यों न हो जाएं, लेकिन राखी के दिन का उत्साह कभी कम नहीं होता।'



# युवाओं ने लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

## राजधानी में जिला युवा कांग्रेस ने मनाया 65वां स्थापना दिवस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**जिला** युवा कांग्रेस, शिमला द्वारा शनिवार को प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में भारतीय युवा कांग्रेस का 65वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुणाल चौहान ने की।

इस अवसर पर कुणाल चौहान ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं ने शपथ ली और संकल्प लिया कि वे न्याय, शांति, धर्म और सत्य के रास्ते पर चलते हुए समाज से दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या और नशाखोरी जैसी सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के लिए काम करेंगे।

चौहान ने कहा कि युवा कांग्रेस रक्तदान और पौधरोपण जैसे सामाजिक उत्थान के कार्यक्रमों को नियमित रूप से जारी रखेगी। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि संगठन समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर महिलाओं और शोषितों के विकास और उत्थान के लिए हमेशा कार्यरत रहेगा।

इस कार्यक्रम में नगर निगम शिमला क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश कन्याल, अमनदीप, देवेंद्र कुमार रत्न, आवेश, अक्षय, मुस्ताक मोहम्मद, रोहित कुमार और युवा कांग्रेस के अन्य साथी मौजूद थे।



शिमला में जिला युवा कांग्रेस 65वां स्थापना दिवस मनाती हुई।

### नेहरू ने रखी थी संगठन की नींव : कुणाल चौहान

**कुणाल** चौहान ने संगठन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज ही के दिन, 9 अगस्त 1960 को प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने राष्ट्र निर्माण के कर्णधार, देश के युवाओं के लिए इस महान संगठन की नींव रखी थी।

## रक्तदान शिविर में 60 यूनिट रक्त किया एकत्र

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रक्तदान सेवा परिवार समिति की ओर से शनिवार को रामपुर के चौधरी अड्डा में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस खास अवसर पर 43वीं एवं 19वीं वाहिनी के आईटीबीपी जवानों ने जोश और सेवा भाव के साथ बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। शिविर का आयोजन आकाश भंडारी द्वारा उनके पुत्र अक्षय भंडारी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया था। इस रक्तदान शिविर में लगभग 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो रक्त की आवश्यकता को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान साबित होगा। शिविर के संचालन में महात्मा गांधी चिकित्सा सेवा परिसर, खनेरी ब्लड बैंक के डॉक्टर प्रदीप नेगी का विशेष सहयोग रहा। रक्तदान सेवा परिवार सोसाइटी के अध्यक्ष नितेश भारती ने कहा कि रक्तदान से शरीर में कमजोरी नहीं आती बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। उन्होंने सभी से रक्तदान करने और इस सेवा के प्रति जागरूकता फैलाने का आग्रह किया।

# राज्यपाल शिव प्रताप ने आपदामुक्त हिमाचल के लिए किया हवन यज्ञ



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के उद्देश्य से राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सावन पूर्णिमा के अवसर पर राजभवन में हवन यज्ञ का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने हिमाचल और उत्तराखंड में लगातार हो रही आपदाओं से सुरक्षा के लिए प्रार्थना की। इस यज्ञ में राज्यपाल की पत्नी जानकी शुक्ल व राजभवन के सभी कर्मियों ने हिस्सा लिया।

राज्यपाल ने इस मौके पर कहा कि हिमाचल के लोगों का धर्म में गहरा विश्वास है, और उनका मानना है कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान देवभूमि को प्राकृतिक प्रकोपों से बचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों में हिमाचल में आपदाओं से काफी नुकसान हुआ है, और उन्होंने खुद मंडी के सराज क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया था। उन्होंने इन आपदाओं में जान गंवाने वालों की आत्मा की शांति के लिए भी प्रार्थना की।

### राज्यपाल को बांधा रक्षासूत्र

**हवन** यज्ञ के बाद, मैत्री संस्था और राज्य रेडक्रॉस की महिलाओं ने राज्यपाल को राखी बांधी। उन्होंने राज्यपाल की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान राज्यपाल ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह धागा सिर्फ कलाई को ही नहीं, बल्कि आत्मा को भी जोड़ता है। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा भी मौजूद थे।

## यात्रियों के लिए जानलेवा बने हिमाचल के एनएच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग, विशेष रूप से चंडीगढ़–शिमला और किरतपुर–मनाली मार्ग, इन दिनों यात्रियों के लिए जानलेवा बन गए हैं। लगातार हो रहे भूस्खलन, मलबा और पत्थर गिरने से दुर्घटनाओं का खतरा चरम पर है। कई वाहनों पर पत्थर गिरने से यात्री घायल हो चुके हैं और घंटों लंबे जाम में एंबुलेंस व जरूरी सेवाएं फंस रही हैं। टूटी रिटेनिंग वॉल्स, क्षतिग्रस्त क्रैश बैरियर्स और गहरे गड्ढे यात्रा को खतरनाक बना रहे हैं, लेकिन टोल वसूली अब भी जारी है। डॉ. ऋतिक ने इसे न केवल नैतिक रूप से गलत, बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 के नियम 3(4) के तहत अवैध बताया है।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री और एनएचएआई चेयरमैन को ईमेल भेजकर मांग की है कि जब तक सड़कें सुरक्षित नहीं हो जातीं, तब तक टोल वसूली स्थगित की जाए। डॉ. ऋतिक ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे इस मामले को कानूनी मंच पर उठाएंगे। उन्होंने इसे केवल मरम्मत नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और संवैधानिक अधिकार का विषय बताया है।



डॉ. ऋतिक ने टोल वसूली पर उठाए सवाल

## बाबा सिद्ध चानो मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल समैला स्थित जय बाबा सिद्ध चानो जी महाराज मंदिर में शनिवार को हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। हिमाचल समेत पड़ोसी राज्यों से आए भक्तों ने भक्ति–भजनों और जयकारों के बीच आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से शाम तक लगी लंबी कतारों के बीच श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, छाया और बैठने की बेहतर व्यवस्था की गई। शनिवार को विशेष भीड़ ने मंदिर की लोकप्रियता और आध्यात्मिक महत्व को और उजागर किया।

## सरकारी मशीनरी पर भाजपा का कब्जा, चुनाव आयोग कठपुतली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेशाध्यक्ष ठाकुर हीरापाल सिंह ने भाजपा पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तथ्यों सहित जो खुलासा किया है, उसने यह साफ कर दिया है कि चुनाव आयोग अब निष्पक्ष संस्था नहीं रह गया, बल्कि सत्ता पक्ष की कठपुतली बनकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और हमारा संगठन, राहुल गांधी की इस मुहिम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। हम जिस मुद्दे को उठाते हैं, उसे बीच में नहीं छोड़ते। बहुत जल्द पंचायत से लेकर ब्लॉक, जिला और प्रदेश स्तर पर संवाद कार्यक्रम चलाकर जनता को बताएंगे कि सरकारी मशीनरी पर किस तरह भाजपा का कब्जा कब्ज़ा है और लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के इशारे पर मीडिया ने राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस और पेश किए गए साक्ष्यों को प्रमुखता से नहीं दिखाया। यह विषय फ्रंट पेज की सुर्खियों में होना चाहिए था, लेकिन सरकार को नाराज करने के डर से इसे दबा दिया गया। भाजपा पर दोहरी राजनीति का आरोप लगाते हुए हीरापाल सिंह ने कहा कि इनका चेहरा कुछ और होता है और दिल में कुछ और। बहुत जल्द सत्ता पक्ष का नकाब हट जाएगा और कांग्रेस विपक्ष की भूमिका निभाते हुए हर गलत काम का खुलासा करेगी।



## 11 से 16 अगस्त तक लगाए जाएंगे मेडिकल कैंप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जनसेवा के उद्देश्य से कार्यरत प्रयास संस्था की ओर से 11 अगस्त से 16 अगस्त तक झंडुत्ता विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में घर-द्वार निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किए जाएंगे। संस्था के संयोजक राम कृष्ण ने बताया कि इन शिविरों में योग्य चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाइयों का वितरण तथा विभिन्न प्रकार के टेस्ट भी निःशुल्क किए जाएंगे। 11 अगस्त को झबोला गांव, 12 को पंचायत नघियार के भगतपुर, 13 को पंचायत घरान के कोठी, 14 को पंचायत जड्डू कलजार के ठठल जंगल, 15 को पंचायत डूडिया के ढोलग और 16 अगस्त को पंचायत कोसरिया में मेडिकल कैंप लगाया जाएगा।

## घुमारवीं में निरंकारी संत समागम संपन्न

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** रक्षा बंधन के पावन अवसर पर घुमारवीं के निरंकारी सत्संग भवन में जोनल स्तरीय इंग्लिश मीडियम निरंकारी संत समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विचार प्रचारक मोहित गुप्ता (चंडीगढ़) ने कहा कि सत्गुरु के वचनों का पालन करने से जीवन में दैवीय गुण स्वतः विकसित होते हैं। उन्होंने पांच प्रणों पर बल देते हुए मानवता, विनम्रता और प्रभु की भक्ति का संदेश दिया। सैकड़ों युवाओं और साधसंगत की उपस्थिति में गीत, कविता और भाषण के माध्यम से युवाओं ने अंग्रेजी में आध्यात्मिक विचार प्रस्तुत किए। जोनल इंचार्ज गोवर्धन दास ने बताया कि यह आयोजन सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार अंग्रेजी में किया गया, ताकि सत्संग का संदेश वैश्विक स्तर तक पहुंचे।

## भाजपा ने की 'हर घर तिरंगा' अभियान पर चर्चा



**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** शाहतलाई में भाजपा मंडल बैठक के दौरान झंडूता विधायक जीतराम कटवाल ने स्वतंत्रता दिवस पर 'हर घर तिरंगा' अभियान और तिरंगा यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की तथा कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रक्षाबंधन पर्व की बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी की महिलाओं के लिए योजनाओं-जैसे सुकन्या समृद्धि, महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र और लखपति दीदी-का उल्लेख किया। बैठक में क्षेत्र की समस्याएं सुनीं, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर किया गया। इससे पूर्व कटवाल ने बाबा बालक नाथ, बाबा सिद्ध चानो और खबड़ी माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

## कजैल में सड़क चौड़ीकरण से जलभराव

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की पंचायत निहाण के कजैल गांव में सुन्हाणी-शेरचौक मुख्य सड़क पर चौड़ीकरण कार्य के बाद जलभराव से लोगों व राहगीरों को परेशानी हो रही है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से बरसात का पानी सड़क और आसपास के मकानों को नुकसान पहुंचा रहा है। कजैल निवासी कार्तिक ने बताया कि उनके मकान में दरारें पड़ गई हैं और धंसने का खतरा है। लोगों ने प्रशासन व लोक निर्माण विभाग से नालियों के निर्माण सहित स्थायी समाधान की मांग की है। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता राकेश शर्मा ने कहा कि जल्द ही मौके का निरीक्षण किया जाएगा।

## व्यापार मंडल कर प्रथम वार्षिक सम्मेलन 24 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर व्यापार मंडल के प्रथम वार्षिक सम्मेलन का आयोजन आगामी 24 अगस्त को मुख्यालय पर होगा। इसके लिए व्यापार मंडल द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस सालाना अधिवेशन में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी बतौर मुख्यातिथि होंगे। यह जानकारी देते हुए प्रधान नरेंद्र पंडित ने बताया कि इस अधिवेशन में न सिर्फ बिलासपुर बल्कि जिले के सभी व्यापार मंडलों को सादर आमंत्रित किया जा रहा है। इसके अलावा राज्य व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के भी शामिल होने की आशा है। इस वार्षिक अधिवेशन में पुराने व्यापारियों को मुख्यातिथि राजेश धर्माणी द्वारा विशेष रूप से सम्मानित करवाया जाएगा, जबकि समाज एवं मानवता के उत्थान के लिए काम करने वाली विभूतियों को भी सम्मानित किया जाएगा। नरेंद्र ने बताया कि अधिवेशन की सफलता को लेकर कमेटियों का गठन किया जा रहा है तथा उन्हें दायित्व सौंपे जा रहे हैं।

**अभियान** एनटीपीसी कोलडैम में बालिका सशक्तिकरण अभियान का समापन

# आत्मविश्वास से लबरेज बेटियां बनीं बदलाव की मिसाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**एनटीपीसी** कोलडैम हाइड्रो पावर स्टेशन के आवासीय परिसर में आयोजित चार सप्ताह के बालिका सशक्तिकरण अभियान का शुक्रवार को समापन हो गया। इस अवसर पर बालिकाओं और उनके अभिभावकों ने इस पहल को जीवन बदलने वाला अनुभव बताया। 12 जुलाई से 8 अगस्त तक आयोजित इस विशेष शिविर में 47 बालिकाओं ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य केवल शिक्षा देना ही नहीं बल्कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और आत्मविश्वासी बनाना था।

इस दौरान आत्मरक्षा प्रशिक्षण, शैक्षणिक गतिविधियां, संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व और टीमवर्क जैसी अनेक कार्यशालाएं आयोजित की गईं। समापन समारोह में जब मंच से बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा किए, तो कई माता-पिता की आंखें नम हो गईं। उनके चेहरे पर संतोष और गर्व झलक रहा था। हाढ़ाबोई पंचायत, मंडी-शिमला सीमा रमेश ने कहा मेरी बेटी बनिता ने इस कार्यशाला से आत्मविश्वास और नई-नई चीजें सीखीं। हम कभी सोच भी नहीं सकते थे कि इतनी छोटी उम्र में वह इतना बदल सकती है। अब वह घर पर अपने छोटे भाई-बहनों को भी टिप्स देगी। जिला मंडी कांगू क्षेत्र के परस राम और शालू देवी बोले हमने कभी अपनी बेटी को अकेले कहीं बाहर नहीं भेजा था। कार्यक्रम ने हमारी बेटी को बोलने, सोचने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी है। विपिन कुमार कसोल गांव, बिलासपुर ने गर्व से कहा कि शिविर के पहले दिन मेरी बेटी बहुत घबराई हुई थी, लेकिन अब वह आत्मविश्वास से भर गई है। मुझे उस पर गर्व है। अभिभवकों ने कहा कि एनटीपीसी कोलडैम द्वारा यह सशक्तिकरण अभियान न केवल बालिकाओं के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र प्रेरणा बनी बनकर आया है। समापन समारोह में प्रतिभागी बालिकाओं को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए।

एनटीपीसी प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाए आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ सकें।




कसोल गांव के विपिन अपनी बेटी के साथ।

## सीआईएसएफ के विस्तार की मंजूरी, पांच वर्षों में 2.20 लाख तक बढ़ेगी संख्या : अजय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**देश** की औद्योगिक सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के विस्तार का बड़ा फैसला लिया है।

सीआईएसएफ कोलडैम यूनिट के डिप्टी कमांडेंट अजय बाली ने बताया कि सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक (आसूचना) अजय दहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गृह मंत्रालय ने बल की मौजूदा 1,62,000 की संख्या को बढ़ाकर 2,20,000 करने को मंजूरी दे दी है। यह वृद्धि अगले पांच वर्षों में हर साल लगभग 14,000 नई भर्तियों के माध्यम से की जाएगी। सीआईएसएफ में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष नीति लागू की गई है। इसके तहत उन्हें बल के हर स्तर पर शामिल किया जाएगा, जिससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि सुरक्षा व्यवस्था में विविधता और संवेदनशीलता भी आएगी। वर्ष 2024 में 13,230 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है, जबकि वर्ष 2025 में 24,098 पदों पर नियुक्तियां होंगी। इन भर्तियों से युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। बल की संरचना में विस्तार के साथ एक नई बटालियन के गठन की भी योजना है, जो आपातकालीन स्थितियों, त्वरित तैनाती और आंतरिक सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगी। हाल ही में सीआईएसएफ ने संसद भवन, देश के प्रमुख हवाई अड्डो, एनटीपीसी कोल डैम, पुणे स्थित आईएमएसआर, बार और एटा के ताप विद्युत संयंत्रों, सतलुज जल विद्युत परियोजना समेत कई अहम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा जिम्मेदारी संभाली है। सरकार का यह कदम देश की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के साथ-साथ औद्योगिक और सामरिक परिसरों की सुरक्षा में नई ऊर्जा भरेगा।

# खड़ामुख-होली रोड पर रावी नदी में गिरी बोलेरो, चालक की मौत

## प्रोजेक्ट के कर्मियों को छोड़ने के बाद जियूंरा लौटते समय हुआ हादसा

अनंत ज्ञान, भरमौर

**खड़ामुख-होली** रोड पर ज्यूरा माता मंदिर के पास शुक्रवार रात को एक बोलेरो (एचपी01सी 3737) गाड़ी गहरी खाई में गिरकर रावी नदी में जा समाई। हादसे में 22 वर्षीय चालक सुनील कुमार पुत्र किशो राम, निवासी कुलेठ (ग्राम पंचायत किलोड, लिल्ह) की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बोलेरो गाड़ी एक विद्युत परियोजना में किराये पर लगी थी। शुक्रवार को चालक प्रोजेक्ट के कर्मचारियों को उनकी शिफ्ट छोड़ने के बाद जियूंरा की ओर लौट रहा था। रात करीब 8 बजे, ज्यूरा माता मंदिर के पास वाहन अचानक नियंत्रण खो बैठा और लगभग 200 मीटर गहरी खाई में लुढ़कते हुए रावी नदी में जा गिरा।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। तेज बहाव और अंधेरे के बीच करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक का शव रावी नदी से बरामद किया गया।

शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भरमौर भेजा गया, जहां प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। भरमौर के एसएचओ बाबूराम ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में वाहन के नियंत्रण खोने की आशंका जताई गई है।

मृतक सुनील कुमार गरीब परिवार से संबंध रखता था। वह दो भाइयों में छोटा था और उसकी माता स्थानीय स्कूल में चपरासी के पद पर कार्यरत है। इस हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।


दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी।
मृतक की फाइल फोटो।

## एबीवीपी ने समस्याओं को लेकर कॉलेज प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई सलूणी ने महाविद्यालय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर शनिवार को प्राचार्य मोहिंद्र सलारिया को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर इकाई उपाध्यक्ष पीयूष राणा, इकाई मंत्री रितिका वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य वनीत तथा प्रत्यूष कश्मीरी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय में विद्यार्थियों को आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और इनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

एबीवीपी पदाधिकारियों ने कहा कि महाविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्राचार्य से आग्रह किया कि इन समस्याओं का शीघ्र निवारण कर शिक्षण वातावरण को और बेहतर बनाया जाए।

प्राचार्य मोहिंद्र सलारिया ने विद्यार्थियों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया और कहा कि प्रशासन इन मुद्दों के समाधान के लिए जल्द ही आवश्यक कार्रवाई करेगा।

### विधायक ने धनवास गांव में निर्माणाधीन मेगावाट सोलर प्लांट का किया निरीक्षण

## गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता: डॉ. जनक राज

अनंत ज्ञान, पांगी

**पांगी-भरमौर** विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनकराज इन दिनों अपने पांगी प्रवास पर हैं। दौरे के तहत शनिवार को उन्होंने पंचायत करियास के धनवास गांव में निर्माणाधीन मेगा वाट सोलर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। यह परियोजना पांगी क्षेत्र के लिए स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास की दिशा में एक मील का पत्थर मानी जा रही है।

निरीक्षण के दौरान डॉ. जनकराज ने निर्माण कार्य की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्य की गुणवत्ता और निर्माण सामग्री के मानकों पर कोई भी समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। मौके पर उन्होंने देखा कि कुछ हिस्सों में निर्माण कार्य में कमियां हैं। इन कमियों को उन्होंने तुरंत उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाकर शीघ्र समाधान के निर्देश जारी किए।

उन्होंने निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों से विचलन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि निर्धारित गुणवत्ता और मानकों के अनुसार काम नहीं हुआ तो जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना को तय समयसीमा में पूरा किया जाए, ताकि पांगी के लोगों को जल्द से जल्द स्वच्छ और विश्वसनीय सौर ऊर्जा का लाभ मिल सके।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे, जिन्होंने विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। डॉ. जनकराज ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस परियोजना के पूरा होने से पांगी घाटी न केवल ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगी, बल्कि इससे स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह सोलर प्लांट पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाले समय में पांगी की पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।


धनवास गांव में निर्माणाधीन मेगावाट सोलर प्लांट का निरीक्षण करते हुए विधायक।

## भाई-बहन के प्रेम और परंपराओं से सजी रही रक्षाबंधन की रौनक


बकलोह में गोरखा समुदाय ने धूमधाम से मनाया राखी पर्व

बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान

**भटियात।** जिला चंबा के भटियात क्षेत्र के बकलोह में हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले गोरखा समुदाय ने राखी का पर्व बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। इस विशेष दिन पर भाई, चाहे देश-विदेश में कहीं भी हों, अपने बहनों के पास पहुंचते हैं।

सुबह बहनें स्नान कर अपने घर की कुलदेवी और देवताओं को राखी के रूप में मोली का धागा चढ़ाकर आशीर्वाद लेती हैं। इसके बाद वे अपने भाइयों को घर बुलाकर उनकी कलाई पर रक्षा कवच स्वरूप राखी बांधती हैं और उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। त्योहार के अवसर पर बहनें अपने हाथों से बटुक सेल रोटी, आलू की चटनी, गुजिया, खजूर मालपुआ, खीर सहित कई तरह के व्यंजन बनाकर परोसती हैं। बदले में वे अपनी बहनों को उपहार और नकद भेंट देते हैं। शाम होते-होते भाई अपनी बहनों से विदा लेकर अपने-अपने घर लौट जाते हैं। इस पूरे आयोजन में भाई-बहन का अटूट स्नेह और परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली।

## 90 दिन की उलटी गिनती के बीच मनीष सरीन की विजिलेंस मीटिंग, चंबा की सियासत में चढ़ा पारा!

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा की राजनीति में इन दिनों हलचल अपने चरम पर है। कांग्रेस नेता मनीष सरीन, जो जुलाई माह में ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर कथित फर्जी आंकड़ों और पंचायतों में गड़बड़ियों को लेकर एक बड़े बयान से सुर्खियों में आए थे, अब आधी समय सीमा पूरी होने से पहले ही एएसपी विजिलेंस अभिमन्यु वर्मा से मुलाकात कर चुके हैं। इस कदम ने सियासी गलियारों में नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

जुलाई में एचपीटीडीसी चंबा के इरावती होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरीन ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विकसित ई-ग्राम स्वराज पोर्टल का उद्देश्य भले ही पारदर्शिता और वास्तविक समय में रिपोर्टिंग हो, लेकिन कई पंचायतें बिना कार्य किए ही पोर्टल पर गुमराह करने वाले आंकड़े दर्ज कर रही हैं।


सरीन ने तब साफ चेतावनी दी थी कि अब सिर्फ 90 दिन का वक्त हैज इसके बाद पूरा डाटा और दस्तावेज़ राज्य पुलिस, विजिलेंस और सीआईडी के हवाले कर दूंगा। जो भी इन आंकड़ों के पीछे छिपे हैं, वे समय आने पर बेनकाब होंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि जनता के पैसे और लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के लिए है।

अब, 90 दिन की उल्टी गिनती का आधा वक्त गुजर चुका है और इस बीच सरीन की विजिलेंस ऑफिस में मौजूदगी ने यह संकेत दे दिया है कि जांच की दिशा में कोई बड़ा कदम उठ सकता है। राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हैं कि क्या यह मुलाकात महज औपचारिक थी या पर्दे के पीछे कोई बड़ा खेल शुरू हो चुका है?

इस अहम बैठक में मनीष सरीन के साथ राजेश चौबियाल, इच्छाराम टंडन और योगराज महाजन भी मौजूद रहे, जिससे इस मीटिंग को और भी अहमियत मिल गई है। फिलहाल, चंबा की सियासत में माहौल गर्म है। 90 दिन की घड़ी लगातार टिक-टिक कर रही है और सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आखिरी दिन आते-आते कौन-सा 'गुप्त पन्ना' खुलने वाला है और यह पन्ना खुलने पर किस-किस की सियासी नींव हिल जाएगी।


ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर गड़बड़ियों का आरोप; आधी समय सीमा में ही विजिलेंस ऑफिस पहुंचना बना चर्चा का विषय, आखिरी दिन पर सबकी निगाहें

## 4 महीने से अंधेरे में ग्रौंडा पंचायत, लोग सोलर लाइटों से कर रहे मोबाइल चार्जिंग



अनंत ज्ञान, भरमौर

**भरमौर** तहसील होली की पंचायत ग्रौंडा पिछले करीब 4 महीने से बिजली संकट झेल रही है। सड़क निर्माण के दौरान बिजली के पोल क्षतिग्रस्त होने से धारिणी, खन्नार और घरौंडा गांवों में बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद है। यहां के करीब 600 से अधिक लोग और 350 मतदाता अंधेरे में रातें बिता रहे हैं। मोबाइल चार्जिंग और रोशनी के लिए लोग करीब 6 साल पहले मिली सोलर लाइटों का सहारा ले रहे हैं।

ग्रौंडा पंचायत चंबा और कांगड़ा को जोड़ने वाले बजोल-बड़ा भंगाल मार्ग पर स्थित है। यह चंबा की ओर से अंतिम और कांगड़ा की ओर से पहली पंचायत है। सड़क के किनारे लगे बिजली पोल निर्माण कार्य के दौरान टूट गए, जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। खन्नार गांव में तो तारों और पोल का नामोनिशान तक मिट चुका है। वर्टिकल पहाड़ी इलाके में नए पोल लगाना बेहद मुश्किल है और जब तक सड़क निर्माण पूरा नहीं होता, आपूर्ति बहाल करना चुनौती है।

### विभाग और पंचायत के प्रयास जारी

**पंचायत** प्रधान राजीव कुमार ने बताया कि समस्या को बिजली विभाग के एससी और अधिशासी अभियंता को अवगत कराया गया है। सड़क निर्माण कंपनी बचे हुए हिस्से को जल्द पूरा करने में जुटी है। अधिशासी अभियंता प्रवेश कुमार ने कहा कि विभाग को निर्देश दे दिए गए हैं और बिजली सप्लाई जल्द बहाल करने का प्रयास किया जाएगा।

## पांगी बनेगा प्राकृतिक खेती का हब: ललित

### किलाड़ में आयोजित बैठक में बोले कृषि उपज विपणन समिति के चेयरमैन

अनंत ज्ञान, किलाड़ (पांगी)

**पांगी** अब केवल अपनी सुंदर वादियों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक खेती के मॉडल क्षेत्र के रूप में भी जाना जाएगा। शनिवार को पांगी उपमंडल मुख्यालय किलाड़ में कृषि उपज विपणन समिति (एपीएमसी) के चेयरमैन ललित ठाकुर की अध्यक्षता में हुई एक ऐतिहासिक बैठक में इस दिशा में ठोस कदम उठाए गए। यह बैठक मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा पांगी को 'प्राकृतिक खेती उपमंडल' घोषित करने के बाद आयोजित की गई, जिसे स्थानीय किसानों के लिए एक नई क्रांति का आगाज़ माना जा रहा है।

बैठक में पांगी के आवासीय आयुक्त रमन घरसंघी, विभिन्न विभागों के प्रमुख, कृषि विभाग और आत्मा परियोजना के अधिकारी, वूल फेडरेशन के निदेशक वीर सिंह राणा, एपीएमसी चंबा के सदस्य राकेश कुमार, ग्राम पंचायत सुराल के प्रधान दीपक चौहान सहित बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान शामिल हुए।

चर्चा के दौरान कृषि विभाग और आत्मा परियोजना के अधिकारियों ने पांगी में प्राकृतिक खेती को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए कई नवोन्मेषी सुझाव दिए।

ललित ठाकुर ने कहा, मुख्यमंत्री का यह दूरदर्शी कदम पांगी के किसानों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा। प्राकृतिक खेती से न केवल मिट्टी और पर्यावरण को लाभ होगा बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। पांगी की स्वच्छ जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियां इसे प्राकृतिक खेती के लिए आदर्श बनाती हैं। बैठक में यह भी तय हुआ कि आने वाले बुवाई सीज़न से पहले किसानों को सभी जरूरी संसाधन, तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ताकि पहले ही वर्ष में ठोस परिणाम सामने आएं।

### सीएम को कहा-थैंक्स

**ललित** ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताया और सीएम सुक्खू को पांगी की कृषि विकास में उनकी प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में पांगी प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में पूरे प्रदेश और देश के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा।

## एससी/एसटी अधिनियम और मुफ्त कानूनी सहायता की दी जानकारी



अनंत ज्ञान, भरमौर

**ग्राम** पंचायत भरमौर के पंचायत सामुदायिक भवन में जिला बार एसोसिएशन चंबा की ओर से शनिवार को विधिक सेवाएं प्राधिकरण का जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कपिल शर्मा ने की। शिविर में कपिल शर्मा ने एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 और वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एससी/एसटी अधिनियम अनुसूचित जाति व जनजाति के सदस्यों पर होने वाले अत्याचारों को परिभाषित और दंडित करता है, जबकि वन अधिकार अधिनियम पारंपरिक रूप से वन क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों के अधिकारों को मान्यता देता है।

उन्होंने बताया कि जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम है, उन्हें विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। साथ ही, नालसा टोल फ्री नंबर 15100 के उपयोग के बारे में भी अवगत कराया।

## भरमौर की राजनीति से नाराज भरमौरी ने भटियात से चुनाव लड़ने के दिए संकेत

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर।** पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि यदि भरमौर में कुछ नेताओं की दखलअंदाज़ी जारी रही तो वे अगला विधानसभा चुनाव भटियात से लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों का दबाव बढ़ रहा है और वे इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। भटियात विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया चुनाव लड़ते हैं। इसी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर कुलदीप सिंह पठानिया विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी पर आसीन हैं।

भरमौरी ने आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में बार-बार पार्टी बदलने वाले नेताओं को तवज्जो दी जा रही है। उन्होंने अपनी ही पार्टी के कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी पर भाजपा नेताओं की मदद करने और विकास कार्यों में रोड़े अटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें मुख्यमंत्री और सीएम सचिवालय को गुमराह कर रही हैं, गैर-विधायकों के नाम उद्घाटन पट्टिकाओं में डलवाए जा रहे हैं और अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव डाला जा रहा है।



### बेटे अमित को सौंपी भरमौर-पांगी की कमान

**ठाकुर** सिंह भरमौरी ने अपनी राजनीतिक वारिश का ऐलान कर दिया है। भरमौरी ने ऐलान कर दिया है कि भरमौर से अगला विधानसभा चुनाव उनके बेटे अमित भरमौरी लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भरमौर पांगी का नेतृत्व करने के लिए बेटे अमित को फील्ड में उतार दिया गया है। इससे पहले अमित भरमौर जिला परिषद अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पिछले कुछ महीनों से पार्टी में भरमौरी परिवार अपने आप को अपेक्षित सा महसूस कर रहा है। पार्टी में अनदेखी को लेकर ठाकुर सिंह खुलकर सामने भी आ चुके हैं।

### सूडोकु नवताल- 7517

*****
कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7516 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

रविवार, 10 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत:** 2082, **शक संवत:** 1947 (विश्वासवसु), **मास:** अमांत श्रावण, **तिथि** प्रतिपदा (12:07) : **नक्षत्र** धनिष्ठा (13:41), **पक्ष:** कृष्ण, **योग:** शौभना (23:58), **शुभ मुहूर्त:** अभीजित (11:59-12:52)। **राहुकाल** (17:21-19:00)।

### विशेष दिन

- 10 अगस्त 2025: हिण्डोला आज होगा समाप्त (गुजरात में)।
- 10 अगस्त 2025: विश्व शेर दिवस आज।

**मेष:** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृष:** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेगें। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंग।

**मिथुन:** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**कर्क:** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**सिंह:** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं।

**कन्या:** अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। बौद्धिक क्षेत्र में जीतने का मौका मिलेगा।

**तुला:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

**वृश्चिक:** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं।

**धनु:** कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। होश में रहकर कार्य करें।

**मकर:** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**कुंभ:** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्म चिंतन करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**मीन:** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

## 21 साल से लेह-लद्दाख की सुरक्षा और संस्कृति के लिए समर्पित हिमालय परिवार

अनंत ज्ञान, चंबा

**देश** की उत्तरी सीमाओं पर तैनात हमारे वीर जवान जहां कड़ाके की ठंड और कठिन हालात में मातृभूमि की रक्षा में डटे रहते हैं, वहीं इनसे इतर एक और परिवार है जो पिछले 21 वर्षों से लेह-लद्दाख की सुरक्षा, सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इसका नाम है 'हिमालय परिवार'।

प्रदेश सचिव पुष्प कुमार के अनुसार, 'हिमालय परिवार' की स्थापना 21 वर्ष पूर्व दिल्ली के इंद्रेश कुमार ने की थी। 23 जून 2003 को पहली बार इसके सदस्य लेह-लद्दाख पहुंचे और तब से हर वर्ष 23 से 27 जून तक यह विशेष अभियान जारी है। फरवरी माह से ही इसके लिए तैयारियां शुरू हो जाती हैं। इस संगठन की खासियत है कि यह न किसी धर्म, जाति या राज्य की सीमा में बंधा है और न ही किसी राजनीतिक रंग में रंगा है। इसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, जैन समेत विभिन्न धर्मों और जातियों के लोग शामिल हैं। कोई भी नागरिक जो लेह-लद्दाख की सुरक्षा और संरक्षण के लिए संकल्पित है, इस परिवार का हिस्सा बन सकता है।

'हिमालय परिवार' का एक प्रमुख उद्देश्य है — लेह-लद्दाख को चीन के दखल से सुरक्षित रखना और वहां की प्राचीन भारतीय संस्कृति को जीवित रखना। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण भी इसकी प्राथमिकताओं में शामिल है।


पुष्प कुमार प्रदेश सचिव हिमालय परिवार हिमाचल।

इस मिशन की प्रेरणा उस समय मिली जब संस्थापक इंद्रेश कुमार ने 21 साल पहले लेह-लद्दाख में सिंहमुखी कही जाने वाली पवित्र सिंधु नदी की उपेक्षा देखी। तभी उन्होंने इसे पुनर्जीवित करने और स्थानीय विरासत के संरक्षण का संकल्प लिया।

आज 'हिमालय परिवार' सीमांत क्षेत्रों में भारतीय संस्कृति के संवाहक के रूप में कार्य कर रहा है और अपने मिशन से हजारों लोगों को जोड़ चुका है।

## बैडमिंटन चैंपियनशिप में युवा शटलरों ने दिखाया दमखम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



**मंडी** टाउन हॉल में मंडी जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित मंडी जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप के दूसरे दिन मुकाबलों में जूनियर खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। शनिवार को खेले गए मुकाबलों में दर्शकों ने रोमांचक प्रतिभाशाली खेल का नजारा देखा। युवा खिलाड़ियों ने जीत के लिए जबरदस्त जुझारूपन दिखाया। बॉयज सिंगल्स में अध्यंत ने शिवांश सकलानी को 21-18 से हराया। वहीं प्रणव ठाकुर ने अध्यातम को 21-19 से मात दी। फाइनल में अध्यातम ने अध्यंत को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-13 वर्ग में बॉयज डबल्स में आरूष और आहान ने सालंश व दिव्यांश को 21-19, 21-18 से हराया। बॉयज सिंगल्स में गुर्वंश ने सार्थक को हराया, जबकि डबल्स में सार्थक और गुर्वंश की जोड़ी ने मनीष व लहषय को 21-19, 21-17 से हराया। गर्ल्स सिंगल्स में डिमाइरा ने तनिषा वैद्य को हराया। बॉयज सिंगल्स में रजवीर ने सार्थक को हराया, वहीं करण ने रजत को हराकर जीत हासिल की। बॉयज सिंगल्स में तन्मय ने ज्ञान को हराया, जबकि भवनीत ने अग्रिम को हराकर रोमांचक मुकाबला जीता। 10 अगस्त को चैंपियनशिप के अंतिम मुकाबले खेले जाएंगे।

## राजपूत कल्याण सभा चंबा की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजपूत कल्याण सभा चंबा की विशेष बैठक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह साम्बयाल की अध्यक्षता में उत्साहपूर्वक आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत मिंजर मेले की ऐतिहासिक शोभायात्रा को शानदार सफलता दिलाने वाले सभी सदस्यों व सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट करने से हुई। सभा ने इसे चम्बा की गौरवशाली परंपराओं का प्रतीक बताते हुए इसे स्मरणीय उपलब्धि करार दिया। बैठक में महाराणा प्रताप भवन के निर्माण को लेकर भी अहम चर्चा हुई और जल्द ही नींव पत्थर रखने की घोषणा की गई। अध्यक्ष साम्बयाल ने कहा कि राजपूत कल्याण सभा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। इसी भावना के तहत 16 अगस्त को जन्माष्टमी महोत्सव पर श्री राधा कृष्ण मंदिर, जुलाकारी में पारंपरिक पगड़ी के साथ शामिल होकर शोभायात्रा में भाग लेने का सभी को आमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर भूपिंदर सिंह जसरोटिया, मंजीत सिंह जसरोटिया, ओंकार सिंह, कुलदीप कुड़ियाल, मयंक चौहान, संजय ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, अतुल सिंह सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भरवाना**
विकास खंड पंचरूखी, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

पंचायत बैठक में अध्यक्ष महोदया द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि ग्राम पंचायत भरवाना (भरवाना) में विभिन्न विकास कार्य हेतु निम्नलिखित सामग्री की निविदाएं आमंत्रित की जानी है-

1. Single Chest Press. 2.Double cycle. 3.Air Walker. 4.Air swing single. 5. Monkey Bar. 6.Sea saw single. 7.Leg shaper Double. 8. Fibre slider with ladder. 9. Pull up bar. 10. Chair swing double . 11. Marry go round. 12.Dustbin. 13. Iron fencing(with labour and material). 14. Benches. 15. 8mm, 10mm व 12mm सरिया (प्रति किलो ग्रा.) 16. लकड़ी के चौखट, लकड़ी के दरवाजे व खिड़कियां (प्रति running ft./प्रति sqft) 17. Iron doors, windows, frame and grills (per kg).

**नियम व शर्तें:-** ♦ इच्छुक विक्रेता/फर्म के पास जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। ♦ कोटेशन में मूल मूल्य व जीएसटी दर (जीएसटी राशि) अलग से दर्शाना आवश्यक है। ♦ सभी बिलों में जीएसटी अलग से इंदराज किया जाना अनिवार्य है। ♦ सभी कोटेशन झूलों/मशीनों को स्थापित करने व किराये सहित दी जाएं। ♦ सभी कोटेशन दिनांक 19.08.2025 शाम 5.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत भरवाना (भरवाना) में पंजीकृत डाक द्वारा या स्वयं बंद लिफाफे में जमा करवाएं। कोटेशन दिनांक 20.08.2025 को सुबह 11.00 बजे पंचायत कार्यालय में समस्त पंचायत सदस्यों के समक्ष खोली जाएंगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत भरवाना**
**विकास खंड पंचरूखी, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

'खुश लोग अपनी आंतरिक दुनिया का निर्माण करते हैं, दुखी लोग अपनी बाहरी दुनिया को दोष देते हैं। -दलाई लामा

## संपादकीय

# ओपीएस पर बहस

हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को लेकर सियासी और आर्थिक दोनों मोर्चों पर बहस तेज हो गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार ओपीएस लागू करने के अपने वादे पर अडिग है। उनका कहना है कि यह फैसला राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि रिटायरमेंट के बाद सरकारी कर्मचारियों को सम्मानजनक जीवन देने के लिए लिया गया है, लेकिन सवाल यह है कि जब केंद्र सरकार ओपीएस का विरोध कर रही है और राज्य को वित्तीय मदद नहीं देने की चेतावनी दे रही है, तब हिमाचल सरकार इस योजना को आर्थिक रूप से कैसे टिकाए रखेगी? 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने दस गारंटियां दी थीं, जिनमें ओपीएस सबसे अहम थी। सत्ता में आने के बाद, सुक्खू कैबिनेट ने पहली बैठक में ही ओपीएस लागू करने का ऐलान किया। इससे राज्य के करीब 1.36 लाख कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई, लेकिन केंद्र सरकार ने साफ किया कि वह न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) का रद्द करने के बाद अब यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) ही पूरे देश में लागू करेगी और यूपीएस से हटकर ओपीएस को मान्यता नहीं देगी तथा पेंशन फंड के हिस्से का पैसा भी रोक सकती है। ओपीएस लागू करने का मुद्दा हिमाचल तक सीमित नहीं है।

राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने 2022 में ओपीएस बहाल की। छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार ने ओपीएस लागू की और कर्मचारियों के एनपीएस फंड को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने भी ओपीएस लागू करने का ऐलान किया। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने ओपीएस को मंजूरी दी। इन राज्यों का कहना है कि ओपीएस से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और यह उनका संवैधानिक अधिकार है, लेकिन केंद्र सरकार इसे वित्तीय दृष्टि से अस्थिर मानती है। पुरानी पेंशन योजना में निश्चित लाभ योजना यानी पेंशन की राशि पहले से तय होते हैं। पेंशन की गणना भी आसान है। आखिरी वेतन का 50 प्रतिशत+महंगाई भत्ता (डीए) मिलता है। पेंशन का पूरा खर्च राज्य या केंद्र सरकार के खजाने से होता है। कर्मचारी के लिए कोई निवेश जोखिम नहीं होता तथा उसको जीवनभर निश्चित आय की गारंटी रहती है। इसका नुकसान सरकार को होता है, क्योंकि उस पर वित्तीय बोझ लगातार बढ़ता है, खासकर जब रिटायर कर्मचारियों की संख्या तेजी से बढ़े।

वहीं, यूपीएस एक निश्चित अंशदान योजना है, यानी पेंशन निवेश पर आधारित। कर्मचारी मूल वेतन का 10 प्रतिशत और नियोक्ता 14 प्रतिशत (राज्य/केंद्र) देता है। रकम पेंशन फंड मैनेजर के जरिए शेयर, बॉन्ड, सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश होती है। पेंशन की राशि निवेश से होने वाले रिटर्न पर निर्भर है और निश्चित नहीं है। बाजार में उतार-चढ़ाव का सीधा असर पेंशन पर पड़ता है। इस स्कीम का फायदा यह है कि सरकार पर वित्तीय बोझ सीमित होता है, भविष्य के लिए पेंशन खर्च का अनुमान लगाना आसान रहता है। हिमाचल समेत देशभर में कर्मचारियों का बड़ा वर्ग ओपीएस को यूपीएस से बेहतर मानता है। इसका सबसे बड़ा कारण आर्थिक सुरक्षा है, क्योंकि इसमें रिटायरमेंट के बाद निश्चित आय मिलती है, जो महंगाई के साथ बढ़ती है। निवेश जोखिम शून्य है। यूपीएस में शेयर बाजार में गिरावट होने पर पेंशन घट सकती है, जबकि ओपीएस में यह खतरा नहीं होता। ओपीएस में फैमिली पेंशन का स्पष्ट प्रावधान है, जिससे परिवार की सुरक्षा होती है। जीवनयापन में स्थिरता आती है। सरकारी कर्मचारियों का कहना है कि ओपीएस के बिना रिटायरमेंट के बाद जीवनयापन मुश्किल हो जाएगा, खासकर महंगाई के दौर में। ओपीएस का सबसे बड़ा विरोध वित्तीय मोर्चे पर है। केंद्र सरकार का तर्क है कि ओपीएस से राज्यों का पेंशन बोझ अनियंत्रित रूप से बढ़ जाएगा। हिमाचल का पेंशन बिल पहले से ही सालाना 8,000 करोड़ रुपए से ज्यादा है, जो आने वाले वर्षों में और तेजी से बढ़ सकता है। राजनीतिक रूप से ओपीएस बहाली को कर्मचारी वोट बैंक को साधने का मजबूत हथियार माना जाता है। यही वजह है कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इसे चुनावी घोषणा-पत्र में शामिल करते हैं।

हिमाचल में ओपीएस लागू करना केवल राज्य सरकार के फैसले से संभव नहीं होगा, क्योंकि एनपीएस में जमा कर्मचारियों के फंड पर केंद्र का नियंत्रण है। यदि केंद्र फंड ट्रांसफर से इनकार करता है, तो राज्य को अतिरिक्त संसाधन जुटाने होंगे। राजस्व बढ़ाने के लिए टैक्स सुधार करने होंगे। पर्यटन और उद्योग से आय बढ़ाना ही एकमात्र जरिया है। जरूरी परियोजनाओं और प्रशासनिक खर्च में कमी लानी होगी। उधारी की लागत और पुनर्भुगतान योजना में सुधार भी करना होगा। पेंशन योजनाओं की बहस सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा और राजनीतिक वादों से जुड़ा मुद्दा है। कर्मचारियों की नजर में ओपीएस ज्यादा भरोसेमंद और सुरक्षित है, जबकि केंद्र और कुछ अर्थशास्त्रियों की नजर में यूपीएस लंबी अवधि में वित्तीय रूप से टिकाऊ है। हिमाचल के मामले में, यदि सुक्खू सरकार वाकई ओपीएस को जारी रखना चाहती है, तो उसे केंद्र के साथ टकराव की बजाए सहमति का रास्ता अपनाना होगा और वैकल्पिक वित्तीय स्रोत ढूंढने होंगे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के चौथे राष्ट्रपति

**वाराहगिरि** वेंकट गिरि भारत के चौथे राष्ट्रपति थे। 'भारत रत्न' से सम्मानित वीवी गिरि भारत के कार्यवाहक राष्ट्रपति के अतिरिक्त उपराष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, केरल के राज्यपाल और कर्नाटक के राज्यपाल भी रहे। वीवी गिरि के नाम से विख्यात भारत के चौथे राष्ट्रपति 'वाराहगिरि वेंकट गिरि' का जन्म बेहरामपुर, ओडिशा में हुआ था। वह 'डब्लिन यूनिवर्सिटी' में कानून की पढ़ाई करने के लिए आयरलैंड चले गए। वहां वह डी वलेरा जैसे प्रसिद्ध ब्रिटिश विद्रोही के संपर्क में आने और उनसे प्रभावित होने के बाद आयरलैंड की स्वतंत्रता के लिए चल रहे 'सिन फीन आंदोलन' से जुड़ गए। परिणामस्वरूप आयरलैंड से उन्हें निष्कासित कर दिया गया। प्रथम विश्व युद्ध के समय सन 1916 में वीवी गिरि वापस भारत लौट आए। भारत लौटने के तुरंत बाद वह 'श्रमिक आंदोलन' से जुड़ गए। ■



वीवी गिरि
जन्म : 10 अगस्त, 1894
मृत्यु : 23 जून,1980



कविता

### प्रकृति की नाराजगी है भयंकर

संजय एम तराणेकर

*नाराज प्रकृति की नाराजगी हैं भयंकर,*
*स्वार्थवश संसाधनों का 'दोहन' निरंतर।*
*प्रकृति-मानव का संबंध सदियों पुराना,*
*ऊपर उठाया लाभ चुरा लिया खजाना।*
*पिघल रहे ग्लेशियर जलवायु परिवर्तन,*
*असमय बाढ़, सूखा, तूफान, भूस्खलन।*
*प्राकृतिक विपदाओं से जूझ रहा मानव,*
*मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका में दानव।*
*अचानक बाढ़ गांवों का अस्तित्व मिटा,*
*घटनाओं ने जन-धन का नुकसान लूटा।*
*इस भीषण तबाही के हम साक्षी बने हैं,*
*सालों की मेहनत 30 सेकंड ले चले हैं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# 'जंगल के राजा' का भविष्य और हमारा कर्तव्य



विश्व शेर दिवस पर विशेष

विश्व शेर दिवस केवल वन्यजीव प्रेमियों का एक उत्सव मात्र नहीं है, बल्कि यह एक गंभीर स्मरण है कि धरती पर जीवन की विविधता को बनाए रखने में प्रत्येक प्रजाति की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। जब हम शेर की बात करते हैं, तो हमारे मानस पटल पर सबसे पहले उभरती है, उसकी शान, उसका गौरव और उसकी अदम्य शक्ति, जिसे सदियों से 'जंगल का राजा' कहा जाता रहा है। किंतु इस उपाधि के पीछे का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक हो सकता है, जब हम यह सुनिश्चित करें कि यह राजा अपने प्राकृतिक क्षेत्र में सुरक्षित और समृद्ध बना रहे।



डॉ. निवेदिता शर्मा
सामाजिक कार्यकर्ता

भारत के संदर्भ में यह चर्चा और भी प्रासंगिक हो जाती है, क्योंकि यहां एशियाई शेर की एकमात्र आबादी गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में पाई जाती है, जो पूरी दुनिया में अद्वितीय है। एशियाई शेर एक समय पूरे एशिया, मध्य-पूर्व और भूमध्यसागरीय क्षेत्र में फैले हुए थे, किंतु मानव विस्तार, शिकार और आवासीय क्षरण ने इनके विस्तार को लगातार सीमित किया और 20वीं सदी की शुरुआत तक यह प्रजाति केवल काठियावाड़ के गिर जंगलों तक सिमट गई, किंतु आज उनकी संख्या बढ़ने के समाचार उत्साहवर्धक कहे जा सकते हैं। 2020 में 674 की तुलना में मई 2025 में इनकी अनुमानित संख्या 891 तक पहुंच गई है, जो लगभग 32 प्रतिशत की वृद्धि है। यह उपलब्धि निस्संदेह गुजरात सरकार, वन विभाग, 'प्रोजेक्ट लायन' और स्थानीय समुदायों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है, लेकिन यह भी सच है कि किसी भी प्रजाति के संरक्षण की यात्रा में केवल संख्या वृद्धि ही सफलता का एकमात्र पैमाना नहीं हो सकता, उनके लिए स्थायी और सुरक्षित आवास, मानव-वन्यजीव संघर्ष का समाधान और जीन-पूल की विविधता का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है।

गुजरात में शेर केवल गिर राष्ट्रीय उद्यान तक सीमित नहीं हैं। पिछले कुछ वर्षों में उनका प्राकृतिक विस्तार बढ़कर सौराष्ट्र के 11 जिलों में लगभग 35,000 वर्ग किलोमीटर में फैल चुका है। यह क्षेत्रीय प्रसार दोहरा संदेश देता है कि गिर का पारंपरिक आवास अब शेरों की बढ़ती संख्या को समेटने में सक्षम नहीं रहा। वहीं, आज यह भी बता रहा है कि शेर प्राकृतिक रूप से नए इलाकों को अपनाने में सक्षम है, बशर्ते वहां पर्याप्त शिकार और पानी की उपलब्धता हो। इसी संदर्भ में बरदा वन्यजीव अभयारण्य का महत्व बढ़ जाता है, जो पोरबंदर और देवभूमि द्वारका जिलों में 192.31 वर्ग किलोमीटर में फैला है और अब एशियाई शेरों का दूसरा घर बनकर उभर रहा है।

2023 में शेरों के प्राकृतिक प्रवास के बाद यहां की संख्या 17 तक पहुंच गई, जिनमें 6 वयस्क और 11 शावक शामिल हैं। यह विकास केवल एक पारिस्थितिक घटना नहीं है, बल्कि यह प्रमाण है कि यदि हम उपयुक्त परिस्थितियां उपलब्ध कराएं, तो शेर स्वयं अपने अस्तित्व के लिए नए रास्ते तलाश सकते हैं। वास्तव में बरदा का महत्व केवल शेर संरक्षण तक सीमित नहीं है। यह क्षेत्र एक समृद्ध जैव-विविधता हॉटस्पॉट है, जहां विभिन्न वनस्पतियां, पक्षी और अन्य वन्यजीव प्रजातियां पाई जाती हैं। इसका द्वारका-पोरबंदर-सोमनाथ पर्यटन सर्किट के निकट होना, इसे न केवल संरक्षण के दृष्टिकोण से बल्कि पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिहाज से भी एक अवसर बनाता है। लगभग 248 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रस्तावित सफारी पार्क इसी दिशा में एक कदम है, जिससे न केवल वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि नियंत्रित और जिम्मेदार पर्यटन से स्थानीय समुदायों को भी आर्थिक लाभ होगा। राज्य सरकार द्वारा भूमि आवंटन और लगभग 180 करोड़ रुपए के संरक्षण कार्यों की शुरुआत इस बात का संकेत है कि नीति-निर्माण अब संरक्षण को विकास के साथ जोड़ने की कोशिश कर रहा है। फिर भी, शेर संरक्षण की राह चुनौतियों से मुक्त नहीं है। सबसे बड़ी चुनौती है मानव-वन्यजीव संघर्ष।

जैसे-जैसे शेरों का विस्तार कृषि क्षेत्रों और मानव बस्तियों के निकट हो रहा है, वैसे-वैसे मवेशियों के शिकार, लोगों की सुरक्षा और फसल क्षति जैसे मुद्दे बढ़ रहे हैं। इसका समाधान केवल क्षतिपूर्ति योजनाओं या वन विभाग के त्वरित हस्तक्षेप से संभव नहीं है, इसके लिए दीर्घकालिक सामुदायिक सहभागिता और सह-अस्तित्व की रणनीतियां जरूरी हैं। ग्रामीण समुदायों को यह महसूस कराना कि शेर केवल खतरा नहीं, बल्कि उनकी सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान का हिस्सा हैं, एक कठिन लेकिन आवश्यक कार्य है। गुजरात में कई गांवों ने इसे अपनी परंपरा और गर्व के रूप में अपनाया है, लेकिन यह भावनात्मक जुड़ाव सभी क्षेत्रों में समान रूप से विकसित करना होगा। एक और गंभीर मुद्दा है जीन-पूल की सीमित विविधता। चूंकि पूरी एशियाई शेर आबादी एक ही भौगोलिक क्षेत्र में केंद्रित है, इसलिए किसी भी महामारी, प्राकृतिक आपदा या बड़े पैमाने पर आवासीय क्षति से पूरी प्रजाति को खतरा हो सकता है।

विशेषज्ञ लंबे समय से सुझाव दे रहे हैं कि शेरों की एक दूसरी स्थायी आबादी किसी अन्य राज्य या भौगोलिक क्षेत्र में बसाई जाए, ताकि जोखिम का बंटवारा हो सके। इस दिशा में कई योजनाएं बनीं, लेकिन राजनीतिक, प्रशासनिक और स्थानीय प्रतिरोध के कारण वे अब तक मूर्त रूप नहीं ले पाईं। जलवायु परिवर्तन भी शेर संरक्षण के भविष्य में एक अनदेखा लेकिन बड़ा कारक है। बदलते मौसम पैटर्न, पानी के स्रोतों पर दबाव और चरागाहों की गुणवत्ता में गिरावट दीर्घकाल में शेरों के शिकार आधार को प्रभावित कर सकती है। यदि हिरण, नीलगाय और अन्य शिकार प्रजातियों की संख्या घटेगी, तो शेरों के लिए पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराना कठिन हो जाएगा। इसलिए, शेर संरक्षण को केवल 'शेर बचाओ' कार्यक्रम तक सीमित रखने के बजाए, इसे एक समग्र पारिस्थितिक प्रबंधन के रूप में देखना होगा। कहना होगा कि आज जब हम विश्व शेर दिवस मना रहे हैं, तो यह अवसर है प्राकृतिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परिदृश्य का जीवंत प्रतीक के लिए।

शेर की दहाड़ में केवल शक्ति का स्वर नहीं, बल्कि प्रकृति की उस जटिल शृंखला की प्रतिध्वनि है, जिसका हिस्सा हम भी हैं। यदि यह दहाड़ कभी थम गई, तो इसका अर्थ होगा कि हमने अपने पारिस्थितिक संतुलन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ खो दिया है। इसलिए, शेर संरक्षण को केवल वन विभाग या सरकारी योजनाओं की जिम्मेदारी न मानकर, इसे लोक के स्वभाव का अंग बनाना बनाना होगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# रक्षा उत्पादन में भारत की आत्मनिर्भरता का नया अध्याय शुरू

इस वर्ष भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 1,50,590 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। इस तरह भारत के रक्षा औद्योगिक इतिहास में नया अध्याय लिख गया है। यह केवल एक रिकॉर्ड तोड़ संख्या नहीं, बल्कि उस परिवर्तन का प्रतीक है, जिसकी नींव पिछले एक दशक में रखी गई और जिसे अब ठोस परिणाम के रूप में देखा जा सकता है।



डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वास्तव में यह राष्ट्रीय सुरक्षा, औद्योगिक आत्मनिर्भरता और रणनीतिक सामर्थ्य के क्षेत्र में भारत के दीर्घकालिक प्रयासों की परिणति है। पिछले वर्ष के 1.27 लाख करोड़ रुपए के उत्पादन की तुलना में यह 18 प्रतिशत की सशक्त वृद्धि है, जबकि 2019-20 के 79,071 करोड़ रुपए की तुलना में लगभग 90 प्रतिशत की छलांग है, जो यह दर्शाती है कि भारत ने रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में कितनी तेज़ी से प्रगति की। यह तथ्य है कि 2019-20 के 79,071 करोड़ रुपए की तुलना में 90 प्रतिशत की विस्मयकारी छलांग है।

इन आंकड़ों के पीछे पिछले दशक में अपनाई गई नीतियों, सुधारों और निवेशों की पूरी श्रृंखला है, जिसने भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर रक्षा उत्पादन विभाग, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स), अन्य सार्वजनिक निर्माताओं और निजी उद्योग के सभी हितधारकों की भूमिका की सराहना की है। उन्होंने इसे भारत के मजबूत होते रक्षा औद्योगिक आधार का स्पष्ट संकेत बताया है।



वस्तुतः यह कथन केवल औपचारिक प्रशंसा नहीं है, बल्कि एक नीतिगत घोषणा भी है कि भारत का रक्षा उद्योग अब एक ऐसे स्तर पर पहुंच चुका है, जहां वह न केवल घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है, बल्कि निर्यात में भी वैश्विक प्रतिस्पर्धा कर सकता है। अब जरा उत्पादन में सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों की भूमिकाओं पर नजर डालें तो तस्वीर और स्पष्ट होती है। डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स (डीपीएसयू) और अन्य सार्वजनिक उपक्रम कुल उत्पादन का लगभग 77 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं, जबकि निजी क्षेत्र का योगदान 23 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।

यह आंकड़ा एफवाई 2023-24 में 21 प्रतिशत था, जो दर्शाता है कि निजी उद्योग की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। यह वृद्धि केवल प्रतिशत में नहीं, बल्कि वास्तविक उत्पादन में भी दिखती है; एफवाई 2024-25 में निजी क्षेत्र के उत्पादन में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र में यह 16 प्रतिशत रही। इसका अर्थ है कि निजी उद्योग न केवल रक्षा विनिर्माण में अधिक निवेश कर रहा है, बल्कि उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में भी तेजी से प्रगति कर रहा है।

इसके अलावा, परियोजनाओं के समय पर पूरा होने, लागत नियंत्रण और अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरने की चुनौतियां भी हैं, किंतु यदि मौजूदा नीतिगत गति और औद्योगिक निवेश की प्रवृत्ति बनी रही, तो 2029 तक भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 3 लाख करोड़ रुपए और रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपए के पार पहुंच सकता है। उस स्थिति में भारत न केवल आत्मनिर्भर होगा, बल्कि मित्र देशों के लिए भी भरोसेमंद रक्षा आपूर्ति स्रोत बनेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**जलवायु** परिवर्तन आज सबसे बड़ी वैश्विक चुनौतियों में से एक बन चुका है। बढ़ते तापमान, समुद्र स्तर में वृद्धि, सूखा, बाढ़ और असामान्य मौसम की घटनाएं इसकी प्रमुख लक्षण हैं। मुख्य कारणों में वनविनाश, औद्योगिकीकरण और बढ़ते कार्बन उत्सर्जन शामिल हैं। ग्रीनहाउस गैसों का अत्यधिक उत्सर्जन पृथ्वी के तापमान को बढ़ाता है, जिससे प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है। इस परिवर्तन का असर न केवल कृषि और जलवायु पर, बल्कि मानव स्वास्थ्य और वन्य जीवों पर भी पड़ रहा है। यदि तत्काल कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है। हमें नवीकरणीय ऊर्जा, पौधरोपण और ऊर्जा संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

**-राधा, नगरोटा बगवां**

# टैबलेट या सरकारी खिलौने? तकनीकी शिक्षा का बड़ा धोखा

कोविड-19 ने भारत समेत पूरी दुनिया को शिक्षा के डिजिटल स्वरूप की अहमियत से रू-ब-रू कराया। जब स्कूल बंद थे, तब ऑनलाइन क्लास ही बच्चों की एकमात्र शैक्षणिक जीवन रेखा बनी। ऐसे में हरियाणा सरकार द्वारा 700 करोड़ की लागत से 5 लाख छात्रों को टैबलेट बांटना एक प्रशंसनीय निर्णय प्रतीत हुआ। योजना थी कि छात्र आधुनिक तकनीक से जुड़ेंगे, डिजिटल ज्ञान की दुनिया में कदम रखेंगे और सरकारी शिक्षा का स्तर ऊंचा उठेगा, लेकिन जैसे-जैसे वक्त बीता, यह योजना एक झूठे वादे, दिखावटी प्रयास और भारी भरकम बजट की बर्बादी में बदलती गई।



डॉ. सत्यवान सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

एक रिपोर्ट ने इस योजना की सच्चाई उजागर की। रिपोर्ट के अनुसार, टैबलेट वितरण के तीन साल बाद भी छात्रों ने इनका सही उपयोग नहीं किया। ये टैबलेट आज बिना सिम, बिना इंटरनेट सुविधा और बिना कोई तकनीकी सहायता के बंद पड़े हैं। इनमें तीन साल का सिलेबस जरूर अपलोड है, पर पढ़ाई नहीं हुई। शिक्षा मंत्री तक को अब इस स्थिति की जानकारी मिली है और वे मुख्यमंत्री से मिलने की तैयारी में हैं। यह कोई साधारण चूक नहीं है। यह शिक्षा के नाम पर किया गया राजनीतिक ढकोसला है। ऐसी योजनाएं न केवल छात्रों का समय और भविष्य बर्बाद करती हैं, बल्कि समाज के सबसे कमजोर तबके-गरीब, दलित, ग्रामीण बच्चों के साथ अन्याय भी करती हैं, जो केवल सरकारी स्कूलों में ही पढ़ पाते हैं। प्रश्न यह है कि इतनी बड़ी योजना की बुनियादी विफलता का जिम्मेदार कौन है? सरकार ने बिना जमीनी तैयारी किए यह योजना लागू की। टैबलेट तो बांट दिए गए, लेकिन इनमें सिम कार्ड या नेटवर्क नहीं था। स्कूलों में वाई-फाई की व्यवस्था नहीं थी। शिक्षकों को प्रशिक्षण नहीं दिया गया कि इन टैबलेट्स से पढ़ाना कैसे है।

तकनीकी सहायता के लिए कोई हेल्पलाइन या सपोर्ट स्टाफ नहीं था। बच्चों के घरों में बिजली और चार्जिंग की सुविधा भी सुनिश्चित नहीं की गई। इन बुनियादी सवालों को दरकिनार कर केवल टैब बांटना ही योजना मान लिया गया। यह सोच ही असफलता का बीज थी। टैबलेट बांटना ही शिक्षा नहीं है, बल्कि उन्हें उपयोगी बनाना, बच्चों को प्रशिक्षित करना, और शिक्षकों को इसके प्रति संवेदनशील बनाना असल काम था। इस विफलता का बड़ा कारण हमारी नौकरशाही और राजनीतिक संस्कृति है, जहां योजनाएं सिर्फ 'दिखावे' के लिए बनाई जाती हैं। फोटो खिंचवाना, प्रेस विज्ञप्ति जारी करना और सोशल मीडिया पर तालियां बटोरना असली उद्देश्य बन जाता है। योजना जमीन पर कैसे उतर रही है, इसकी कोई जवाबदेही नहीं होती। इसका सीधा असर बच्चों पर पड़ा है। सोचिए एक ग्रामीण बच्चे को टैबलेट तो मिला, लेकिन उसमें इंटरनेट नहीं, शिक्षक नहीं, मार्गदर्शन नहीं, ऐसे में वह टैबलेट उसके लिए सिर्फ एक इलेक्ट्रॉनिक खिलौना बनकर रह गया।



योजना का दूसरा पहलू यह है कि शिक्षा विभाग ने इन टैबलेट्स में पहले से ही तीन साल का सिलेबस अपलोड कर दिया था। यानी मान लिया गया कि बच्चों को बस टैब मिल जाए, पढ़ाई अपने आप हो जाएगी। यह सोच बताती है कि शिक्षा विभाग बच्चों को 'उपभोक्ता' की तरह देख रहा है, 'विद्यार्थी' की तरह नहीं। अब सवाल यह उठता है कि क्या टैबलेट में पाठ्यक्रम अपलोड कर देना ही शिक्षा है? क्या शिक्षक की भूमिका इतनी नगण्य हो गई है कि वह केवल एक फॉर्मेलिटी भर है? क्या डिजिटल शिक्षा का अर्थ केवल डिवाइस बांटना भर है? शिक्षा एक संवाद है, एक दोतरफा प्रक्रिया। इसमें तकनीक एक माध्यम हो सकता है, साध्य नहीं। जब तक शिक्षक, छात्र और सामग्री तीनों एक साथ न जुड़ें, तब तक शिक्षा अधूरी है। टैबलेट अकेले इस त्रिकोण को पूरा नहीं कर सकते। इस पूरे घटनाक्रम में एक और हैरान कर देने वाली बात यह है कि योजना के तीन साल बाद तक भी कोई ऑडिट नहीं हुआ। किसी अधिकारी ने यह जानने की कोशिश नहीं की कि टैबलेट इस्तेमाल हो रहे हैं या नहीं। यह दर्शाता है कि शिक्षा विभाग में योजना का मूल्यांकन और निगरानी तंत्र कितना कमजोर है।

सच्चाई यह है कि इस तरह की योजनाओं में भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और राजनीतिक प्रचार का एक घिनौना खेल चलता है। टैबलेट की खरीद से लेकर वितरण तक कई स्तरों पर घालमेल संभव है और यही कारण है कि शिक्षा विभाग इस विफलता पर चुप्पी साधे बैठा है। क्या इसका समाधान नहीं है, बिलकुल है। सरकार को तुरंत टैबलेट्स की स्थिति का सर्वेक्षण करवाना चाहिए। हर स्कूल में वाई-फाई सुविधा अनिवार्य रूप से स्थापित होनी चाहिए। शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जाए। हर स्कूल में एक तकनीकी सहायक नियुक्त किया जाए। हर महीने टैबलेट उपयोग का डेटा सार्वजनिक किया जाए। भविष्य में कोई भी डिजिटल योजना लागू करने से पहले पायलट प्रोजेक्ट जरूरी हो और सबसे ज़रूरी बात शिक्षा के क्षेत्र में नीति बनाते समय ज़मीन से जुड़े शिक्षकों और छात्रों की राय को शामिल किया जाए। केवल सचिवालय में बैठकर योजनाएं बनाना अब शिक्षा के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। हमें यह समझना होगा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाला बच्चा भी एक सपना लेकर आता है जो कि डॉक्टर, वैज्ञानिक, टीचर या लेखक बनना चाहता है, लेकिन जब उसे ऐसे बंद टैबलेट थमाए जाते हैं, तो यह उसके सपनों के साथ धोखा होता है।

टैबलेट योजना एक चेतावनी है कि यदि सरकारें शिक्षा को प्रचार माध्यम समझती रहीं, तो लाखों बच्चों का भविष्य अंधेरे में चला जाएगा। शिक्षा का डिजिटलीकरण आवश्यक है, लेकिन वह केवल उपकरणों से नहीं, बल्कि नीति, प्रशिक्षण और निगरानी से संभव है। इसलिए समय आ गया है कि हम तकनीक के पीछे भागना छोड़, उसके बेहतर इस्तेमाल की समझ विकसित करें। टैबलेट के नाम पर 700 करोड़ जलाने से बेहतर होता कि उस पैसे से हजारों स्कूलों में लाइब्रेरी, लैब और प्रशिक्षित शिक्षक नियुक्त किए जाते। आज जरूरत है शिक्षा को सेवा की तरह देखा जाए, सौदे की तरह नहीं और छात्रों को ग्राहक नहीं, भविष्य का निर्माता समझा जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सोशल मीडिया और हमारी पहचान : आभासी आख्यानों में उलझता अंतर्मन

आज के **algorithm dictated digital** युग में, सोशल मीडिया हमारे जीवन का वह अविभाज्य अंग बन चुका है, जिस पर हमारी निर्भरता की सूक्ष्मता का अनुमान लगा पाना शायद नामुमकिन है। जहां एक ओर इस की सशक्त उपयोगिता के प्रमाण हैं, वहीं दूसरी ओर इसके छद्म आवरण पग-पग पर छलने के नए परिमाण प्रस्तुत करते हैं।



अन्नू रानी शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ऐसा प्रतीत भर होता है कि यह हमें अपनी बात कहने की स्वतंत्रता देता है, परंतु गहराई से देखने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि हम एक ऐसे आभासी मायाजाल में उलझते जा रहे हैं, जहां हमारी अपनी सच्ची आवाज, हमारी असल पहचान कहीं गुम हो रही है, **digi** दलदल की भेंट चढ़ रही है। हम **click** और **scroll** के ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां रिमोट हमारे हाथ में तो होता है, किंतु निर्णय लेने की शक्ति अब हमारी नहीं रही। यह शक्ति **algorithm** और **trend** की कृत्रिम बुद्धि / और **controlled patterns** के आधीन होती जा रही है।

**Reels, viral videos** और **viral trends** हमारी सोच को इस हद तक प्रभावित करने लगे हैं कि हम अपने गहरे संस्कारों और आत्मिक धारणाओं से विभक्त होते जा रहे हैं। जब किसी सामाजिक मुद्दे पर बहस छिड़ती है, तो तथ्य जैसे दूर कहीं पीछे छूट जाते हैं। जोर पकड़ते दिखते हैं तो बस, भावनात्मक आवेश, विचारधारात्मक ध्रुवीकरण और **narrative** गढ़ने की होड़ और इस सारे खेल में, एक सामान्य दर्शक, बिना संपूर्ण सत्य जाने, किसी भी पक्ष का अंध-समर्थक या अंध-विरोधी बन जाता है। हमारे अंतर्मन की आवाज, हमारी सोचने की स्वतंत्रता धीरे-धीरे इस **narrative-flood** में गुम हो जाती है। हमारी सोच इन **algorithms** की **alluring rhythms** पर कठपुतलियों के समान नृत्य करती प्रतीत होती है।



यह स्थिति केवल मानसिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और बौद्धिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण है। हमारी 'ज्ञान' की चाह, आज महज 'जानकारी' इकट्ठा करने की चेष्ठा में बदलती जा रही है। गौर से देखें तो ज्ञान और जानकारी में कुछ मूलभूत अंतर है। ज्ञान अनुभव और आत्मचिंतन से उपजता है, जबकि जानकारी इक तरह से केवल तथ्य और आंकड़ों का संग्रह है। यह तथाकथित 'सूचनात्मक समृद्धि', वैचारिक संपन्नता नहीं बन पा रही है; बल्कि यह एक मानसिक बोझ में बदल रही है। एक होड़, अपनी बात को तथ्यों के जमघट के जरिए सिद्ध करने की। हमारे जीवन पर **surveillance** की पकड़ और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का बढ़ता नियंत्रण इस बात की ओर इशारा करता है कि हम **AI** के संचालक नहीं, अब धीरे-धीरे उसके द्वारा संचालित प्राणी बनते जा रहे हैं। **CCTV** कैमरों से लेकर व्यक्तिगत डेटा विश्लेषण तक, हम निरंतर एक ऐसी निगरानी की दुनिया में जी रहे हैं, जहां हमारी निजता, हमारी स्वतंत्रता और हमारा मौलिक चिंतन पराया होता जा रहा है, या यूं कहें वैचारिक प्रदूषण का शिकार हो रहा है। **Information pollution !** हम आखिर किस दिशा में बढ़ रहे हैं? ये न केवल चिंतनीय है, बल्कि चिंताजनक भी। क्या यह वस्तुत: विकास की दिशा है या आत्म-विस्मृति की? क्या यह सूचना-समृद्धि का प्रकाश है या आत्मबोध हीनता का अंधकार?

यह स्थिति वैसी ही है जैसी की रेगिस्तान में मृगतृष्णा के प्रभाव से उत्पन्न होती है। जहां बहुत कुछ दिख तो रहा है, पर वास्तविक-कुछ भी नहीं। क्या यही है हमारा **Artificial intelligence** से **Artificial Emotions** की **Digi Yatra** का पहला पड़ाव? यह सोचते हुए अपनी ही कविता का ये अंश याद आ जाता है 'हसीन रंगीन मुखौटे, सभी ने तो पहने हुए हैं, बेशुमार बेहतरीन, मुखौटे।'

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जोगिंद्रनगर में बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधा प्यार का बंधन

अभिषेक, अनंत ज्ञान



**जोगिंद्रनगर।** भाई-बहन के अटूट स्नेह और रक्षा के वचन का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन शनिवार को जोगिंद्रनगर व आसपास के क्षेत्रों में धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर के बाजारों में रौनक दिखाई दी। राखी और मिठाइयों की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। बहनें ने सजे-धजे थालों में राखियां, अक्षत, मिठाई और दीप रखकर अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, तिलक किया और उनके सुख, समृद्धि व दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट किए और जीवनभर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर छोटे बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला। नन्हीं बहनों ने अपने छोटे और बड़े भाइयों को राखियां बांधी, वहीं छोटे भाइयों ने भी अपनी बहनों को प्यार और तोहफे देकर त्योहार की खुशियों को दोगुना कर दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस त्योहार की खुशियों का आनंद लिया। रक्षाबंधन ने एक बार फिर भाई-बहन के रिश्ते की मिठास और पारिवारिक एकता को और मजबूत कर दिया।

# 9 दिन बाद भी नहीं खुला पंडोह कैंची मोड़ पर शिवाबदार मार्ग, एनएच बन रहा बाधा

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** पंडोह के कैंची मोड़ के समीप शिवाबदार मार्ग को खोलने का कार्य 9 दिन बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। 1 अगस्त को भारी भूस्खलन के कारण यह मार्ग और नेशनल हाइवे पूरी तरह बंद हो गया था। 1 अगस्त को नेशनल हाईवे को एनएचआई ने कड़ी मशक्कत के बाद बहाल तो कर दिया है, लेकिन शिवाबदार मार्ग पर गिरी विशाल चट्टानों के कारण आवागमन अब तक ठप है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग और ठेकेदार मार्ग खोलने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं, लेकिन एनएच इस मार्ग की बहाली में बाधा बन रहा है। उनका कहना है कि शिवाबदार मार्ग के ठीक नीचे नेशनल हाईवे है, जिसे लंबे समय तक बंद रखना संभव नहीं है। यही वजह है कि बड़े-बड़े पत्थर हटाने के कार्य में दिक्कत आ रही है।



पंडोह के कैंची मोड़ के समीप शिवाबदार मार्ग पर भारी मलबा आने से बंद हुआ।

कंपनी के मैनेजर महेंद्र कुमार ने बताया की रास्ता खोलने का कार्य जारी है। मगर पहाड़ से बड़ी चट्टाने खिसक रही है और नीचे नेशनल हाइवे है। मौसम भी साथ नहीं दे रहा। जिस कारण देरी हो रही है। अगर स्थिति ठीक रही रविवार शाम तक शिवाबदार मार्ग खुलने की संभावना है।

ग्रामीणों में पवन कुमार और राम चंद्र नें बताया कि 2 वर्ष पहले पंडोह का लाल पुल टूट जाने से पहले ही उन्हें भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, और अब शिवाबदार पहुंचने का यह इकलौता मार्ग भी एक अगस्त से बंद है। बुजुर्गों, बीमार लोगों और राशन सामग्री ले जाने में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। मंडी 7 मील की तरफ से शिवाबदार एवं अन्य पंचायतों को जोड़ने वाला मार्ग भी जगह-जगह भूस्खलन से बाधित और जोखिम भरा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निवेदन किया है कि एनएचएआई से समन्वय करके एनएच को कुछ समय के लिए बंद कर शिवाबदार मार्ग को जल्द से जल्द बहाल किया जाए।

**राशन लाने और बीमार लोगों को हो रही परेशानी**

# पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से भूस्खलन ग्रामीणों की जमीन को हो रहा नुकसान



सड़क कटिंग के बाद रिटेनिंग वॉल निर्माण अधूरा होने से हो रहा भूस्खलन।

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**सुंदरनगर** उपमंडल के तहत ग्राम पंचायत सलापड़ कॉलोनी के खुराहल गांव में लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग एक वर्ष पहले सड़क चौड़ीकरण के लिए कटिंग कार्य किया गया था। लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण अब तक उस स्थान पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण नहीं किया गया। हाल के दिनों में हुई भारी बरसात से उस क्षेत्र में लगातार भूस्खलन हो रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों राम लाल व अमर सिंह की जमीन को गंभीर नुकसान पहुंचा है। जमीन मालिक राम लाल और अमर सिंह का कहना है कि वे कई बार विभाग को रिटेनिंग वॉल बनाने के लिए मौखिक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यदि समय रहते आवश्यक कार्य नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में नुकसान और भी बढ़ सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### 102 वर्ष बाद बिना भद्रा मनाया रक्षाबंधन पर्व

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** क्षेत्रभर में शनिवार को रक्षा बंधन का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। इस बार खास बात यह रही कि 102 वर्ष बाद यह त्योहार बिना भद्रा काल के पूरे दिन मनाया गया, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। बहनों ने भाइयों की कलाई पर रंग-बिरंगी राखियां बांधकर उनके दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की। धनेश्वरी गांव के पुरोहित पंडित राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि उनके दादा पंडित वामदेव और पिता पंडित गंगा राम रक्षा बंधन पर यजमानों को पर्व का महत्त्व बताते हुए रक्षा सूत्र बांधते थे। हालांकि, बढ़ती आबादी और व्यस्त जीवनशैली के चलते अब पहले जैसा पारंपरिक माहौल कम देखने को मिलता है।

### राज्य स्तरीय बाल बैडमिंटन स्पर्धा आज से

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राज्य स्तरीय छठी सीनियर व पहली सब-जूनियर बाल बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन बाल बैडमिंटन ग्राउंड चंडैश तहसील सरकाघाट जिला मंडी में 10 से 11 अगस्त तक करवाया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन मंडी जिला बॉल बैडमिंटन संघ द्वारा किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में आठ जिलों की पुरुषों व महिलाओं की सीनियर और लड़कों व लड़कियों की सब-जूनियर टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में लगभग 200 खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन कर लिया गया है। इस प्रतियोगिता से हिमाचल प्रदेश की सीनियर व सब-जूनियर टीमें चयनित की जाएंगी। ये टीमें आगामी राष्ट्रीय स्तर की 71वीं सीनियर और 44वीं सब-जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता तमिलनाडू में 24 सितंबर से 28 सितंबर तक होने वाली प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### शिव महापुराण कथा के दौरान उमड़ी भीड़

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थली महादेव के प्राचीन शिव मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा के चलते शनिवार को दूर-दूर से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं, रक्षाबंधन के पावन अवसर पर महादेव बाजार में भी खासा उत्साह देखने को मिला। बीती शाम तक मौनसूनी बारिश का सिलसिला जारी रहने के बावजूद बाजार में स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूरदराज से आए खरीददारों की भीड़ लगी रही। मौसम साफ रहने से त्योहार के दिन लोगों की दिनचर्या में रौनक और उल्लास लौट आया। बाजार में राखियों, मिठाइयों और त्योहार से जुड़ी वस्तुओं की बिक्री चरम पर रही। जगह-जगह भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को दर्शाते दृश्य नजर आए। रक्षाबंधन के इस अवसर ने न केवल बाजार को सजाया, बल्कि लोगों के दिलों में भी खुशी और अपनापन भर दिया।

### बसपा ने की आपदा पीड़ितों के पुनर्वास की मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की विशेष बैठक सरकाघाट में प्रदेशाध्यक्ष विक्रम नायर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा पर गहन चिंतन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आपदा से प्रभावित परिवारों को तत्काल भूमि उपलब्ध करवाकर उनके पुनः स्थापन की व्यवस्था की जाए। बसपा ने सरकार से आग्रह किया कि राहत और पुनर्वास कार्यों में देरी न की जाए। बैठक में यह भी तय किया गया कि बसपा धर्मपुर और सरकाघाट की सामूहिक अगली बैठक 19 अगस्त को सुबह 11 बजे सरकाघाट में होगी। इस बैठक में संगठन की आगामी रणनीति और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। इस मौके पर बसपा महासचिव कांशी राम, जिला अध्यक्ष बलवंत, अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रदेश सचिव एनसी भारद्वाज, अतिरिक्त प्रदेश प्रेस सचिव रमेश चंद, सरकाघाट खंड प्रधान अमी चंद, महासचिव रणजीत सिंह, महिला विंग की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अति देवी, हरीदास प्रजापति, हरनाम सिंह, मेहर चंद गारला समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### रिवालसर में लगाया खीर का भंडारा



**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान, रिवालसर।** श्रावण मास पूर्णिमा और रक्षाबंधन के पावन अवसर पर रिवालसर के स्थानीय स्वर्ण विक्रेता कपिल वर्मा ने खीर के भंडारे का आयोजन किया। इस भंडारे में आने-जाने वाले सभी लोगों ने प्रसाद स्वरूप स्वादिष्ट खीर का रसपान किया। आयोजकों ने राहगीरों के साथ-साथ सड़क से गुजरने वाली छोटी-बड़ी गाड़ियों को रोककर भी खीर वितरित की। गौरतलब है कि इस माह रिवालसर में मंदिर कमेटी, टैक्सी यूनियन, डॉ. देव के वर्मा सहित कई अन्य धार्मिक संस्थाओं, द्वारा खीर एवं लंगर के आयोजन लगे रहे। सनातन धर्म की प्राचीन परंपरा के अनुसार श्रावण मास में खीर का भंडारा लगाना पुण्य और सेवा का कार्य माना जाता है। धर्मनिष्ठ लोग इस परंपरा को जीवित रखकर समाज में सेवा, श्रद्धा और सद्भाव का संदेश प्रसारित कर रहे हैं।

### महाऋषि देव गहरी मंदिर में भंडारा आज

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** जिला मंडी के जोगिंद्रनगर के अंतर्गत आने वाले हराबाग के समीप मूलस्थल नागचला में स्थित महाऋषि देव गहरी मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण में रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर कमेटी हराबाग के प्रधान वीरी सिंह ने बताया कि पुरानी परम्परा के अनुसार 10 अगस्त को सुबह सबसे पहले तीर्थ व पवित्र स्थल में महाऋषि देग गहरी शाही स्नान करेंगे। सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर हवन तथा विशेष पूजा करने के बाद 11 बजे के बाद दिनभर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वीरी सिंह ने मंदिर कमेटी हराबाग के प्रधान वीरी सिंह ने कमेटी की ओर से आग्रह किया है कि भारी से भारी संख्या में आकर तीर्थ स्थल नागचला में पवित्र स्नान करने के साथ-साथ विशाल भंडारे का भरपूर आनंद उठाएं7

### 'आत्या-पात्या' खिलाड़ियों का चयन आज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** आत्या-पात्या एसोसिएशन जिला मंडी आत्या ओर से जिला स्तरीय खिलाड़ियों के चयन की घोषणा की गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार सिंह सचिव कंचन देव राणा और प्रेस सचिव संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि चयन प्रक्रिया 10 अगस्त को स्योट में सुबह 11 बजे आयोजित होगी। इस चयन में महिला और पुरुष दोनों वर्गों के सभी आयु वर्ग सब जूनियर, जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी अपने जन्म प्रमाण पत्र या आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लाएं। जन्म कार्ड की पोर्टल कॉपी भी मान्य होगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा और अनिल कुमार, संयुक्त सचिव दुनी चंद कटारिया व सतीश कुमार, कोषाध्यक्ष करमवीर बनैर तथा अन्य पदाधिकारियों ने जिला के सभी खिलाड़ियों से इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया है। चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला मंडी का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

# सड़क मार्ग पर गड्ढों को भरने का काम शुरू

## बेराज गेट के पास मार्ग पर वाहन चालकों व राहगीरों को हो रही थी परेशानी

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के शानन विद्युत परियोजना के तहत आने वाले बरोट क्षेत्र में उहल नदी में बने बेराज गेट के समीप सड़क मार्ग में गत कई वर्षों से लगभग दस पंद्रह फुट लंबा गहरा गड्ढा बना हुआ है। इसके चलते वहां से गुजरने वाले सभी वाहन चालकों जहां तक की राहगिरों को खासकर बरसात के मौसम में आवाजाही करने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हैं, मगर पंजाब राज्य बिजली बोर्ड ने इस गहरे गड्ढे को भरने की आजतक जहमत नहीं उठाई। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए बरोट पंचायत प्रधान डाक्टर रमेश ठाकुर ने वाहन चालकों व राहगीरों की सुविधा के लिए पंजाब राज्य बजली बोर्ड से अपील की थी। रमेश ठाकुर ने बताया कि जिसके चलते पंजाब राज्य बिजली बोर्ड ने इसका कड़ा संज्ञान लिया और बरोट में कार्यरत पंजाब राज्य बिजली बोर्ड ने अपने मजदूरों को लगाकर 9 अगस्त को सुबह बजे ही इस गड्ढे को भरने का कार्य करना शुरू कर दिया है यहां पर मौसम थमा रहने के चलते इसका कार्य दोपहर से से पूर्व ही पूर्ण कर वाहन चालकों और राहगीरों को आवाजाही के सुविधा मिल जाएगी।



प्रधान रमेश ठाकुर ने कहा कि इस गड्ढे भरने का कार्य 9 अगस्त को सुबह 9 बजे से लेकर 10 अगस्त को सुबह 9 बजे तक सड़क मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए पूर्ण रूप से बंद ही रखा गया है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से आग्रह किया है कि अपने तथा अपनी-अपनी गाड़ियों के आने-जाने के लिए अति आवश्यक होने पर ही गाड़ियों उपयोग करें और अपनी-अपनी गाड़ियों को पुल के आरपार लक्कड़ बाजार बरोट बाजार के नजदीक उचित स्थान पर खड़ी करके ही रखें अगर किसी अन्य स्थिति में किसी जरूरी कार्य के लिए आना-जाना हो तो वैकल्पिक मार्ग वाया ठंडी गुलाई से जीरो प्वाइंट सड़क मार्ग से होकर ही जाएं। डाक्टर रमेश ठाकुर ने इस कार्य के लिए सभी के सहयोग की अपील की है।

# चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे 18 घंटे बाद हुआ बहाल, जगह-जगह लंबा जाम

अनंत ज्ञान, पंडोह

**चंडीगढ़-मनाली** नेशनल हाईवे का मंडी-कुल्लू मार्ग 18 घंटे के लंबे इंतजार के बाद शनिवार दोपहर को बहाल हो सका।

शुक्रवार शाम करीब 5 बजे शुरू हुई भारी बारिश के बाद 6 बजे से ही हाईवे 9 मील, पंडोह डेम कैंची मोड़, कैंची मोड़ फोरलेन, जोगनी मोड़, दवाड़ा, झलोगी, बनाला शनि मंदिर और पनारसा सहित कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण बंद हो गया था। बरसात इतनी तेज थी कि शाम होते-होते वाहनों के पहिए थम गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई की टीमों ने सुबह लगातार मलबा हटाने का कार्य जारी रखा, जिसके बाद शनिवार दोपहर करीब 12 बजे हाईवे को एकतरफा यातायात के लिए खोला गया। हाईवे खुलते ही मार्ग पर भारी जाम लग गया। मंडी और कुल्लू, दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। चार से पांच स्थानों पर वन-वे यातायात के चलते यात्रियों को एक ही जगह पर घंटों इंतजार करना पड़ा। पुलिस प्रशासन ने हालात को संभालने के लिए मंडी की तरफ से आने वाले वाहनों को 9 मील और नागचला फोरलेन पर, जबकि कुल्लू की तरफ से आने वाले वाहनों को पनारसा से पहले सुरक्षित स्थानों पर रोका। पुलिस और प्रशासन की टीमें जगह-जगह मौजूद रहीं और ट्रैफिक को अपने देखरेख में आगे बढ़ाया।



चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर लगा लंबा जाम।

प्रशासन ने बरसात के मौसम में लोगों से अपील की है कि अनावश्यक यात्रा से बचें और मौसम व सड़क की स्थिति की जानकारी लेकर ही सफर करें।

# गुग्गा नवमी तक पूरे क्षेत्र की परिक्रमा करेंगे गुग्गा देव: राणा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आस्था और परंपरा के प्रतीक श्री गुग्गा देव सनोरिया की वार्षिक क्षेत्र परिक्रमा का शुभारंभ आज बड़े श्रद्धा भाव से किया गया। अमर सिंह राणा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुग्गा देव जी गुग्गा नवमी तक पूरे क्षेत्र की परिक्रमा करेंगे और इस दौरान विभिन्न गांवों में जाकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे। उन्होंने बताया कि गूगा जाहपीर मूलतः राजस्थान से हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश में भी इनकी गहरी आस्था देखने को मिलती है। प्रदेश में गोगा देव के कई मंदिर स्थापित हैं, जिनमें प्रमुख रूप से गोगा सनोरिया कुल्लू और गूंगा स्लोह पालमपुर के मंदिर शामिल हैं। इन मंदिरों में वर्षभर श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं, वहीं गूंगा स्लोह मंदिर में आज से वार्षिक मेले का शुभारंभ हो गया है।

# अब निर्धन व लावारिस मृतकों को ही मिलेगी फ्री लकड़ी

## सेवा संकल्प समिति ने लिया निर्णय, 33 रोगियों को दी 3 लाख की मदद

रितेश, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सेवा संकल्प समिति की मासिक बैठक समिति के अध्यक्ष चंद्रमणि की अध्यक्षता में समिति कार्यालय सरकाघाट में संपन्न हुई। बैठक में कई प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक की जानकारी देते हुए समिति के महासचिव राकेश पंकज ने बताया कि समिति, जो लंबे समय से श्मशानघाट सरकाघाट में दाह संस्कार के लिए निशुल्क लकड़ी उपलब्ध कराती आ रही है, ने अब नीति में बदलाव किया है और अब सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया कि अब मुफ्त लकड़ी केवल अत्यंत निर्धन परिवारों या लावारिस मृतकों के लिए ही दी जाएगी। अन्य सभी के लिए लकड़ी शुल्क रुपए तीन हजार प्रति शव निर्धारित किया गया है। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि यह कदम संसाधनों के सही और न्यायसंगत उपयोग के लिए उठाया गया है, ताकि वास्तव में जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके। बैठक में 20 सदस्यों ने भाग लिया और समाजसेवा से जुड़े कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की।



सेवा संकल्प समिति के सदस्य व साथ में माजूद हैं लाभान्वित।

इस अवसर पर 33 गंभीर रोगियों को कुल रुपये 2,77,500 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। समिति ने भविष्य में भी समाजहित में इस प्रकार की सेवाएं जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# विदेशी ई-कॉमर्स के खिलाफ मंडी में कल होगा 'शंखनाद' आंदोलन

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** विदेशी ईस्वदेशी जागरण मंच के अधीन स्वदेशी शोध संस्थान (विमर्श) की प्रांत प्रमुख अनुपमा सिंह ने कहा कि कॉमर्स कंपनियों की मनमानी नीतियों और स्थानीय व्यापार पर पड़ रहे दुष्प्रभावों के विरोध में मंडी शहर के सेरी मंच पर 11 अगस्त को प्रातः 10 बजे एक विशाल जन आंदोलन 'शंखनाद' आयोजित किया जा रहा है।

इसका उद्देश्य छोटे और मध्यम वर्गीय व्यापारियों के हितों की रक्षा तथा पारंपरिक व्यवसायिक ढांचे को बचाना है, क्योंकि वॉलमार्ट, फ्लिपकार्ट और अमेजन जैसी विदेशी कंपनियों की नीतियां देश के परंपरागत बाजार, दुकानदार और रोजगार को नुकसान पहुंचा रही हैं, जिससे व्यापारियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है और इसी के मद्देनज़र मंडी व्यापार मंडल, कोटली व्यापार मंडल, जोगिंदर नगर व्यापार मंडल, सुंदर नगर व्यापार मंडल, नेरचौक व्यापार मंडल, बग्गी व्यापार मंडल, रत्ती व्यापार मंडल, गोहर व्यापार मंडल, पनारसा व्यापार मंडल सहित दस से अधिक व्यापार मंडल इस आंदोलन के समर्थन में खुलकर सामने आए हैं, जबकि आयोजन की अगुवाई कर रही स्वदेशी जागरण मंच के अधीन स्वदेशी शोध संस्थान (विमर्श) की प्रांत प्रमुख अनुपमा सिंह ने मीडिया प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे 11 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे सेरी मंच, मंडी में पहुंचकर इस जन आंदोलन में सहयोग दें।

**स्थानीय व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा को लेकर व्यापार मंडलों में आक्रोश**

# टकोली में टोल टैक्स वसूलना नियमों के विरुद्ध

## राष्ट्रीय नियमों व केरल हाई कोर्ट का हवाला, एनएचएआई अधिकारी की दबंगई पर सवाल

भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान

> **टोल** टैक्स वसूली व अधिकारियों के असंवेदनशील व्यवहार पर पत्र लिखकर वसूली तत्काल निलंबित करने और संबंधित अधिकारी के आचरण के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से पत्राचार किया जाएगा।
> - दीपक शर्मा पूर्व अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी मंडी

**मंडी।** वर्तमान समय में चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग (फोरलेन) में मंडी से कुल्लू का क्षेत्र पूरी तरह असुरक्षित और जर्जर स्थिति में आ गया है। आए दिन भूस्खलन, पहाड़ी से पत्थर गिरने का खतरा, गहरे गड्ढे, निर्माण कार्य में खामियां और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के कारण लोगों को घंटों लंबा जाम झेलना पड़ रहा है।

यही नहीं इस जाम के चलते कई बार तो वाहन चालकों व आम जनता को भूखे प्यासे भी रहना पड़ रहा है। ऐसे हालातों में मंडी कुल्लू जिलों के सीमा पर स्थित टकोली टोल प्लाज़ा पर टैक्स वसूली न केवल अनुचित है बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दर निर्धारण एवं वसूली) नियम, 2008 की धारा 9(2) का स्पष्ट उल्लंघन प्रतीत हो रहा है। इस में कहा गया है कि यदि किसी राष्ट्रीय राजमार्ग, पुल या सुरंग का उपयोग यातायात के लिए असुरक्षित है अथवा निर्माण/मरम्मत के कारण गंभीर बाधा है और निर्धारित सेवा मानकों का पालन नहीं हो रहा है तो उस अवधि के लिए टोल वसूली निलंबित की जानी चाहिए।

दूसरी ओर केरल हाई कोर्ट के हालिया निर्णय में कहा गया है कि यदि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (एनएचएआई) सुरक्षित और सुनियोजित मार्ग उपलब्ध नहीं करवा पाए तो टोल टैक्स वसूली जनता के विश्वास के विरुद्ध है।

इसी बीच इस टोल प्लाजा के नजदीक झीड़ी में मंडी-मनाली फोरलेन पर अचानक हुए भूस्खलन की कवरेज के दौरान एक मीडियाकर्मी के साथ एनएचएआई के एक अधिकारी का अभद्र व्यवहार और थप्पड़ मारने की धमकी भी इस अथारिटी की कार्यप्रणाली और जन सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। ऐसे दोषी अधिकारी के खिलाफ कठोर कानूनी व विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करना आवश्यक है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कल्याणकारी सरकारों के द्वारा सड़कें जनता की सुविधा लिए होती हैं न कि मुनाफाखोरी और दबंगई के लिए। ऐसे में अब जनता के धैर्य की परीक्षा लेना बंद कर जवाबदेही तय होनी ही चाहिए।

# जोगिंद्रनगर में कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**जोगिंद्रनगर** के सनातन धर्म सभा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शनिवार से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। कथा व्यास महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 राम मोहन दास रामायणी जी ने वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के बीच कथा आरंभ कराई। कथा से पूर्व सनातन धर्म मंदिर सभा से साईं मंदिर तक एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से होकर यात्रा निकाली। मार्ग में श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई और जलपान की व्यवस्था भी रही।



जोगिंद्रनगर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ किया।

प्रवचन में रामायणी जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत पुराण ऐसा दिव्य ग्रंथ है, जिसके श्रवण मात्र से जीव को जीते जी मुक्ति और मरणोपरांत कल्याण मिलता है। रामचरितमानस जीवन में मृत्यु को स्वीकारना सिखाती है, भागवत पुराण जीवन और मृत्यु के बीच समय का सदुपयोग बताती है, जबकि भगवद् गीता कर्म संपन्न करने का मार्ग दर्शाती है। उन्होंने कहा कि कलयुग में भगवान के नाम का संकीर्तन सबसे सरल और प्रभावी साधन है। कमेटी के प्रधान जुगल किशोर गुप्ता ने बताया कि कथा 9 से 16 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक होगी। सुबह 7 से 9 बजे तक पूजन और 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

# खजूर की मुस्कान ने नीट परीक्षा में रचा इतिहास, डॉक्टर बनने का सपना साकार

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



लडभड़ोल क्षेत्र के खजूर गांव की मुस्कान नीट परीक्षा पास करने के उपरांत।

**लडभड़ोल** क्षेत्र के खजूर गांव की बेटी मुस्कान ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनने का सपना साकार किया है। साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली मुस्कान ने यह उपलब्धि हासिल कर अपने माता-पिता और मंडी जिले का नाम रोशन किया। उन्होंने सफलता का श्रेय अपनी माता अनिता देवी, पिता रघुनाथ शर्मा और गुरुजनों को दिया।

मुस्कान की माता गृहणी हैं जबकि पिता दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। विजय मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल धर्मपुर से जमा दो की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने डॉ. यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज नाहन में प्रवेश पाया है। मुस्कान ने युवाओं से कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि कड़ी मेहनत और लगन से ही हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उनकी सफलता से पूरे लडभड़ोल क्षेत्र में खुशी की लहर है।

**मुख्यमंत्री शगुन योजना** बीपीएल परिवार की लड़की को विवाह के लिए मिल रही 31 हजार रुपए सहायता राशि

# सुंदरनगर की 139 बेटियों को मिले 43 लाख के लाभ

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार बीपीएल, गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले और पिछड़े वर्गों के लोगों के उत्थान के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इनमें से एक है मुख्यमंत्री शगुन योजना। यह योजना गरीब परिवार की बेटियों

के लिए मददगार साबित हो रही है। योजना के तहत प्रदेश सरकार की ओर से गरीब परिवारों की बेटियों की शादी पर 31 हजार रुपए का शगुन दिया जाता है। बीपीएल परिवार से संबंध रखने वाली 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की लड़कियों और महिलाओं को विवाह के लिए अनुदान राशि देने का प्रावधान है।

बाल विकास परियोजना अधिकारी सुंदरनगर पूनम चौहान ने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा मंडी जिला के सुंदरनगर की 139 बेटियों की शादी के लिए इस योजना के तहत 43 लाख 09 हजार रुपए की सहायता राशि जारी की जा चुकी है। वित्त वर्ष 2023-24 में 62 बेटियों को 19 लाख 22 हजार, 2024-25 में 68 बेटियों को 21 लाख 08 हजार और 2025-26 में अभी तक 9 बेटियों को 2 लाख 79 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जा चुकी है। इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को 31-31 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई है।

### यह है पात्रता

**जिनकी** आयु 18 वर्ष से अधिक हो और जो हिमाचल प्रदेश की स्थाई निवासी हों। यह मदद उनके माता-पिता या अभिभावकों को भी प्रदान की जाती है जो विवाह की तैयारी के लिए आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हों।

### अब ऑनलाइन माध्यम से भी कर सकते हैं आवेदन

**इस** वर्ष से मुख्यमंत्री शगुन योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से शुरू कर दी गई है। योजना का लाभ लेने के लिए पात्र लाभार्थी निर्धारित प्रपत्र (फॉर्म) पर बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) के पास तथा ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे ही प्रदेश सरकार के e-district portal (https://edistrict.hp.gov.in) पर आवेदन कर सकते हैं।

### यह दस्तावेज हैं जरूरी

**पात्र** आवेदक को योजना का लाभ लेने के लिए प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तावित वर व वधू की आयु का प्रमाण पत्र, लड़के का स्थाई प्रमाण पत्र तथा लड़की का हिमाचली प्रमाण पत्र, लड़की के माता-पिता का बीपीएल प्रमाण पत्र, विवाह की निर्धारित तिथि का प्रमाण पत्र, यदि विवाह हो चुका है तो विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, यदि माता-पिता की मृत्यु हो गई है तो निःसहाय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और बैंक खाते की फोटो कॉपी संलग्न करनी होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### त्यूड़ी-धमांदरी रोड 11 से एक महीने के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** त्यूड़ी-धमांदरी रोड (किलोमीटर 0/000 से 0/500 पर वाहनों की आवाजाही 11 अगस्त से 11 सितंबर तक बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्ग पर मोड़ा गया है। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने इस संदर्भ में मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 116 के तहत आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त ने बताया कि यह आदेश त्यूड़ी-धमांदरी रोड के मरम्मत कार्यों को त्वरित और सुचारु रूप से करने को लेकर जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि वाहनों की आवाजाही के लिए यातायात को संपर्क मार्ग त्यूड़ी-बदोली से गोलपंगा रोड पर मोड़ा गया है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

### गगरेट में बहनों ने भाइयों के लिए मांगी दुआ



गगरेट में रक्षाबंधन पर्व के दौरान भाई की कलाई पर राखी बांधती बहनें।

## सब्जी की दुकान पर चोरी की वारदात

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब के तहत टकारला में गारनी खड्ड पुल के पास स्थित एक सब्जी की दुकान में गत रात्रि चोरी की वारदात हुई। दुकान मालिक राहुल सिंह (रिंकू) ने बताया कि वह रात लगभग 10 बजे दुकान को ताले लगाकर घर चला गया था। सुबह करीब 4 बजे वह रोजाना की तरह सब्जी मंडी जाने के लिए निकला और दुकान से खाली क्रेट लेने के लिए रुका, तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर सारा सामान बिखरा पड़ा था और पिछली साइड की खिड़की भी टूटी हुई पाई गई। दुकान से कुछ नकदी गल्ले से चोरी हो गई। इसके अलावा चोर सेब की पेटियां और पेटीएम चार्जर भी साथ ले गए।

शिकायत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, जिसने जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोग मोहित सिंह पुलर, अश्वनी कुमार, ललित, अंकुश ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि ऐसे वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके क्योंकि आए दिन चोर चोरी को अंजाम दे रहे है उनके हौसले बुलंद हो रहे हैं। थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आगामी जांच जारी है।

# जौड़बड़ बाजार के पास आज गिरा, कल गिरा क्षतिग्रस्त डंगा

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**



चिंतपूर्णी-तलवाड़ा मुख्य मार्ग पर डंगा गिरने की कगार पर है।

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी-तलवाड़ा मुख्य सड़क मार्ग के जौड़बड़ बाजार के समीप लोक निर्माण विभाग विभाग द्वारा लगाया गया डंगा गिरने की कगार पर है। भारी बरसात के कारण डंगे के दोनों साइड का कुछ हिस्सा पानी के तेज बहाव के कारण बह गया है।

डंगे के नीचे की सारी मिट्टी कंक्रीट के साथ निकल गई है। विभाग द्वारा क्रिएट भी लगाया गया था, उसके बाद कंक्रीट कार्य किया गया था। पानी के तेज बहाव के कारण डंगा के नीचे फाउंडेशन के आसपास की सारी जगह पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। इसके कारण मुख्य मार्ग में आने-जाने के लिए रास्ता बंद होने की कगार पर है।

तलवाड़ा गुरदासपुर पठानकोट आदि पंजाब के विभिन्न स्थानों से आने-जाने के लिए यह एक

**चिंतपूर्णी जाने वाले श्रद्धालुओं की आवाजाही प्रभावित होने की आशंका**

महत्वपूर्ण मार्ग है और हजारों की संख्या में श्रद्धालु इसी रास्ते से मां चिंतपूर्णी के दरबार में आते-जाते हैं। बरसात के सीजन में अत्यधिक बारिश की वजह से भूस्खलन के कारण पीडब्ल्यूडी विभाग काफी नुकसान हुआ है।

चिंतपूर्णी धार क्षेत्र पिछले कुछ समय से बरसात में बचा हुआ था परंतु अब बरसात का असर पूरे धार क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है। इस चिन्हित प्वाइंट पर स्थानीय निवासी डॉक्टर रोशन लाल द्वारा अपनी निजी खर्चे से दो बार पहले इस डंगे के बचाव हेतु दो बार मिट्टी की ट्रॉली साइड किनारे लगाई ब आसपास की झाड़ियां भी काटी गई थीं ताकि डंगे को बचाया जा सके परंतु अत्यधिक बरसात के पानी के बहाव होने के कारण मिट्टी का कोई नामोनिशान नहीं रहा।

इस बारे में स्थानीय निवासी डॉक्टर रोशन लाल का कहना है कि उन्होंने इसके बारे में संबंधित विभाग को भी बताया गया था, परंतु अभी तक इस कार्य में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग भरवाईं ने बताया कि बरसात के कारण पीडब्ल्यूडी विभाग को काफी नुकसान हुआ है। मीडिया के माध्यम से विभाग को इसके बारे में सूचना मिल रही है। शीघ्र ही विभाग द्वारा नुकसान का आकलन कर कार्य शुरू किया जाएगा।

## ऊना के दुलैहड़ में गोशाला के लिए बने पक्की सड़क



गोशाला और मंदिर जाने के रास्ते को दिखाते सेवक।

**अनंत ज्ञान, हरोली**

हरोली विधानसभा के गांव दुलैहड़ में गोपालधाम गोशाला के लिए पक्की सड़क नहीं बन पाई है। गोशाला को जाने वाला करीब 1 किलोमीटर रास्ता खड्ड से होकर जाता है। बरसात में बाढ़ आने से गोशाला आने जाने वालों के लिए बड़ा खतरा बना रहता है।

इस गोशाला में करीब 100 गोधन है और राधा कृष्ण का मंदिर विराजमान है, जिस कारण श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रहती है। खड्ड से आते जाते समय हादसा होने का भय रहता है। स्थानीय कमेटी ने कई बार प्रशासन व सरकार से सड़क को

**बरसात में खड्ड में बाढ़ आने से बन जाता है खतरा**

पक्का करने के लिए आग्रह किया है, लेकिन अब तक सड़क को बनाने के लिए कुछ नहीं हुआ है।

गोशाला कमेटी के प्रधान पंडित किशोरी लाल बताया कि गोशाला के भवन को खड्ड की बाढ़ आने से भवन को नुकसान पहुंच रहा है, जिसमें डंगा लगना है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से गोशाला के लिए पक्की सड़क व भवन के साथ डंगा लगाने का निर्माण करने की गुहार लगाई है।

## हेरोइन के साथ कांगड़ा के दो युवक गिरफ्तार

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान, गगरेट।** हेरोइन की खुली मंडी के रूप में कुख्यात हो रहे पड़ोसी राज्य पंजाब के होशियारपुर शहर से हेरोइन की खेप ला रहे कांगड़ा जिले के दो युवकों को जिला पुलिस के एसआईयू सैल ने गगरेट के भट्टियां वाला में पकड़ने में सफलता हासिल की है। इस वावत गगरेट पुलिस थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें बाद में बीएनएसएस के सेक्शन 35 के तहत नोटिस देकर जमानत पर रिहा कर दिया गया।

जिला पुलिस का एसआयू सैल शुक्रवार देर सांय गगरेट क्षेत्र में गश्त पर था कि एक मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि होशियारपुर से एक सफेद रंग की कार में हेरोइन की कंसाइनमेंट आ रही है। इस सूचना के आधार पर एसआईयू की टीम ने भट्टियां वाला के पास नाकेबंदी कर दी। सायं करीब सवा सात बजे एक पंजाब नंबर की मारुति 800 कार आती दिखाई दी। शक के आधार पर जब इसे रोककर तलाशी ली गई तो गाड़ी के डैशबोर्ड में एक काले रंग का लिफाफा बरामद हुआ। उसे जब खोल कर देखा गया तो उसमें 3.47 ग्राम हेरोइन पाई गई। इस मामले में पुलिस ने वरुण निवासी गांव नाहन (नगरोटा) व साहिल गांव परागपुर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एएसपी संजीव भाटिया ने मामले की पुष्टि की है।

## सौगात : हरोली को मिला नया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** हरोली विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में प्रदेश सरकार ने हरोली स्थित हिमकैप्स संस्थान को आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज खोलने की आधिकारिक अनुमति प्रदान कर दी है। सहकारी क्षेत्र का यह प्रतिष्ठित संस्थान पहले से ही हरोली के बढेड़ा में लॉ कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज का सफल संचालन कर रहा है, और अब आयुर्वेद शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी पहचान स्थापित करने जा रहा है।



यह कॉलेज हिमकैप्स आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के नाम से संचालित होगा। प्रारंभिक चरण में इस महाविद्यालय में प्रतिवर्ष 100 विद्यार्थियों को प्रवेश मिलेगा। यहां उच्च स्तरीय आयुर्वेद शिक्षा, अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाएं और आधुनिक उपचार सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे क्षेत्र के

**उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से साकार हुआ सपना**

लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं अपने ही जिले में मिल सकेंगी।यह उपलब्धि हरोली के लोकप्रिय विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के सतत प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। यह कदम हरोली को शिक्षा और विकास का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में स्थापित होने वाला यह नया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज प्रदेश के स्वास्थ्य और शिक्षा ढांचे को नई मजबूती देगा। इससे न केवल युवाओं को अपने घर के पास गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेद शिक्षा प्राप्त होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के अवसरों में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## शोभायात्रा का पुष्पवर्षा और छबीलों से स्वागत

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**

**पंजावर।** तपोमूर्ति श्री श्री 1008 स्वामी स्वयमानन्द गिरि जी महाराज की अध्यक्षता में रविवार से आरंभ होने वाले श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ के उपलक्ष्य में शनिवार को गगरेट बाजार में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गगरेट ऊना रोड स्थित तहसील कार्यालय से शुरू होकर मुख्य बाजार, मुख्य चौक से होते हुए भरवाई रोड स्थित कथा स्थल पर संपन्न हुई।

रंग-बिरंगे परिधानों में सजी सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा की अग्रिम पंक्ति में चल रही थीं। धार्मिक झांकियां, बैंड-बाजों की मधुर धुनें और ठाकुर जी की पालकी पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। शोभायात्रा के स्वागत में जगह-जगह मीठे पानी की छबीलें लगाई गईं और कई स्थानों पर घरों की छतों से पुष्पवर्षा कर भक्तों का अभिनंदन किया गया। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन और भागवत भगवान के



गगरेट बाजार में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा।

जयकारों से गगरेट का वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो गया। श्रद्धालु भक्ति गीतों की धुन पर झूमते और नाचते दिखाई दिए।

कलश यात्रा के समापन पर कथा स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना हुई। आयोजन समिति के सदस्य रमेश शुक्ला ने बताया कि हरिद्वार से पधारे कथा व्यास श्री स्वयमानन्द गिरि जी महाराज 10 से 17 अगस्त तक प्रतिदिन सांय 3 से 6 बजे तक कथा वाचन करेंगे। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लंगर प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई है। 17 अगस्त को पूर्णाहुति के उपरांत दक्षिणा वितरण और विशेष भंडारे का आयोजन होगा। इस अवसर पर शिष्य वर्ग जनक राज शर्मा, जगन्नाथ शर्मा, अरुण कुमार शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, अमनदीप, सनी, अश्विनी शर्मा, पूर्व प्रधान अश्वनी, गोल्डी लंबड़, मदन लाल महंत, हरिकृष्ण अग्रवाल, विद्यासागर वशिष्ठ, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश चौधरी, राकेश, अशोकी, मांगा राम धीमान सहित क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गगरेट बेली में सांप के काटने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, पंजावर।** उपमंडल गगरेट के तहत आने वाले गगरेट बेली गांव में सांप के काटने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान विजय कुमार पुत्र मेहर चंद निवासी गगरेट बेली के रूप में हुई है। वह गगरेट औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक सरिया उद्योग में कार्यरत था।

**खेतों में घास काटते समय हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार, विजय कुमार रविवार को अपने खेतों में घास काटने गया था। इसी दौरान अचानक एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया। सांप के काटते ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे तुरंत सिविल अस्पताल गगरेट लेकर पहुंचे, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे ऊना रेफर कर दिया गया। लेकिन ऊना पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया। डीएसपी वसुधा सूद ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना से गांव में शोक की लहर है।

## चक में रक्षाबंधन पर श्रद्धा व उत्साह के साथ निभाई झंडा रस्म

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)**

उपमंडल अंब के तहत बेहड़ जसवां पंचायत के चक गांव स्थित प्रसिद्ध गुरु मंजी साहिब ठाकुरद्वारा में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर इस वर्ष भी परंपरागत झंडा रस्म बड़े ही धूमधाम व श्रद्धा भाव से अदा की गई। यह पवित्र स्थान वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है, जहां यह विश्वास है कि गुरु जी के चरणों में सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है।

गांव में यह विशेष परंपरा है कि जब भी किसी युवक का विवाह संपन्न होता है, तो उसका सेहरा गुरु जी के चरणों में उतारकर प्रसाद वितरित किया जाता है। इसी प्रकार, जिन श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं, वे ढोल-नगाड़ों के साथ घर से झंडा लेकर आते हैं और गुरु जी को अर्पित करते हैं। यह रस्म पूरे गांव के लिए सामूहिक खुशी और आध्यात्मिक उल्लास का अवसर बन जाती है। इस वर्ष भी गांव व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां



प्रसिद्ध गुरु मंजी साहिब ठाकुरद्वारा में झंडा रस्म अदा करते बड़ी संख्या में श्रद्धालु।

पहुंचे। भक्तजन पूरे उत्साह के साथ ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों के बीच जुलूस के रूप में ठाकुरद्वारा पहुंचे। गुरु मंजी साहिब के दरबार में झंडा चढ़ाने की रस्म संपन्न होते ही वातावरण भक्तिमय हो उठा।

झंडा रस्म के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ उठाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान गुरु जी के जयकारों से माहौल गूंजता रहा और सभी ने एक-दूसरे को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि गांव की सामाजिक एकजुटता और पारंपरिक संस्कृति के संरक्षण का भी सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## परमाणु हमले की वर्षगांठ पर बंगाणा कॉलेज में किया सेमिनार आयोजित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 1945 में जापान के नागासाकी पर हुए परमाणु हमले की 80वीं वर्षगांठ पर एक विचारगोष्ठी (सेमिनार) का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. सिकंदर नेगी ने की।

संगोष्ठी का मुख्य विषय था हिरोशिमा और नागासाकी 1945 : परमाणु विस्फोट का अंतरराष्ट्रीय राजनीति में प्रभाव और भविष्य में शांति के लिए सार्थक प्रयास, जिसके अंतर्गत छात्रों और शिक्षकों ने गहन विमर्श किया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग की द्वितीय वर्ष की छात्राएं वैदेही शर्मा और तनु ठाकुर ने विचार प्रस्तुत किए। विभागाध्यक्ष प्रो. सिकंदर नेगी ने कहा कि इन घटनाओं से सीख लेकर आज के समय में सभी देशों को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे कभी भी परमाणु हथियारों का उपयोग नहीं करेंगे।

इस दौरान डॉ. विनोद कुमार, प्रो. कृष्ण चंद, प्रोफेसर राजेंद्र, तथा राजनीति विज्ञान सोसायटी के पदाधिकारी अध्यक्ष अंकिता मनकोटिया, उपाध्यक्ष तनु ठाकुर, महासचिव वैदेही शर्मा सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



परमाणु हमले की वर्षगांठ पर बंगाणा कॉलेज में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

## थानाकलां टाइटंस की यूपीएल में धमाकेदार एंट्री

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बेहद रोमांचक भरी खबर सामने आई है। आगामी अंडर प्रीमियर लीग में इस बार एक नई टीम थानाकलां टाइटंस की जोरदार एंट्री की जा रही है। यह पहली बार है, जब थानाकलां क्षेत्र से एक क्रिकेट टीम आईपीएल की तर्ज पर खिलाड़ियों की बोली लगाकर बनाई जा रही है। टीम के गठन और खरीद प्रक्रिया को लेकर स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में गजब का उत्साह है। इस क्रिकेट टीम के मालिक के तौर पर राहुल शर्मा एवं अन्य का नाम सामने आया है। इन तीनों का लक्ष्य सिर्फ टूर्नामेंट जीतना ही नहीं, बल्कि थानाकलां के क्रिकेट खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच प्रदान करना भी है।

टीम के मालिक राहुल शर्मा का मानना है कि क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि युवा प्रतिभाओं के लिए करियर का सुनहरा अवसर भी है। थानाकलां टाइटन्स की कमान अनुभवी खिलाड़ी को सौंपी जाएगी, जो अपनी शानदार बल्लेबाजी, तेज फील्डिंग और

**आईपीएल की तर्ज पर बनेगी टीम, खिलाड़ियों की नीलामी से होगा चयन : राहुल**

रणनीतिक सोच के लिए जाने जाते होंगे। जिस खिलाड़ी ने पहले कई स्थानीय टूर्नामेंटों में अपनी टीम को जीत दिलाई हो और इस बार यूपीएल में भी अपने नेतृत्व से नया इतिहास रचने को तैयार हैं।



राहुल शर्मा ने बताया कि यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट सितंबर 2025 में बसोली ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों की नीलामी, टीम की जर्सी लॉन्च और भव्य उद्घाटन समारोह दर्शकों के लिए खास आकर्षण होंगे। टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण चैनलों पर किया जाएगा, जिससे हजारों दर्शक घर बैठे इस रोमांचक मुकाबले का आनंद उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस पूरे टूर्नामेंट का आयोजन और प्रबंधन थ्रोपी हाउस ऊना द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने हमेशा खेल आयोजनों में पेशेवर और उच्च स्तर का अनुभव दिया है।

आयोजकों के मुताबिक, इस बार यूपीएल को और भी भव्य बनाने के लिए नए नियम, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और खिलाड़ियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि थानाकलां टाइटन्स केवल जीत के लिए नहीं खेल रही, बल्कि खेल भावना, टीमवर्क और अनुशासन का भी संदेश देगी। उनके अनुसार हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी मैदान के अंदर और बाहर, दोनों जगह प्रेरणा का स्रोत बनें। थानाकलां और आसपास के क्षेत्रों में इस नई टीम की शुरुआत को लेकर गजब का उत्साह है।

सोशल मीडिया पर टीम के नाम, लोगो और खिलाड़ियों की संभावित सूची को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। युवा खिलाड़ी भी चयन प्रक्रिया में शामिल होकर अपने हुनर को साबित करने के लिए तैयार हैं। क्रिकेट प्रेमियों को अब सितंबर का इंतजार है, जब थानाकलां टाइटन्स पहली बार यूपीएल के मैदान में कदम रखेगी और अपने प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीतेगी। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो यह टीम यूपीएल की सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बन सकती है।

## विधायक विवेक के 14 माह के कार्यकाल में कुटलैहड़ में विकास को मिली नई गति

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने अपने 14 माह के कार्यकाल में क्षेत्र के विकास को नई दिशा और गति प्रदान की है। जनहित और लोककल्याण को प्राथमिकता में रखते हुए उन्होंने बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, सड़क और पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, साथ ही, आपदा के समय पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता देकर यह संदेश दिया कि वे सिर्फ विकास कार्यों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि संकट की घड़ी में भी जनता के साथ खड़े हैं।



विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र में जरूरतमंद और गरीब परिवारों की आर्थिक मदद को प्राथमिकता दी। 14 माह में उन्होंने कुल 85 लाख रुपए की सहायता सीधे कुटलैहड़ क्षेत्र के गरीब और पीड़ित परिवारों तक पहुंचाई। इससे कई परिवारों को मुश्किल परिस्थितियों से उबरने में मदद मिली और लोगों में राहत की भावना उत्पन्न हुई। कुटलैहड़ क्षेत्र में पेयजल संकट को दूर करने के लिए 46 करोड़ रुपए की विभिन्न पेयजल योजनाओं के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। इन योजनाओं के पूरा होने पर कुटलैहड़ के गांव-गांव तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए दूर-दूर नहीं जाना पड़ेगा। कुटलैहड़ विस क्षेत्र में किसानों की आर्थिकी को मजबूत बनाने के लिए विधायक विवेक शर्मा ने 56 करोड़ रुपए का 'शिव प्रोजेक्ट' स्वीकृत करवाया है। इस परियोजना के तहत सिंचाई का पानी सीधे किसानों के खेतों तक पहुंचेगा, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा मिलेगी। कुटलैहड़ में विवेक शर्मा ने 68 करोड़ रुपए की विभिन्न सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति दिलाइ, जिससे न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि व्यापार व पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**अनदेखी** जलशक्ति विभाग के उच्च अधिकारियों की लापरवाही से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

## पंप हाउस के जीर्ण-शीर्ण भवन में ड्यूटी कर रहे कर्मचारी



खस्ताहाल बैरियां पंप हाउस का दृश्य।

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** जलशक्ति विभाग मंडल अंब के तहत संचालित बैरियां उठाऊ पेयजल योजना का पंप हाउस आज बदहाली और विभागीय लापरवाही की जीती-जागती मिसाल बन चुका है। लाखों रुपए खर्च कर कभी यहां से लोगों को पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से बनाए गए इस पंप हाउस का दूसरा चरण सोहारी द्वितीय फेस है, जिसमें पानी बड़ूही से उठाकर बैरियां, फिर बैरियां से सोहारी पहुंचाया जाता है, लेकिन अब इसकी हालत इतनी दयनीय है कि यहां कार्यरत कर्मचारी हर रोज मौत के साए में ड्यूटी करने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों के अनुसार यह पंप हाउस अस्सी के दशक में बनाया गया था, तब से लेकर अब तक इसकी मरम्मत के नाम पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। भवन की खिड़कियां और दरवाजे टूट चुके हैं, दीवारों से प्लास्टर झड़ रहा है और सबसे बड़ी चिंता की बात, छत का लैंटल धीरे-धीरे टूटकर नीचे गिर रहा है। यह कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकता है

टूटी खिड़कियों और दरवाजों के कारण पंप हाउस के भीतर जहरीले जीव-जंतुओं के घुसने का खतरा बना रहता है, जो वहां कार्यरत ऑपरेटर की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है। पंप हाउस के अंदर कर्मचारियों के लिए गर्मी से बचाव का सहारा मात्र एक पंखा है, जो तपती दोपहर में भी मुश्किल से राहत देता है। इसी बीच छत से लगातार सीमेंट के टुकड़े गिरते रहते हैं, जिससे वहां तैनात कर्मचारी हर समय खतरे में रहते हैं। बावजूद इसके, विभाग ने कर्मचारियों के लिए कोई भी सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं करवाई है

जलशक्ति विभाग सेक्शन चौकीमन्यार की कार्यप्रणाली पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है।

**ग्रामीणों ने दी चेतावनी**

**ग्रामीणों** ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही पंप हाउस की मरम्मत या पुनर्निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे और इसके लिए विभागीय अधिकारी पूरी तरह जिम्मेदार होंगे।

स्थानीय लोग और कर्मचारी पूछ रहे हैं कि आखिर विभाग के उच्च अधिकारी कब जागेंगे और अपने ही कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

इस संबंधी अधिशाषी अभियंता अंब, होशियार सिंह जस्सल का कहना है कि नई पेयजल योजना सदाशिव से शुरू हो गई है, ऐसे में अब इस स्कीम की कोई आवश्यकता नहीं बची है और विभाग इस पर कोई खर्च नहीं करेगा। अब बड़ा सवाल यह उठता है अगर सदाशिव से नई योजना शुरू हो गई है तो इसको इतने बड़े खतरे में क्यों चलाया जा रहा है, हादसा होने पर इसका जिम्मेदार कौन होगा?

## बैठक के बाद कुटलैहड़ में आज होगी डेरा बाबा रुद्रानंद मंडल की तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र के डेरा बाबा रुद्रानंद मंडल में आज देशभक्ति और एकता के संदेश के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला भाजपा प्रवक्ता विनय कुमार होंगे, जो स्वतंत्रता दिवस के महत्व और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान पर अपने विचार साझा करेंगे।



वहीं, कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस योजना के अनुसार आज सुबह 10 बजे लक्ष्मी पैलेस नारी में बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें यात्रा के उद्देश्य, मार्ग और अनुशासन से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। बैठक में मंडल और बूथ स्तर के पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके बाद 11 बजे यात्रा का शुभारंभ होगा। यह तिरंगा यात्रा देशभक्ति के नारों से माहौल को जीवंत करेगी।

मलांगड़ ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश के प्रति गर्व की भावना को प्रबल करना है। पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस जैसे पावन अवसर पर हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह तिरंगे का सम्मान करे और आने वाली पीढ़ियों को इसकी महत्ता से परिचित कराए। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे अपने घरों और दुकानों पर तिरंगा फहराकर इस राष्ट्रीय पर्व को गौरवपूर्ण बनाएं। उन्होंने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं, बल्कि हमारे देश की आत्मा, हमारी पहचान और हमारे संघर्ष का प्रतीक है।

### एचपीएमसी ने नहीं की सेब की खरीददारी, बागवानों की परेशानी चरम पर

# बागवान सेब फेंकने को हुए मजबूर

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

आनी। आनी विधानसभा क्षेत्र में बागवानों को इस सीजन भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने कांग्रेस सरकार पर बागवानों के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बी-ग्रेड सेब की खरीद के लिए एचपीएमसी का ठेका सरकार ने अपने चहेते को दिया, जिसने अब तक खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं की है।

उन्होंने एचपीएमसी की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिन्ह लगाए हैं। इस लापरवाही के चलते बागवान अपने मेहनत से उगाए बी-ग्रेड सेब को नालों में फेंकने को मजबूर हो गए हैं।



क्षेत्र के बागवानों द्वारा नाले में फेंका गया सेब



सेब बागवानों से बात करते विधायक लोकेंद्र।

## सरकार के कारण जनता को झेलना पड़ रहा नुकसान

लोकेंद्र कुमार ने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर जनता का पतन हो रहा है। उन्होंने सरकार पर राहत कार्यों में देरी और तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। विधायक ने कहा कि भारी बारिश पहले भी होती रही है और नुकसान भी होता रहा है, लेकिन पूर्व भाजपा सरकार के समय राहत कार्य युद्धस्तर पर किए जाते थे। वहीं, मौजूदा कांग्रेस सरकार की ढिलाई से न केवल आनी बल्कि पूरे प्रदेश की जनता को नुकसान झेलना पड़ रहा है। लोकेंद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि हालात इस बात के गवाह हैं कि व्यवस्था परिवर्तन के बावजूद जनता को राहत नहीं मिल रही और सरकार की नाकामी साफ नजर आ रही है।

# बहनों ने भाई को राखी बांधकर लिया रक्षा का वचन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

भाई-बहन के अटूट रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन के मौके पर बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनसे अपनी रक्षा का वचन लिया। जिलाभर में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाईयों को राखी बांधकर मंगल कामना की और तिलक लगाकर आरती उतारी और भाई से उपहार के साथ साथ अपनी सुरक्षा का वचन लिया। शनिवार को रक्षाबंधन के चलते बाजारों में ज्यादा भीड़ नहीं दिखी। उधर, भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व राखी बंधन शनिवार को मनाली में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाई के कलाई पर राखी बांधा और भाई के दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की। लोग विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करते नजर आए।

पूजा-अर्चना के बाद बहनों ने भाई की आरती उतारी और कलाई पर राखी बांधा कर मिठाई खिलाई। भाईयों ने भी इस अवसर पर बहनों को उपहार दिए। आज भाई की कलाई पर बहना का प्यार दमका। कहीं रेशम की डोर से रिश्ते मजबूत हुए, तो कहीं सुनहरी राखियों के साथ जीवनभर रक्षा करने का वचन लिया गया। भाईयों के माथे पर तिलक सजा और आरती उतारी गई। मनाली की छह घाटी सहित शहर व साथ लगते ग्रामीण क्षेत्र अलेऊ, सियाल, छियाल, ओल्ड मनाली क्षेत्र में भी रक्षाबंधन पर्व मनाया गया।



पंडित कृष्ण शर्मा ने बताया कि काफी सालों के बाद रक्षाबंधन के लिए सुबह से ही राखी बांधने का शुभ मुहूर्त निकाला था जिसके चलते आज दिन भर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखियां बांधी हैं। वहीं, जिला के बंजार, आनी, मणिकर्ण सहित अन्य क्षेत्रों में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया।

## 17 वर्ष से देवदार के पेड़ को राखी बांध रहीं पर्यावरण प्रेमी कल्पना ठाकुर, रक्षाबंधन पर किया पौधरोपण

अनंत ज्ञान, मनाली

माता-पिता की इकलौती बेटी कल्पना पिछले 17 वर्ष से देवदार के इस पेड़ को राखी बांध रही हैं और इसे अपना भाई मानती हैं। छोटी सी उम्र में पेड़ से भाई का रिश्ता जोड़ने वाली और अनूठे तरीके से रक्षाबंधन मनाने वाली कल्पना ठाकुर ने इस बार भी पेड़ को रक्षासूत्र बांधकर उसकी देखरेख का संकल्प लिया है। शनिवार को रक्षाबंधन के अवसर पर उन्होंने इस पेड़ को राखी बांधी साथ ही पौधरोपण भी किया। कल्पना ठाकुर ने रक्षा बंधन पेड़ को राखी बांधकर मनाया।

पर्यावरण प्रेमी कल्पना ठाकुर ने तीन साल की उम्र में अलेऊ बिहाल में देवदार का पौधा लगाया है। उसी देवदार के पेड़ को राखी बांधकर एक बार फिर उन्होंने बहन होने का फर्ज निभाया है। शनिवार को रक्षाबंधन के अवसर पर उन्होंने पौधरोपण भी किया। हजारों पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे चुकी हैं। पिता किशन लाल और माता नीलम ने कहा कि पर्यावरण को लेकर उनकी बेटी लोगों को जागरूक करती रहती हैं।

### लोग पौधरोपण कर जंगलों की करें रक्षा



कल्पना ठाकुर ने पौधा लगाने के बाद लोगों को संदेश दिया कि वो बरसात के समय में अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और जंगलों की रक्षा के लिए आगे आएं। जंगलों को आग सहित वन काटुओं से बचाएं। कल्पना ने कहा कि लोग अधिक से अधिक पेड़ लगाने को आगे आएं। वन विभाग द्वारा चिन्हित स्थान वार्डबंदी के बाद ही पौधे लगाएं, ताकि इनका संरक्षण भी आसानी से हो सके। कल्पना के पिता एवं प्रसिद्ध पर्यावरविद ग्रीनमैन किशन लाल ने बताया कि यह सिलसिला 17 सालों से जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### भनारा गांव में भूस्खलन से मोहन लाल के घर को खतरा

**अनंत ज्ञान, मनाली।** उपमंडल मनाली के भनारा गांव में भारी भूस्खलन हुआ है। भूस्खलन होने से मोहन लाल का घर खतरे में आ गया है। मोहन लाल सहित बागवानों को भी नुकसान हुआ है। मिट्टी उनके बगीचों में पहुंच गई है। प्रशासन ने तुरंत घटनास्थल का दौरा किया और तीन तिरपाल आवंटित किए। भूस्खलन वाली जगह तिरपाल लगा दिए हैं ताकि भूस्खलन न हो सके। मोहन लाल ने कहा कि घर के आगे का तीस फुट का क्षेत्र भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि जल्द समाधान नहीं किया गया तो उनके साथ साथ अन्य घर भी भूस्खलन की चपेट में आ सकते हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस समस्या का जल्द से जल्द स्थाई समाधान करे ताकि घर को गिरने से बचाया जा सके। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों मोहन लाल को तिरपाल आवंटित कर दिए हैं। जल्द ही समस्या का स्थाई समाधान किया जाएगा। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि वह जल्द ही भनारा गांव का दौरा कर हालात का जायजा लेंगे।

### 12 तक सड़कों की बहाली न हुई तो निकालेंगे आक्रोश रैली



**अनंत ज्ञान, सैंज।** घाटी में डेढ़ माह बाद भी ग्रामीण सड़कों की बहाली न होने से क्षेत्र के लोगों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। लोगों में सरकार व विभाग के प्रति भारी रोष है। व्यापार मंडल सैंज सहित घाटी के अन्य संगठनों और लोगों ने सरकार को ज्ञापन के माध्यम से चेताया है कि यदि 12 अगस्त तक सड़कों की बहाली नहीं हुई तो 13 अगस्त को उग्र आंदोलन होगा। ज्ञात रहे कि डेढ़ माह पूर्व सैंज के जीवानाला में बादल फटने के कारण पिन पार्वती नदी में आई बाढ़ के कारण सैंज बाजार की करीब 100 मीटर सड़क नदी में बह गई थी। सड़क के नदी में बहने से जहां मुख्य बाज़ार सैंज का आपस में संपर्क टूट गया था। 23 जुलाई को शासन प्रशासन और विभागीय अधिकारियों ने व्यापार मंडल सैंज, संयुक्त संघर्ष समिति सैंज तथा टैक्सी यूनियन सैंज के अलावा घाटी के जनप्रतिनिधियों तथा अन्य संगठनों के पदाधिकारी को भरोसा दिलाया था कि एक सप्ताह के भीतर सैंज बाजार की क्षतिग्रस्त सड़क के अलावा मशेनानाला, रैला सड़क तथा घाटी की अन्य सड़कों को दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया जाएगा।। लेकिन झूठे आश्वासनों के बाद अब संगठनों ने तहसीलदार सैंज के माध्यम से मुख्यमंत्री को ध्यानाकर्षण पत्र भेजा है जिसमें मांग की गई है कि अगर प्रशासन तथा विभाग अपने किए वादे पर 12 अगस्त तक खरे नहीं उतरे तो 13 अगस्त को सैंज में शासन प्रशासन व विभागों के खिलाफ जन आक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा।

### युवतियों ने पुलिस और स्वास्थ्य कर्मियों को बांधी राखी



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जिला कुल्लू इकाई की कार्यकर्ता युवतियों ने भाईचारे और सेवा भावना का संदेश देते हुए पुलिस, यातायात पुलिस, चिकित्सकों, परिषद कार्यकर्ताओं एवं प्रेस क्लब के पत्रकार साथियों के साथ यह पर्व मनाया। एबीवीपी कुल्लू इकाई की सोशल मीडिया सह-संयोजिका रिया ठाकुर ने बताया कि कार्यकर्ता सबसे पहले कुल्लू पुलिस थाना गए जहां बहनों ने ड्यूटी पर तैनात लगभग 25 पुलिस व ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को राखी बांधी और उनके 24 घंटे जनता की सुरक्षा के लिए किए जाने वाले कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। इसके बाद जिला अस्पताल, कुल्लू में करीब 15 डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को राखी बांधकर समाज की सेवा में उनके योगदान को नमन किया। कुल्लू प्रेस क्लब में 'रक्षा संकल्प' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें परिषद की बहनों ने 10 से अधिक पत्रकारों को राखी बांधकर यह संदेश दिया कि कलम और सच्चाई की रक्षा भी राष्ट्र रक्षा का ही एक अभिन्न हिस्सा है। एबीवीपी कुल्लू इकाई अध्यक्ष अभिनव कश्यप ने कहा कि, रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का त्योहार नहीं है, यह समाज में विश्वास, सुरक्षा और त्याग के मूल्यों को सशक्त करने का पर्व है। इस अवसर पर हम उन सभी का सम्मान करते हैं जो दिन-रात जनता की सेवा, सुरक्षा और सूचना देने में तत्पर रहते हैं।

### सरकार का रवैया पेंशनर्स के प्रति ठीक नहीं : टीडी ठाकुर

**अनंत ज्ञान, कुल्लू ।** प्रदेश सरकार का रवैया पेंशनर्स के प्रति ठीक नहीं है ऐसे में अब अपने हक की लड़ाई लड़ने का समय आ गया है। यह बात हिमाचल पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश महासचिव टीडी ठाकुर ने कुल्लू ब्लॉक की बैठक में उपस्थित पेंशनरों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा है कि प्रदेश स्तर पर 11 संघों ने संयुक्त रूप से बैठक कर संघर्ष समिति का गठन कर लिया है और अब संयुक्त सलाहकार समिति का गठन किया जाना है। उन्होंने पेंशनरों से आग्रह किया है कि इसके लिए सभी तैयारी कर लें। दरअसल, शनिवार को जिला मुख्यालय स्थिति शीतला माता मंदिर सभागार में फेडरेशन के कुल्लू खंड की एक बैठक प्रधान जेएन शर्मा क अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में विशेष तौर पर संगठन के प्रदेश महासचिव टीडी ठाकुर मौजूद रहे। जबकि उनके साथ प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्ण देव शर्मा, पेंशनर शिकायत निवारण समिति के जिलाध्यक्ष जय गोपाल शर्मा, संगठन सचिव हेमा शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम सरन, वित्त सचिव ओपी शर्मा, दुनी चंद, तेजा सिंह आदि उपस्थित रहे। इस बैठक में पेंशनरों ने प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि 15 अगस्त को पेंशनरों को डीए की सभी किश्तें, पेंशन एरियर जारी करें।उन्होंने जेसीसी का गठन कर बैठक बुनाने की भी मांग की है यदि ऐसा नहीं हुआ तो आने वाले नगर निगम, नगर परिषद और पंचायतों के चुनावों में साथ नहीं दिया जाएगा। एचआरटीसी के पेंशनरों को पेंशन और एरियर जारी करने की मांग के साथ उन्होंने स्थानीय प्रशासन से बारिश से प्रभावित क्षेत्र मठ, सुल्तानपुर, शितला माता मंदिर से लोरन तक के संपर्क मार्गों को ठीक करने की मांग की।

# कुल्लू जिला भाजपा में अबकी बार पिट गई ब्राह्मण राजनीति

अनंत ज्ञान, सैंज

दो दशकों तक कुल्लू की राजनीति में अपना वर्चस्व कायम रखने वाली ब्राह्मण राजनीति अबकी बार जिला भाजपा के संगठनात्मक चुनावों में दरकिनार कर दी गई है।

हाल ही में कुल्लू जिला में भाजपा की 70 सदस्यों वाली कार्यकारिणी घोषित हुई है किंतु ब्राह्मण बहुल कुल्लू जिला में उक्त समुदाय के कार्यकर्ताओं को उचित स्थान नहीं मिल पाया है जबकि प्रदेश स्तर हर जाति, वर्ग का संतुलन बनाया जाता है। यही नहीं जिला में भाजपा के एक दर्जन मंडल स्थापित हैं लेकिन मंडलों में भी ब्राह्मण समुदाय के कार्यकर्ता को तरजीह नहीं दी गई है। लिहाजा जहां पार्टी में कार्यकर्ता खासे नाराज है वहीं भाजपा को विधानसभा चुनाव में पार्टी को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। भाजपा के सैकड़ों कर्मठ कार्यकर्ताओं ने इस प्रकार की कार्यकारिणी पर कथित तौर पर ब्राह्मणों का अपमान बताया है। उल्लेखनीय यह है कि बीजेपी कभी ब्राह्मणों व बनियों की पार्टी कही जाती थी किंतु अब पंडित दीनदयाल उपाध्याय, जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भाजपा के प्रथम पुरुष अटल बिहारी वाजपेई, शांता कुमार जैसे ब्राह्मण महापुरुषों के लिए भाजपा कोई मायने नहीं रखती।

**दो दशकों तक कुल्लू जिला में रहा ब्राह्मण राजनीति का वर्चस्व**

बता दें कि पिछले दो दशकों में कुल्लू जिला में ब्राह्मण राजनीति चरम पर रही है। भाजपा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष पंडित खीमी राम वर्ष 2000 से 2017 तक प्रदेश स्तर के अलावा कुल्लू की राजनीति में ध्रुव तारे की तरह टिमटिमाते रहे, जबकि 2017 से 2024 तक भीमसेन शर्मा जिला भाजपा के अध्यक्ष रहे, लेकिन अबकी बार कुल्लू जिला में ब्राह्मण राजनीति को पूरी तरह से साइड लाइन लगाने की कवायद पुरजोर तरीके से की जा रही है। प्रदेश में भाजपा को लोग आशा से देख रही है और आगामी विधानसभा चुनावों में विजय शंखनाद के लिए एक-एक सीट जीतना जरूरी है। कुल्लू की जातिगत राजनीति की इस प्रयोगशाला में ब्राह्मण किसे अपना आशीर्वाद देते हैं यह आने वाले विधानसभा चुनाव में स्पष्ट दिखाई देगा। इतना स्पष्ट दिख रहा है कि जिसे ब्राह्मण का आशीर्वाद जाएगा, ऊंट उसी करवट बैठेगा।

कांग्रेस ने ब्राह्मण जनाधार में सेंध लगाने में खासी कामयाबी पाई है जिसका उदाहरण मनाली विधानसभा क्षेत्र है। बहरहाल कुल्लू जिला भाजपा में अब ब्राह्मण राजनीति को साइड लाइन लगाने की कवायद शुरू हो गई है।

# बंद पड़ा निथर-बागीपुल निरमंड मार्ग हुआ बहाल

अनंत ज्ञान, आनी

निरमंड उपमंडल की रहाणू पंचायत के नौणी नाला में बुधवार तड़के अचानक आई बाढ़ से बंद पड़ा निथर-बागीपुल-निरमंड मार्ग बहाल कर दिया गया है। यह सड़क मार्ग उरटू के पास बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था । बुधवार रात आई इस बाढ़ से उरटू में लगभग 200 मीटर सड़क जगह-जगह ध्वस्त हो गई थी, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया था।

सड़क मार्ग बंद होने से नित्थर उपतहसील के कई गांवों का संपर्क उपमंडल मुख्यालय निरमंड से कट गया था जो अब बहाल हो गया है। वरना स्थानीय लोगों को अब रोजमर्रा की जरूरतों और अन्य कार्यों के लिए कई किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा था। इस सड़क मार्ग को बहाल करने में पीडब्ल्यूडी के निरमंड मंडल को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पीडब्ल्यूडी के निरमंड मंडल के निरमंड सबडिवीजन के सहायक अभियंता राकेश नेगी ने बताया कि बाढ़ से सड़क पर कई जगह भारी मलबा आ गया था। करीब 200 मीटर के भाग में मलबा बिखरा पड़ा था। जिसे पीडब्ल्यूडी की मशीनरी ने हटाया है और सड़क मार्ग हर प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दी गई है।



बहाल हुई सड़क का दृश्य।

## विश्व स्तनपान सप्ताह पर कार्यशाला संपन्न

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में विश्व स्तनपान सप्ताह का समापन कार्यशाला से हुआ। इसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नर्सिंग प्रशिक्षुओं ने स्तनपान के लाभ बताएं और गर्भवती और प्रसूता महिलाओं को स्तनपान महत्व के प्रति जागरूक किया। वहीं अस्पताल के सभागार में भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग के माध्यम से स्तनपान के फायदों पर विचार किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनआर पवार मुख्यातिथि रहे। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने साल 1992 से विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया है। इसी कड़ी में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में भी पूरा सप्ताह जागरुकता कार्यक्रम हुए। इसके अलाव पांचों स्वास्थ्य खंडों जरी, नग्गर, बंजार, आनी और निरमंड में भी योजनाबद्ध तरीके से जागरूकता कार्यक्रत हुए।

## जाहलमा नाले में आ रही बाढ़ जैसे मुद्दों पर सरकार नहीं गंभीर : सुदर्शन

**अनंत ज्ञान, केलांग ।** लाहौल पोटेटो सोसायटी के पूर्व चेयरमैन सुदर्शन जसपा ने कहा कि जाहलमा नाले में आ रही बाढ़ जैसे संवेदनशील मुद्दों पर सरकार गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की छह पंचायतों के लोग भारी परेशानियां झेल रहे हैं।

**दो करोड़ स्वीकृति की बात कर जनता को किया गुमराह**

उन्होंने कहा कि पिछले साल 12 नवंबर को प्रभावित छह पंचायतों के नेतृत्व में सरकार का ध्यान इस ओर दिलाने के लिए आंदोलन किया गया था।

उन्होंने कहा कि जाहलमा नाले में बार बार आ रही बाढ़ के कारण सैकड़ों बीघा जमीन चंद्रभागा नदी के बहाव में बह गई। उन्होंने कहा कि 12 नवंबर को लाहौल स्पीति की विधायक ने दो करोड़ स्वीकृत होने की बात कही। 18 नवंबर को जल शक्ति विभाग की मशीने नदी से मलबा हटाने में लग गई। यह सब कार्य शुरू होता देख सभी ने आंदोलन समाप्त कर दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने दो करोड़ स्वीकृत होने की बात को झूठा बताया।

उन्होंने कहा कि आरटीआई द्वारा मिली जानकारी में सच सामने आया है। सुदर्शन जसपा ने कहा कि विधायक ने दो करोड़ स्वीकृत होने की बात कर जनता को गुमराह किया। नाले में बाढ़ के साथ आ रहे मलबे के कारण नदी में बार बार झील बन रही है। जोबरंग की जमीन डूब गई है जसरथ पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने विधायक अनुराधा राणा सहित प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि इस मामले को गंभीरता से ले ओर समस्या का जल्द कोई स्थाई समाधान निकाले।

# बजौरा से लेकर औट-थलौट तक लगी वाहनों की लंबी कतारें

अनंत ज्ञान, कुल्लू

चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग बंद रहने से लोग घंटों रास्ते में फंसे रहे। एनएच सहित वैकल्पिक मार्ग कंडी-कटौला मार्ग भी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहा। जिस कारण कुल्लू से मंडी सहित अन्य स्थानों को वाहन बजौरा से लेकर औट-थलौट तक रास्ते में फंसे रहे।

सड़क में फंसे वाहनों में पर्यटक वाहनों के साथ-साथ माल वाहक भी शामिल है, जिसमें फल और सब्जियां गाड़ियों में ही फंसी रही और इसमें सब्जियां भी खराब हो रही है जिससे किसान बागवानों के साथ कारोबारियों को नुकसान हो रहा है। कलकत्ता से परिवार सहित घाटी घूमने आए महेश साहू का कहना है कि उनकी गाड़ी दो दिनों से बजौरा क्षेत्र में फंसी हुई है और मार्ग खुलने के इंतजार में रात भी वाहन के भीतर बैठकर गुजारी है। बारिश के बीच वाहन को छोड़कर भी इधर-उधर नहीं जा पाए हैं लिहाजा, अब शनिवार को दोपहर बाद मार्ग खुला है जिस कारण अब आगे की ओर बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही दिल्ली के दिनेश, सोनू और जितेंद्र का कहना है कि वह पनारसा क्षेत्र में फंसे रहे और वाहनों की लंबी कतार में हमारी गाड़ी रात से फंसी हुई है न तो आगे जा सकते हैं और न ही पीछे मुड़ सकते। जिससे उन्हें खाने पीने के लिए भी काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। बजौर में सेब से भरा वाहन लेकर जा रहे चालक मनु का कहना है कि उन्होंने दिल्ली जाना है लेकिन वह दो दिनों से यहां फंसे हुए हैं ऐसे में सेब की फसल भी खराब होने के कगार पर है। गोभी और टमाटर लेकर निकले दिनेश कुमार का कहना है कि सब्जी खराब होने को है जिसके चलते उन्हें अब मंडियों में भी अच्छे दाम नहीं मिल पाएंगे।

बजौरा से वाया कंडी-कटौला मार्ग की बात करें तो इसमें भी कई किलोमीटर सड़क पर छोटे बड़े वाहन खड़े हैं । शुक्रवार से ही बजौरा से मुख्य मार्ग में औट-थलौट तक लंबी कतारें लगी हुई है। उधर औट-बंजार मार्ग में भी वाहनों की कतार लगी होने से पुलिस को भी कड़ी मश्क्कत करनी पड़ रही है। कुल्लू-मंडी के बीच वाया पंडोह को बहाल कर दिया है जिसके चलते वाहनों को मंडी की तरफ भेजना शुरू किया है।

# सैंज घाटी में 4 दिन से पसरा अंधेरा

अनंत ज्ञान, सैंज

परियोजना नगरी के नाम से देशभर में प्रसिद्ध और बाहरी राज्यों को रौशन करने वाली सैंज घाटी में चार दिनों से अंधेरा पसरा हुआ है। सैंज में तीन- तीन विद्युत पावर हाउस होते हुए भी सैंज घाटी की जनता को अंधेरे में रातें गुजारनी पड़ रही है। भारी बारिश के कारण पंडोह से थलौट तक की मुख्य विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने से सैंज और बंजार क्षेत्र में बीते तीन दिनों से विजली गुल है। बिजली गुल होने से सैंज और बंजार के सैकड़ों दुकानदारों को लाखों का नुकसान झेलना पड़ा है।

**सैंज में 1420 मेगावाट बिजली हो रही तैयार, फिर भी नहीं मिल रहा इसका लाभ**



हालांकि विद्युत विभाग क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को दुरुस्त करने में दिन-रात एक कर रहे हैं लेकिन भारी नुकसान होने के कारण विद्युत विभाग को लाइन दुरुस्त करने में पसीने छूट रहे हैं। भले ही सैंज घाटी में स्थापित परियोजनाएं देश को रोशन कर रही है लेकिन सैंज की जनता खुद अंधेरे में है। सैंज ने वने तीन पावर हाउस के वावजूद भी सैंज, वंजार में तीन दिनों से अंधेरा छाया है। हैरानी वाली बात यह है कि सैंज में 3 पावर हाउस में 1420 मेगावाट बिजली तैयार हो रही हैं लेकिन यह पावर हाउस भी सैज और वंजार क्षेत्र का अंधेरा दूर नही कर पा रहे हैं। घाटी में स्थापित पार्वती परियोजना व सैज जल विद्युत परियोजना बिजली तैयार कर देश को रोशन कर रही है लेकिन सैज क्षेत्र में तीन दिनों से विजली गुल होने से अंधेरा छाया है। सैज तथा बंजार के दुकानदारों व घाटी की जनता को मलाल है कि जहां सैज घाटी देश को रोशन कर रही है वहीं खुद घाटी के ग्रामीण अंधेरे में अपना जीवन यापन करने को मजबूर है ।

ग्रामीणों का कहना है कि यू तो सैंज घाटी देश में उर्जा क्रांति के नाम से जानी जाती है लेकिन सैज क्षेत्र में तीन दिनों से अंधेरा छाया हुआ है । उन्होंने कहा कि सैंज घाटी में बने 3 पावर हाउस भी सैज क्षेत्र का अंधेरा दूर नही कर पाए है। उल्लेखनीय है कि जमीन धंसने से कारण बिजली के पोल टूटने से सैकड़ों गांवों की बिजली चार दिनों से गुल है। भारी बारिश के कारण जमीन धंसने से 33 के वी की विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे सौ से अधिक गांवों में बिजली गुल हो गई, बिजली बहाल करने में ऊर्जा निगम के कर्मचारियों के पसीने छूट रहे हैं।

विद्युत उपमंडल लारजी के सहायक अभियंता मनमोहन चंदेल ने बताया कि बारिश के कारण 33 केवी की विद्युत लाइन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हुई है जिसे दुरुस्त करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। विद्युत लाइन को बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है ।

**फायदा** | स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों की पहली पसंद बनी ट्राउट मछली

# जिले के लोगों की आर्थिकी को सुदृढ़ कर रही ट्राउट फिश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू का सेब जहां देश दुनिया में प्रसिद्ध है वहीं, यहां की ट्राउट फिश भी काफी पसंद की जा रही है। सेब व अन्य उत्पादों की ही तरह ट्राउट फिश भी कुल्लू के लोगों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

वहीं, यहां ठंडे पानी में पैदा होने वाली ट्राउट फिश के चलते भी लोग पहाड़ों कीओर आकर्षित हो रहे हैं। ऐसे में ट्राउट फिश के उत्पादन से यहां लोगों की आर्थिकी भी मजबूत हो रही है और इस मछली के सेवन से लोग अपनी कई बीमारियों को भी ठीक कर रहे हैं। कुल्लू जिला की अगर बात करें तो यहां पर कई लोग अब मछली उत्पादन से भी जुड़े हुए हैं और प्रदेश सरकार भी उन्हें इस कार्य के लिए सहयोग कर रही है। वहीं सर्दियों में भी दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, मुंबई सहित अन्य बड़े राज्यों में ट्राउट मछली के डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में ट्राउट फिश की डिमांड बढ़ने से यहां के मछली उत्पादकों को भी काफी फायदा हो रहा है।



ट्राउट मछली खरीदने चंडीगढ़ से पतलीकूहल पहुंचे इकबाल का कहना है कि ट्राउट फिश ठंडे पानी की मछली है और यह साफ पानी में ही पाई जाती है। इसके लिए दस से बारह डिग्री तापमान की जरूरत होती है। इस फिश में कई औषधीय गुण भी है और इसके सेवन से बीमारियां भी ठीक होती है।

### हर साल 20 टन मछली का उत्पादन

**पतलीकूहल** में ट्राउट फिश के उत्पादन से जुड़े हुए स्थानीय निवासी तोतराम का कहना है कि उन्होंने इस काम को चार टैंकों से शुरू किया और अब सोलह टैंक इन के पास है, इससे उन्हें आर्थिक रूप से भी काफी मदद मिल रही है। अपने ट्राउट फिश फार्म में वह हर साल 15 टन से 20 टन से अधिक मछली का उत्पादन कर रहे हैं। ऐसे में गर्मियों के सीजन के दौरान कुल्लू मनाली में ही इस फिश की खपत हो जाती है। वहीं अक्तूबर माह के बाद बाहरी राज्यों में इसकी डिमांड बढ़ जाती है। तोत राम ने बताया कि अब जिला कुल्लू के कई ग्रामीण इलाकों में अब युवा भी ट्राउट मछली के उत्पादन से अधिक संख्या में जुड़ रहे हैं।

### हर रेस्टोरेंट में ट्राउट फिश की डिमांड

**रेस्टोरेंट** संचालक आदित्य का कहना है कि उनके रेस्टोरेंट में ट्राउट मछली परोसी जाती है और इसे लोग भी काफी पसंद करते हैं। ट्राउट फिश को कई तरह के पकवान बनाकर परोसा जाता है।

### कश्मीर से लाया था गया ट्राउट मछली का बीज

**हिमाचल** में साल 1909 में कश्मीर से ट्राउट मछली का बीज लाकर नदी नालों में डाला गया था। कुल्लू के ठंडे पानी में ट्राउट मछली का उत्पादन बेहतर हो रहा है और पर्यटन को बढ़ावा देने में ट्राउट मछली की अहम भूमिका है। मत्स्य पालन विभाग वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है।

# ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के साथ मंच को मजबूती देने में जुटे मार्कंडेय

अनंत ज्ञान, काजा



काजा में लोगों के साथ पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय।

पूर्व मंत्री एवं लाहौल-स्पीति विकास मंच के संस्थापक डॉ. रामलाल मार्कंडेय लोगों की समस्याएं सुनने के साथ मंच को मजबूत करने व सदस्यों में जोश भरने में जुट गए है। वह इन दिनों स्पीति घाटी के दौरे पर है। लाहुल स्पीति विकास मंच की स्पीति घाटी में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मंच को मजबूत करने व अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की रणनीति बनाई गई। गौर हो कि रवि ठाकुर के भाजपा में आ जाने के बाद मार्कंडेय ने लाहौल-स्पीति विकास मंच का गठन किया। विधानसभा के उप चुनाव में वो दूसरे स्थान पर रहे थे। चुनावों के बाद से मार्कंडेय अपने मंच को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। उपचुनावों में स्पीति घाटी में उन्हें उम्मीद से कम समर्थन मिला था लेकिन अब उन्हें जगह जगह समर्थन मिल रहा है। आज बिजली विभाग से सेवानिवृत्त खुरिक गांव से टशी तोबगे पूरे परिवार सहित लाहौल स्पीति विकास मंच में शामिल हुए। पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने कहा कि आज काजा बैठक में आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बिजली विभाग से सेवानिवृत खुरिक गांव से टशी तोबगे पूरे परिवार सहित लाहुल स्पीति विकास मंच में शामिल हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### रक्षाबंधन पर्व की राजगढ़ क्षेत्र में रही धूम




**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान, राजगढ़।** रक्षा बंधन का त्यौहार गिरिपार के राजगढ़ क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांध कर भगवान से दुआ मांगी। दुकानों पर राखी खरीदने के लिए महिलाओं और बच्चों की काफी भीड़ रही। वहीं वरिष्ठ नागरिक दयाराम वर्मा, दौलतराम मेहता ने अपने अनुभवों को सांझा करते हुए बताया कि अतीत में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में कभी राखी बांधने की परंपरा नहीं थी। रक्षा बंधन को प्रातः पुरोहित घर आकर मौली की राखी बांधते थे जिसके एवज में उन्हें अनाज इत्यादि दक्षिणा दी जाती थी। बहनों द्वारा भाई को राखी बांधने तथा करवाचौथ का व्रत का प्रचलन 80 के दशक में शुरू हुआ था।

### करियाना दुकान से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बरोटीवाला पुलिस की टीम ने एक करियाना दुकान में दबिश देकर अवैध देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई आरंभ कर दी है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया के बरोटीवाला पुलिस की टीम ने शुक्रवार को गांव बल्याणा स्थित बैजनाथ कंपनी के समीप ज्ञान चंद पुत्र रवि दत्त, निवासी बल्याणा की करियाना दुकान में दबिश दी। तलाशी के दौरान दुकान से 11 बोतलें और 6 आधी अवैध देसी शराब बरामद की गई। जिस पर पुलिस थाना बरोटीवाला में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके शराब को कब्जे में लेकर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

### स्वयंसेवियों को प्राथमिक चिकित्सा की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस एवं जिला रेडक्रॉस शाखा के संयुक्त तत्वाधान में स्वयंसेवियों के लिए एक दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पैटर्न लेखराज कौशिक, स्टेट कोर्डिनेटर वीरेंद्र बिष्ट व लीडिंग फायरमैन कुलदीप कुमार उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में स्वयंसेवियों को प्राथमिक चिकित्सा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. रुचि रमेश ने राज्य युवा रेडक्रॉस सोसायटी के सभी सदस्यों का स्वागत किया।

### नशा मुक्त स्वस्थ जीवन के प्रति किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** डीएवी अंबुजा विद्या निकेतन और अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट के संयुक्त तत्वाधान में और अंबुजा सीमेंट लिमिटेड के दिशा निर्देश के तहत विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु एक पहल नशे से मुक्त स्वस्थ जीवन और स्वस्थ व्यवहार को प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एचआर क्लस्टर हेड अंबुजा सीमेंट लिमिटेड दिग्विजय शर्मा, हेल्थ सुपरवाइजर मीना शर्मा, प्रधानाचार्य डीएवी अंबुजा विद्या निकेतन अनुपल सागर, सीएचओ किरण गौतम विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रधानाचार्य अनुपल सागर ने कहा कि एक पहल कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि बच्चों में सही आदतों का निर्माण उन्हें स्वस्थ जीवन जीने की शैली को बढ़ाता है जिससे वे अपने जीवन में आगे बढ़ सकते है।

### मतदाता सूची तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग हिमाचल प्रदेश द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन के लिए मतदाता सूचियां तैयार करने का कार्यक्रम जारी किया गया है। यह जानकारी ज़िला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान केन्द्रों की मैपिंग का कार्य 14 अगस्त, 2025 तक पूर्ण किया जाएगा। 22 अगस्त, 2025 तक खण्ड स्तर पर यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। 8 सितम्बर, 2025 तक मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। मतदाताओं का मैपिंग 17 सितम्बर, 2025 तक पूरी की जाएगी। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 19 सितम्बर, 2025 तक किया जाएगा। 20 सितम्बर, 2025 से 26 सितम्बर, 2025 तक ग्राम सभा की विशेष बैठकें आयोजित की जाएंगी।

### सीसीटीएनएस रैंकिंग में मिला प्रथम स्थान : पुलिस अधीक्षक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारत सरकार राष्ट्रीय परियोजना सीसीटीएनएस का शुभारंभ वर्ष 2009 में हुआ था। इसका उद्देश्य पूरे देश में पुलिसिंग के लिए एक एकीकृत प्रणाली विकसित करना है, जिससे सभी स्तरों पर पुलिस की दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार हो सके। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि सिरमौर पुलिस ने राज्य अपराध रिकार्ड ब्यूरो, शिमला द्वारा संचालित सीसीटीएनएस रैंकिंग में लगातार दो बार प्रथम स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एसपी ने बताया कि ये परियोजना पुलिस स्टेशन स्तर पर पुलिस कार्यों को स्वचालित करने और पुलिस अधिकारियों के बीच जानकारी साझा करने के लिए मंच प्रदान करती है। इस बड़ी उपलब्धि पर एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने डीसीआरबी शाखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय व थानों के नोडल अधिकारियों को बधाई दी है।

### करोली क्लब को शशिकांत ने दी क्रिकेट किट



**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल की ग्राम पंचायत बलेरा के सुभाष युवा क्लब करोली के युवाओं को युवा नेता व स्थानीय बीडीसी सदस्य शशिकांत गौतम द्वारा क्रिकेट किट और जर्सी प्रदान की गई। युवा क्लब के प्रधान भुपेंद्र ने बताया कि खेल गतिविधियों के लिए सुभाष युवा क्लब करोली ने स्थानीय बीडीसी सदस्य शशिकांत गौतम के समक्ष क्रिकेट किट और जर्सी की मांग रखी गई थी। युवाओं द्वारा रखी गई इस मांग को बीडीसी सदस्य शशिकांत गौतम ने पूरा किया है। इस दौरान युवा क्लब के प्रधान भुपेंद्र, उप प्रधान संदीप ठाकुर, कोषाध्यक्ष मदन ठाकुर, सोनी, लक्की, देवेंद्र, तरुण, भीम चंद, चुनीलाल, यशपाल, राकेश मौजूद रहे।

### गर्ल्स बटालियन एनसीसी का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एचपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी सोलन के सौजन्य से वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 5 अगस्त से 14 अगस्त 2025 तक ईटरनल यूनिवर्सिटी बड़ू साहिब में चल रहा है। शिविर में 22 शैक्षणिक संस्थानों से लगभग 600 कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग ले रहे है। यह प्रशिक्षण शिविर कैंप कमांडेंट कर्नल विवेक भाटरा के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 2 अधिकारी, 5 एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, 4 केयर टेकर अधिकारी 2 गर्ल कैडेट इंस्ट्रक्टर, 15 पीआई स्टाफ (5 जेसीओ और 10 एनसीओ) तथा नागरिक सहयोगी स्टाफ शामिल हैं। शिविर का उद्देश्य कैडेट्स का सर्वांगीण विकास करना है, जिसमें अनुशासन, शारीरिक स्वास्थ्य, नेतृत्व क्षमता तथा सुरक्षा पर विशेष बल दिया जा रहा है। कर्नल विवेक भाटरा ने एनसीसी के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए अनुशासन, राष्ट्रीय एकता और बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित किया।

### अंबुजा फाउंडेशन ने पकोटी में मनाया वन महोत्सव

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन की ओर से गांव पकोटी में वन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा देने और जल स्रोतों के संरक्षण पर जागरूकता फैलाई गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि वन खंड अधिकारी दाड़लाघाट सुदर्शन रहे, जिन्होंने पौधरोपण के महत्व और जलवायु संतुलन में वनस्पति की भूमिका पर प्रकाश डाला। छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण पर भावनात्मक भाषण प्रस्तुत किए और हर व्यक्ति से एक पेड़ लगाने का आग्रह किया। अंबुजा फाउंडेशन के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रमुख संजय ने कहा अंबुजा फाउंडेशन सतत विकास,हरियाली और पर्यावरण संतुलन के लिए लगातार कार्य करता आ रहा है। रिप्रजेंशेड परियोजना के अध्यक्ष बाबू राम ने जल संरक्षण के विभिन्न उपायों, वर्षा जल संचयन तथा पारंपरिक जल स्रोतों की मरम्मत जैसे कार्यों की जानकारी दी।

## चक्की मोड़ पर मलबा आने से रास्ते में फंसे रहे यात्री, गंतव्य तक पहुंचने में हुई देरी

# चंडीगढ़-शिमला हाईवे पर यातायात बाधित

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** भारी बारिश के कारण सोलन के चक्की मोड़ पर मलबा आने से नेशनल हाईवे -5 पर यातायात बार बार बाधित हो रहा है। ऐसे में इस पॉइंट को क्रॉस करने के लिए यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात भारी बारिश के बाद सोलन जिले के चक्की मोड़ पर भूस्खलन के कारण चंडीगढ़-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-5) बीच-बीच में अवरुद्ध रहा।

हालांकि मार्ग पर यातायात आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया, लेकिन राजमार्ग के दोनों ओर लंबे ट्रैफिक जाम के कारण सुबह सोलन और शिमला को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में देरी हुई।

पुलिस ने बताया कि परवाणू शहर और सोलन के बीच कई जगहों से मलबा हटाने के बाद सड़क के एक तरफ से यातायात की अनुमति दी जा रही है। गिरते मलबे के कारण मरम्मत का काम धीमा चल रहा है। यात्रा के समय को कम करने के लिए राजमार्ग को चार लेन का बनाने सहित अन्य कार्यों का नवीनीकरण किया जा रहा है। खराब मौसम और गिरते मलबे के कारण कालका-शिमला हेरिटेज टॉय ट्रेन सेवा आज के लिए स्थगित कर दी गई। भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर ट्रैक अवरुद्ध होने के कारण सभी छह निर्धारित ट्रेनें रद्द कर दी गईं। मार्ग पर मरम्मत कार्य चल रहा है।



### बारिश से जिले की 13 सड़कें बाधित

**बारिश** का सिलसिला जारी रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश के कारण जिलाभर में सड़कों पर मलबा और पत्थर गिरने की घटनाएं सामने आई, जिससे कई मार्गों पर यातायात प्रभावित हुआ। वहीं, जलभराव की स्थिति ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। लोनिवि को बारिश के कारण अब तक 31.23 करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है। जिला में कुल 13 सड़कें बंद हो गई हैं, जिनमें अर्की क्षेत्र की 3 और नालागढ़ की 10 सड़कें शामिल हैं। सड़कों को खोलने का कार्य जारी है।

### बारिश से पेयजल संकट भी गहराया

**लगातार** हो रही बारिश ने सोलन शहर में जल संकट को और गहरा दिया है। नगरवासियों को हफ्ते में अब सिर्फ एक दिन ही पानी की सप्लाई मिल पा रही है। सोमवार को बारिश के कारण अश्वनी खड्ड में अत्यधिक गाद आ गई, जिससे पानी की आपूर्ति रोकनी पड़ी। नगर निगम को अश्वनी खड्ड से केवल 10 लाख लीटर पानी प्राप्त हुआ, जबकि गिरि जल परियोजना से 51 लाख लीटर पानी ही मिल पाया। कुल 60 लाख लीटर पानी प्राप्त हुआ, जबकि शहर को 90 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है।

### भूस्खलन की जद में तीन मंजिला मकान

**चायल-डूबलू** मार्ग पर स्थित फनेवाटी गांव में भूस्खलन का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। गांव निवासी नरेश कुमार पुत्र लक्ष्मी सिंह का तीन मंजिला मकान इस समय गंभीर संकट में है। पहाड़ी पर करीब 4 से 6 इंच गहरी दरारें उभर आई है, जिससे कभी भी बड़ा भूस्खलन हो सकता है। नरेश कुमार ने जानकारी दी कि अप्रैल माह में विभाग द्वारा सड़क कटिंग का कार्य तो किया गया, लेकिन उसके बाद इस स्थान पर कोई सुरथात्मक कार्य नहीं किया गया। विभाग की ओर से कनिष्ठ अभियंता धर्मेंद्र व हलका पटवारी अशोक शर्मा ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जैसे ही बारिश थमेगी, उस स्थान पर क्रेट वॉल लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

> जिले में बारिश के कारण 13 सड़कें बंद हैं। विभाग की पूरी कोशिश है कि जहां भी सड़कें बंद हो रही हैं, वहां तुरंत प्रभाव से खोल दिया जाए। बारिश के कारण विभाग को अब तक कुल 31.23 करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है।
>
> **- अजय शर्मा, एससी, पीडब्ल्यूडी, सोलन।**

# डेंगू रोग की रोकथाम के लिए प्रशासन का करें सहयोग : डीसी

**अनंत ज्ञान, सोलन**



बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन।

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि विभिन्न रोगों की रोकथाम में जागरूकता एवं जन सहभागिता के साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन महत्वपूर्ण है। मनमोहन शर्मा आज यहां जिला क्षय रोग निवारण समिति, डेंगू, मलेरिया तथा अन्य जल जनित रोगों से बचाव के लिए गठित जिला टास्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए सभी स्तरों पर विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय एवं जनता के सहयोग से सक्रिय कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने निर्देश दिए कि क्षय रोग उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभागों के निर्देशों के अनुसार कार्य करें और सम्भावित रोगियों की स्क्रीनिंग समयबद्ध की जाए। उपायुक्त ने बैठक में टीबी से निपटने के लिए विशेष रूप से कमजोर आबादी के मध्य एक बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, ग्रामीण विकास और पंचायती राज सहित सभी

### जिला टास्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

विभागों से इस दिशा में जागरूकता उत्पन्न करने, शीघ्र निदान और उपचार के पालन के लिए सक्रिय रूप से सहयोग और समर्थन देने का आग्रह किया। मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिला में डेंगू से बचाव के लिए सम्भावित व प्रभावित क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था व फोगिंग सुनिश्चित बनाई जा रही है।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय पर पानी के टैंकों की जांच करना सुनिश्चित करें और लोगों को पानी के एकत्रिकरण से होने वाले नुकसान के बारे में भी जागरूक करें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि डेंगू रोग की रोकथाम के लिए प्रशासन का सहयोग करें और अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखें। मनमोहन शर्मा ने कहा कि वर्षा ऋतु में स्क्रब टाइफस रोग का खतरा बढ़ जाता है।

# बाघल होटल को लीज पर देने के निर्णय पर रोक लगाने की मांग

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

अर्की कल्याण संस्था की कार्य समिति ने बाघल होटल दाड़लाघाट को निजी क्षेत्र में लीज पर देने के निर्णय पर रोक लगाने की मांग उठाने का निर्णय लिया है। अर्की कल्याण संस्था के सयोंजक सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि बाघल होटल दाड़लाघाट का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है।

संस्था प्रदेश सरकार के इस निर्णय पर रोक लगाने के लिए राज्यपाल को शीघ्र ही एक ज्ञापन सौपने जा रही है जिसमें संस्था की ओर से दिए जाने वाले ज्ञापन में इस होटल के भावनात्मक कारणों को शामिल किया है। अर्की कल्याण संस्था के संयोजक सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि बाघल होटल शिमला से 40 किमी दूरी पर दाड़लाघाट में स्थित है और इसका निजी क्षेत्र में जाने से शिमला से सुंदरनगर और बिलासपुर तक कोई भी निगम का होटल नहीं रहेगा।

बाघल रियासत के ईष्ट देवी-देवताओं के मूल स्थान और बाघल नाम की विरासत को निगम के नियंत्रण में ही रखा जाना चाहिए। दाड़लाघाट में एशिया के सबसे बड़े अंबुजा सीमेंट उद्योग और अन्य उद्योगों के कारण इस होटल की आय बढ़ने की संभावनाएं हैं।

## नेहरू मैदान के नाले पर बनेगा एंबुलेंस रोड : सुरेश

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नगर पंचायत राजगढ़ के वार्ड नंबर 4 स्थित नेहरू मैदान क्षेत्र में लंबे समय से नाले से संबंधित समस्या बनी हुई थी। अब इस समस्या



का स्थायी समाधान निकालते हुए सांसद सुरेश कश्यप ने एम्बुलेंस रोड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की राशि जारी की है।

नगर पंचायत अध्यक्षा ज्योति साहनी ने जानकारी दी कि पुराने पुल को तोड़कर एक ऊंचा पुल बनाया जा रहा है, जिससे पानी की निकासी में आसानी होगी।

# 'हैप्पी क्लासरूम' में विद्यार्थी उत्साह के साथ सीखते हैं

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल सूबाथू में एक प्रभावशाली इन-हाउस क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय था 'हैप्पी क्लास रूम'। इस सत्र का संचालन प्रख्यात शिक्षाविद एवं प्रेरणादायक वक्ता डॉक्टर लखविंद्र अरोड़ा और गुरविंद्र सोही द्वारा किया गया।

आज के समय में शिक्षा केवल किताबों और पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास से जुड़ी है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए 'हैप्पी क्लासरूम' की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण है। हैप्पी क्लासरूम वह वातावरण है जहां



पाइनग्रोव स्कूल सूबाथू में आयोजित कार्यशाला में पहुंचे प्रतिभागी।

### पाइनग्रोव स्कूल में शिक्षकों के लिए कार्यशाला आयोजित

विद्यार्थी खुशी, उत्साह और आत्मविश्वास के साथ सीखते हैं।

कार्यक्रम में शिक्षकों को 'हैप्पी क्लास रूम' सत्र की गतिविधियां अत्यंत विचारोत्तेजक रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों की पारंपरिक धारणाओं को चुनौती देते हुए विषय की समझ को बढ़ाया। अध्यापक और अध्यापिकाओं की उपस्थिति ने सत्र को बहुआयामी और संवादात्मक बनाया। केवल रटने के बजाय, खेल, कहानियों, समूह चर्चा और प्रोजेक्ट कार्य के माध्यम से पढ़ाई होती है। हर विद्यार्थी को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जाता है। यदि सभी स्कूल इस अवधारणा को अपनाएं, तो हमारे बच्चे न केवल अच्छे विद्यार्थी, बल्कि अच्छे इंसान भी बनेंगे।

# 'उज्ज्वला' का उद्देश्य जनता के जीवन में बदलाव लाना : बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नाहन विधानसभा क्षेत्र के तीनो मंडल में सैनवाला-मुबारिकपुर, नाहन, जाट्टान वाला में रक्षा बंधन के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों में भाग लिया।

डॉ. राजीव बिंदल कहा कि हम केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद करना चाहते हैं कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 2025-26 के लिए 12,000 करोड़ की सबसिडी को मंजूरी दे दी। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में 1.36 लाख उपभोक्ता है। केंद्रीय कैबिनेट ने तेल विपणन कंपनियों



रक्षाबंधन पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए डॉ. राजीव बिंदल व अन्य।

को 30,000 करोड़ की एलपीजी सबसिडी को मंजूरी दे दी है।

बिंदल ने कहा कि मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रति वर्ष 9 रिफिल के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर 300 रुपये की सबसिडी को मंजूरी दी है। इस पर 12,000 करोड़ का व्यय होगा। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का उद्देश्य जनता के जीवन में बदलाव लाना है। अब तक 10.33 करोड़ उज्ज्वला कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पीएम उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए 12,060 करोड़ की सहायता को मंजूरी दी है।

## 10 बोतल देसी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पावंटा।** प्रभारी पुलिस थाना शिलाई की टीम जब गश्त के दौरान शिलाई बाजार के लिए रवाना हुई तो उन्हें अवैध शराब रखने की सूचना मिली।

इस दौरान पुलिस ने सुंदर सिंह पुत्र श्री चंदन सिंह निवासी गांव जुईनल डॉ. गवाली त. शिलाई जिला सिरमौर के किराये के कमरे में रेड की तो कमरे के अंदर से 10 बोतले देसी शराब मार्का पैराडाईज संतरा प्रत्येक 750 एमएल देसी शराब बरामद हुई। जिस पर आरोपी चंदन सिंह के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# विशेषज्ञों ने तंबाकू नियंत्रण पर चुनौतियों को किया रेखांकित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

चंडीगढ़ स्थित स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के तंबाकू नियंत्रण संसाधन केंद्र द्वारा 'तंबाकू नियंत्रण अनुसंधान प्रसार एवं नीति परिवर्तन' विषय पर एक राष्ट्रीय परामर्श बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय सोलन के नैक समन्वयक डॉ. जय गोपाल वोहरा ने सहभागिता की।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार अजय सिंगल ने बताया कि इस बैठक में डब्ल्यूएचओ-एसईएआरओ, भारत सरकार का स्वास्थ्य मंत्रालय, पीजीआई एमईआर के सामुदायिक चिकित्सा विभाग सहित देशभर के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। बैठक में डॉ. वोहरा सहित 7 विशेषज्ञों ने तंबाकू नियंत्रण शोध को राष्ट्रीय और उप-राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने के लिए मौजूदा चुनौतियों जैसे बीड़ी श्रमिकों का शोषण, कॉर्पोरेट हितों का टकराव, मशहूर हस्तियों द्वारा तंबाकू का प्रचार, और अनुसंधान में वित्तीय संसाधनों की कमी जैसे मुद्दों को रेखांकित किया। यह बैठक तंबाकू नियंत्रण नीति में शोध आधारित हस्तक्षेपों पर की गई।

## बास्केटबॉल गर्ल्स प्रतियोगिता में पाइनग्रोव बना चैंपियन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल ने चिन्मय विद्यालय नौणी में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल अंडर -19 गर्ल्स चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। 13 टीमों के बीच हुए इस मुकाबले में पाइनग्रोव ने शानदार टीमवर्क और उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने सरस्वती पैराडाइज और मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल को 28-04 के अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई तथा सेमीफाइनल में दुर्गा पब्लिक स्कूल को 53-24 से मात दी। फाइनल में, पाइनग्रोव ने सेंट सोल्जर्स, पंचकूला को 44-19 से हराकर विजयी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। सुखमन कौर को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के खिताब से सम्मानित किया गया। यह जीत पाइनग्रोव के लिए गर्व और उत्साह का क्षण था।

# छात्रों के लिए साहित्यिक अध्ययन कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शैक्षणिक सहयोग के तहत, शूलिनी विश्वविद्यालय ने दिल्ली-एनसीआर में समुदाय-संचालित किताबों की दुकानों की एक प्रसिद्ध शृंखला, कुंजुम के साथ मिलकर एक नया शैक्षणिक कार्यक्रम, 'पठन संस्कृति और साहित्यिक अध्ययन में माइनर' शुरू किया है।

इस साझेदारी के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर शूलिनी विश्वविद्यालय के मुख्य शिक्षण अधिकारी डॉ. आशु खोसला और कुंजुम के संस्थापक अजय जैन ने हस्ताक्षर किए। यह माइनर चार पाठ्यक्रमों में 12 क्रेडिट का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में नामांकित छात्र 36 सावधानीपूर्वक तैयार की गई पुस्तकें पढ़ेंगे, लेखकों के साथ इंटरैक्टिव सत्रों में भाग लेंगे। इस अवसर पर डॉ. आशु खोसला ने कहा, 'यह सहयोग विचारशील, अभिव्यंजक और आलोचनात्मक रूप से जागरूक व्यक्तियों को विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कुंजुम का समुदाय हमारी शैक्षणिक दृष्टि के साथ मिलकर, वास्तव में प्रभावशाली कुछ बना रहा है। कुंजुम के संस्थापक अजय जैन ने कहा, कुंजुम केवल एक किताबों की दुकान नहीं है, यह एक ऐसा मंच है जो लोगों और विचारों को जोड़ता है। कुंजुम दिल्ली-एनसीआर में किताबों की दुकानों की एक श्रृंखला है जो जीवंत सामुदायिक स्थानों के रूप में भी काम करती है। थीम आधारित पुस्तक क्लबों के लिए जाना जाने वाला, कुंजुम लोगों के साहित्य के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करता है।

## आस्था स्पेशल स्कूल के बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** आस्था स्पेशल स्कूल के विशेष बच्चों के लिए रक्षाबंधन सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। सेलिब्रेशन के दौरान डीएलएड की छात्राओं द्वारा आस्था स्पेशल स्कूल के विशेष बच्चों को राखियां बांधकर यह पर्व मनाया गया।

आस्था स्पेशल स्कूल की अध्यापिका शैलजा सैनी ने बताया कि आज रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर आस्था स्कूल में पढ़ने वाले विशेष बच्चों के लिए रक्षाबंधन सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया जिसमें डीएलएड की छात्राओं द्वारा विधि विधान के साथ आस्था स्पेशल स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को राखियां बांधी गई।

उसके बाद बच्चों के लिए रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें इन बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**जागरूकता** | पौधों के पैकेज ऑफ प्रैक्टिस पर राज्यस्तरीय कार्यशाला नौणी में आयोजित

# खेती की लागत घटाकर मुनाफा बढ़ाने की जरूरत : चंदेल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

फलों, फूलों एवं औषधीय एवं सुगंधित पौधों के पैकेज ऑफ प्रैक्टिस पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आठवां संस्करण डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में शुरू हुआ। यह कार्यशाला हिमाचल उद्यान विभाग के सहयोग से आयोजित की जा रही है।

विश्वविद्यालय कृषि विज्ञान केंद्रों और अनुसंधान स्टेशनों के वैज्ञानिकों के साथ-साथ उद्यान विभाग के अधिकारी इस कार्यशाला में भाग ले रहे हैं, जिसमें पैकेज ऑफ प्रैक्टिस में शामिल करने के लिए नई सिफारिशों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। पैकेज



कार्यक्रम को संबोधित करते वीसी प्रो. राजेश्वर चंदेल व अन्य।

ऑफ प्रैक्टिस किसी विशेष क्षेत्र और फसल के लिए वैज्ञानिक रूप से अनुशंसित दिशा-निर्देशों का एक संपूर्ण सेट होता है, जिसमें फसल चक्र के सभी पहलू जैसे कि किस्म का चयन, भूमि तैयारी, बुवाई, पोषण प्रबंधन, सिंचाई, खरपतवार, कीट एवं रोग प्रबंधन से लेकर कटाई एवं कटाई के बाद की प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने उद्यान विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फील्ड स्तर की चुनौतियों के समाधान के लिए सहयोग को और मजबूत किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए खेती की लागत कम की जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि पैकेज ऑफ प्रैक्टिस में बड़े वाणिज्यिक तकनीकों के साथ छोटे कृषक परिवारों के लिए उपयुक्त कम लागत वाली तकनीकों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

उद्यान निदेशक विनय सिंह ने कहा कि उद्यानिकी प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इससे पूर्व डॉ. इंद्रदेव, निदेशक विस्तार शिक्षा ने बताया कि विकसित की गई तकनीकों और कार्यशाला में हुई चर्चाओं को संकलित कर किसान-हितैषी साहित्य के रूप में प्रकाशित किया जाएगा, जिससे किसानों को फसल प्रबंधन में मदद मिलेगी। निदेशक अनुसंधान डॉ. संजीव चौहान ने राज्य की फल उत्पादन में हुई उपलब्धियों की जानकारी दी।


# रक्षाबंधन पर महिलाओं को निजी बस ऑपरेटर ने करवाई मुफ्त यात्रा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर जहां हिमाचल पथ परिवहन निगम ने महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की है, वहीं एक निजी बस ऑपरेटर भी इस पुनीत कार्य में आगे आया है। पांवटा साहिब बस यूनियन के प्रधान बलविंद्र सिंह ने रक्षाबंधन के दिन महिलाओं को अपनी दोनों बसों में निशुल्क सफर की सुविधा दी है।

बलविंदर सिंह की दो बसें 'श्री पांवटा साहिब हाईवेज' के नाम से चलती हैं। दोनों बस शिमला से पांवटा साहिब रूट पर संचालित होती है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं को इन बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई। बलविंद्र सिंह ने बताया कि यह पहल महिलाओं को अपने भाइयों के पास आसानी से पहुंचने और त्योहार को खुशी-खुशी मनाने के उद्देश्य से की गई है।

उन्होंने बताया कि आज से करीब 8 साल पहले उनके चालक सुरेश ठाकुर और परिचालक सचिन कपूर ने सरकारी बसों में फ्री सेवा को देखते हुए बस में इस सुविधा को जारी करने का ऐलान किया था और उन्होंने इस फैसले को आगे भी जारी रोकने की बात कही। ऐसे में निजी बस ऑपरेटर द्वारा दी गई यह मुफ्त सेवा आमजन के लिए बड़ी राहत साबित हुई। स्थानीय लोगों ने बलविंद्र सिंह के इस फैसले का स्वागत किया और इसे समाज में एक सकारात्मक उदाहरण बताया।




# चंडीगढ़ में तीन पुलिसकर्मी लाइन हाजिर साइबर ठगों से 1.90 लाख लेने के आरोप

## डीएसपी कर रहे जांच, दोषी होने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ पुलिस के कॉन्स्टेबल सतीश कुमार, कॉन्स्टेबल विश्वजीत सिंह और होमगार्ड जवान दिलीप नेगी को ड्यूटी से हटाकर लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामले की जांच एरिया डीएसपी कर रहे हैं और अगर इनके खिलाफ और सबूत मिले तो आगे कड़ी कार्रवाई होगी। आरोप है कि इन तीनों ने साइबर ठगों को पकड़ने के बजाय उनसे मिलकर 1.90 लाख रुपए गूगल-पे के जरिए ट्रांसफर करवा लिए। थाना पुलिस की जांच में सामने आया कि इस रकम के लेन-देन में इनकी सीधी भूमिका थी।

तीनों पुलिसकर्मी पहले थानों में बनने वाली एसआईटी के सदस्य रह चुके हैं। थाना मनीमाजरा का चार्ज संभालने के बाद इंस्पेक्टर मनिंदर सिंह ने पुरानी एसआईटी को भंग कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद ये सदस्य पहले की तरह काम करते रहे। इसी दौरान उन्होंने एक केस पकड़ा आरोप है कि उसे छोड़ने के बदले पैसे ले लिए। इस मामले को लेकर इनकी थाना प्रभारी से कहासुनी भी हुई थी। बाद में इसकी रिपोर्ट तैयार करके डीएसपी नॉर्थ ईस्ट विजय सिंह को भेजी गई।

डीएसपी नॉर्थ ईस्ट विजय सिंह ने बताया कि उनके पास शिकायत आई थी, जिसमें इन तीनों पुलिसवालों पर अनुशासनहीनता और एक केस में पैसे लेने जैसे आरोप लगे हुए थे। जिसके बाद मामले की जांच कर इन तीनों को लाइन हाजिर कर दिया गया है और मामले की जांच गहनता से की जा रही है।

बता दें कि चंडीगढ़ में पहले डीजीपी रहे सुरेंद्र यादव को आज भी इसलिए याद किया जाता है क्योंकि वे किसी भी शिकायत पर कार्रवाई जरूर करते थे। चाहे शिकायत आम नागरिक के खिलाफ हो, किसी पुलिसकर्मी के या फिर बड़े अधिकारी के खिलाफ। उनके ट्रांसफर के बाद यह सख्ती कम हो गई थी। अब नए डीजीपी सागर प्रीत हुड्डा के आने के बाद फिर से वही सख्त रवैया देखने को मिल रहा है। नियमों के प्रति वे काफी कड़े हैं। इसका अंदाजा उनके ट्रैफिक चालान वाले निर्देशों से भी लगाया जा सकता है, जिसमें उन्होंने साफ कहा था कि पहले शहर के लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत दिलाई जाए, उन्हें अनावश्यक परेशानी न हो और बिना वजह बाहरी गाड़ियों के चालकों को परेशान न किया जाए।

# रक्षाबंधन पर सीएम सैनी को स्कूली छात्राओं ने बांधी स्नेह की डोर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को संत कबीर कुटीर में रक्षाबंधन का पर्व हर्ष और उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री की पत्नी सुमन सैनी भी मौजूद रहीं। रक्षाबंधन के इस विशेष पावन अवसर पर पंचकूला जिले के दो सरकारी प्राइमरी स्कूलों तथा रायपुररानी स्थित 'वेलफेयर सेंटर फॉर पर्सन विद स्पीच एंड हियरिंग इम्पेरेमेंट' की नन्ही बच्चियां अपने शिक्षकों के साथ पहुंचीं और मुख्यमंत्री की कलाई पर प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के प्रतीक स्वरूप राखी बांधी।

स्कूल यूनिफार्म में पहुंची इन बच्चियों ने जब मुख्यमंत्री की कलाई पर रंग-बिरंगी राखी के रूप में स्नेह की रेशमी डोर बांधी तो मुख्यमंत्री ने उनको उपहार और आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने बच्चियों से उनकी पढ़ाई, खेलकूद और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चियों को शिक्षा में आगे बढ़ने और समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया।

इनमें पंचकूला शहर के गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल सेक्टर-26 एवं सेक्टर-4 की 12 बच्चियां तथा 'वेलफेयर सेंटर फॉर पर्सन विद स्पीच एंड हियरिंग इम्पेरेमेंट' रायपुररानी से 8 बच्चियां शामिल थीं। इस अवसर पर उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी संध्या छिक्कारा, जिला विज्ञान विशेषज्ञा पूजा, जिला सांस्कृतिक समन्वयक दीपा रानी के अलावा उक्त स्कूलों की शिक्षिकाएं भी थीं। महिला शिक्षिकाओं ने भी मुख्यमंत्री को राखी बांधी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का त्योहार नहीं, बल्कि यह प्रेम, त्याग और सुरक्षा की भावना का प्रतीक है। ऐसे अवसर हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं और समाज में भाईचारे व सौहार्द की भावना को प्रबल करते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की मासूम मुस्कान और स्नेह उन्हें नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान करते हैं, जिससे वे राज्य के विकास और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम के अंत में बच्चियों को मिठाइयां वितरित की गईं और सामूहिक फोटोग्राफी के साथ इस आयोजन को स्मरणीय बना दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### समाजसेवी सोनिया शर्मा ने मनाया राखी का पर्व

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** समाजसेवा में सक्रिय सोनिया शर्मा ने शनिवार को अपने परिवार के सदस्यों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया। सुबह से ही घर में उत्साह और खुशी का माहौल था। सोनिया शर्मा ने राखी बांधकर उनके सुख, समृद्धि और लंबी उम्र की कामना की। इस मौके पर परिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर मिठाइयां बांटीं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। सोनिया शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक रस्म नहीं, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते में विश्वास, स्नेह और सुरक्षा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि पारिवारिक बंधन को मजबूत करने और परंपराओं को जीवित रखने के लिए ऐसे त्योहारों को पूरे उत्साह के साथ मनाना चाहिए।

### नारनौल: सड़क हादसे में पोते की मौत, दादी घायल

**अनंत ज्ञान, नारनौल।** जिले के गांव आकोदा में शनिवार को तेज रफ्तार कार ने दादी-पोते को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में बच्चे की मौत हो गई, जबकि बुजुर्ग महिला बुरी तरह घायल हो गई। आसपास के लोगों ने दोनों को महेंद्रगढ़ के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार गांव आकोदा निवासी करीब 60 वर्षीय महिला सविता शनिवार को अपने पांच साल के पोते दीक्षित के साथ आकोदा बस स्टाप पर कुछ सामान लेने के लिए आई थी। इस दौरान खुडाना की ओर से आ रही कार पहले बिजली के पोल को टकराई और उसके बाद दादी-पोते को टक्कर मार दी।

### सिरसा: डिग्गी में डूबने से चौकीदार की मौत

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** सिरसा जिला के गांव बिज्जूवाली में खेत में बनी पानी की डिग्गी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डबवाली के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जानकारी के अनुसार कुलवंत गांव बिज्जूवाली निवासी कृष्ण मेहता के बाग की रखवाली करता था और खेत में ही रहता था। शनिवार सुबह वह घर नहीं पहुंचा जिस पर कुलवंत का बेटा खेत में पहुंचा और डिग्गी के पास उसने कपड़े देखे। शक होने पर उसने तुरंत परिजनों को सूचना दी, जिस पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और डिग्गी से कुलवंत के शव को बाहर निकाला। ग्रामीणों के अनुसार कुलवंत नहाने के लिए संभवत: डिग्गी के किनारे बैठा होगा और पैर फिसलने पर वह डिग्गी में डूब गया।

# आकाश एजुकेशनल ने जालंधर में किया पौधरोपण, 304 पौधे लगाए

**अनंत ज्ञान, जालंधर**



आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने 2025 में नीट, जेईई मेन, जेईई एडवांस और विभिन्न ओलंपियाड में अपने छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए जालंधर में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के तहत लाजपत नगर पार्क में 304 पौधे लगाए गए।

इस पौधरोपण अभियान में आकाश जालंधर के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ-साथ मुख्य अतिथि रूपदीप कौर एसीपीए जालंधर डिवीजन ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। रूपदीप कौर ने आकाश संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल इस बात का एक शानदार उदाहरण है कि शैक्षणिक संस्थान कैसे केवल छात्रों का भविष्य नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरण का भविष्य भी संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

आकाश के क्षेत्रीय निदेशक सुरेंद्र चौहान ने कहा कि हमारे छात्रों की सफलता उनकी कड़ी मेहनत और हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पौधों को लगाकर हम न केवल उनकी शैक्षणिक सफलता का जश्न मना रहे हैं बल्कि एक हरित भविष्य के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को भी प्रकट कर रहे हैं।

# उत्तरकाशी आपदा: सीएम धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग सक्रिय

**अनंत ज्ञान, देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर उत्तरकाशी जिले में आई आपदा के बाद स्वास्थ्य विभाग उत्तराखंड ने राहत और चिकित्सा सेवाएं युद्ध स्तर पर शुरू कर दी हैं। धराली, गंगोत्री, मातली और चिन्यालीसौड़ समेत विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमें तैनात की गई हैं, जो बिना रुके राहत कार्यों में जुटी हैं। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को हेलिकॉप्टर के माध्यम से धराली से 128 यात्रियों को रेस्क्यू कर मातली लाया गया, जिनमें से 25 को प्राथमिक उपचार दिया गया और एक गंभीर मरीज को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया।

धराली क्षेत्र में नेटवर्क बाधा के बावजूद डॉ. मेघना असवाल के नेतृत्व में टीम लगातार सक्रिय है। चिन्यालीसौड़ में पहुंचे 76 यात्रियों की भी स्वास्थ्य जांच की गई और सभी स्वस्थ पाए गए। हर्षिल, मातली, गंगोत्री और भटवाड़ी में चिकित्सकों, एंबुलेंस, जीवनरक्षक दवाओं और मेडिकल किट्स की पूरी व्यवस्था की गई है। हर्षिल में 9 डॉक्टर, 3 एंबुलेंस और 20 मेडिकल किट्स की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि हर प्रभावित व्यक्ति तक समय पर उपचार पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क और तैनात है।

# ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन ने सफाई कर्मियों संग मनाया रक्षाबंधन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन की महिला सदस्यों ने सफाई कर्मचारियों के साथ त्योहार मनाकर एक सराहनीय उदाहरण पेश किया। शनिवार को सेक्टर 42 के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में निगम के सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान संस्था की महिला सदस्यों ने नगर निगम के पुरुष सफाई कर्मचारियों की कलाइयों पर राखी बांधी और उन्हें मिठाइयों तथा उपहारों से सम्मानित किया। महिला सफाई कर्मचारियों ने भी इस पर्व को आत्मीयता से मनाया। एक सफाई कर्मचारी ने भावुक होते हुए कहा कि यह पहली बार है जब किसी ने हमारे बारे में सोचा और हमारे साथ त्योहार मनाया।

सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने सफाई मित्रों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इनके परिश्रम से ही चंडीगढ़ स्वच्छ और सुंदर बना है। फाउंडेशन के चेयरमैन रविंद्र सिंह बिल्ला ने भी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

## देश-विदेश

# प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत है: चीन

## गलवान झड़प के बाद पहली बार चीन जाएंगे पीएम मोदी

**एजेंसी, बीजिंग**



पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग 2024 में ब्रिक्स समिट में शामिल होने रूस गए थे। वहां के कजान शहर में दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। चीन ने कहा है कि वह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तियानजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए स्वागत करता है। यह पहला मौका होगा जब पीएम मोदी गलवान घाटी में 2020 की झड़प के बाद चीन की यात्रा करेंगे। चीन से पहले मोदी 30 अगस्त को जापान पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। मोदी इससे पहले 2018 में वहां गए थे। बतौर प्रधानमंत्री मोदी का यह छठा चीन दौरा होगा, जो 70 सालों में किसी भी भारतीय पीएम की सबसे ज्यादा चीन यात्रा है। (अनंत ज्ञान)

### पिछले माह विदेश मंत्री गए थे चीन

**पिछले** महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। जयशंकर ने जल संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एलएसी पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था।

# एयर इंडिया के सिक्योरिटी ऑडिट की याचिका खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एयर इंडिया की सुरक्षा और रखरखाव मानकों की स्वतंत्र जांच की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। इसमें याचिकाकर्ता नरेंद्र कुमार गोस्वामी ने स्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाने और आईसीएओ से मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय एजेंसी से एअर इंडिया की फ्लीट का ऑडिट कराने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा-सिर्फ एयर इंडिया ही क्यों? अन्य एयरलाइनों की सुरक्षा का क्या? एक दुखद हादसे के आधार पर किसी एक एयरलाइन को निशाना बनाना ठीक नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप ने आर्मेनिया-अजरबैजान की 37 साल पुरानी जंग करवाई खत्म

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच 37 साल पुरानी जंग को खत्म कराने के लिए समझौता करा दिया है। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव और आर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल ने शुक्रवार को ट्रंप की मौजूदगी में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों में विवादित इलाके के लिए एक ट्रांजिट कॉरिडोर बनाने पर सहमति बनी है। इस कॉरिडोर को ट्रंप रूट फॉर इंटरनेशनल पीस एंड प्रॉस्पेरिटी नाम दिया जाएगा। यह कॉरिडोर अजरबैजान को उसके नखचिवान एंक्लेव इलाके से जोड़ेगा, जो आर्मेनिया से होकर गुजरेगा। अजरबैजान के पास वहां जाने का जमीन रास्ता नहीं है। (अनंत ज्ञान)

**विवादित जमीन पर ट्रंप रूट के नाम का बनेगा कॉरिडोर**

### दोनों देशों की ट्रंप को नोबेल पुरस्कार देने की सिफारिश

**दोनों** देशों ने ट्रंप और उनकी टीम को इसका श्रेय दिया और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। इस दौरान ट्रंप ने एक बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि दोनों एक दूसरे के खिलाफ बड़े संघर्ष में उलझे हुए थे। आर्मेनिया और अजरबैजान के अलावा ट्रंप अब तक दुनियाभर में 6 और जंग खत्म करवाने का दावा कर चुके हैं।

# अलास्का में 15 अगस्त को पुतिन से मिलेंगे ट्रंप





**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड टंप 15 अगस्त को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलेंगे। ट्रंप ने शुक्रवार देर रात सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बैठक से जुड़ी जानकारियां जल्द बताई जाएंगी। ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि वह पुतिन से जल्द मिलकर यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर बातचीत करना चाहते हैं। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेनी लोग अपनी जमीन कब्जा करने वालों को नहीं देंगे। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि जंग को खत्म करने के लिए कुछ इलाकों की अदला-बदली करनी होगी। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन जंग के समाधान के लिए तैयार है, ताकि शांति आ सके, लेकिन बातचीत में यूक्रेन को शामिल किए बिना कोई भी समाधान शांति के खिलाफ ही होगा। (अनंत ज्ञान)

# यूक्रेन के बिना कोई शांति संभव नहीं : जेलेंस्की



**एजेंसी, कीव।** अलास्का में होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात को लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने चेतावनी दी है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के बिना कोई भी शांति समझौता मृत समाधान माना जाएगा। जेलेंस्की ने कहा कि संविधान में निहित यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। स्थायी शांति के लिए वार्ता में यूक्रेन की आवाज को भी शामिल किया जाना चाहिए। यूक्रेन रूस को उसके किए के लिए कोई पुरस्कार नहीं देगा। (अनंत ज्ञान)

# आईसीआईसीआई ने बचत खाते में न्यूनतम शेष राशि 50 हजार रुपए की

**एजेंसी, नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक ने अपने बचत खातों के लिए न्यूनतम मासिक औसत शेष राशि (एमएबी) में बड़ा इजाफा कर इसे 50,000 रुपए कर दिया है। यह बदलाव 1 अगस्त, 2025 से प्रभावी है। यह बदलाव एक अगस्त के बाद खोले गए सभी नए खातों पर लागू होगा। घरेलू बैंकों के बीच न्यूनतम राशि की आवश्यकता की बात करें, तो यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है। नए बदलावों के तहत महानगरीय और शहरी शाखाओं के ग्राहकों को न्यूनतम औसत शेष राशि 50,000 रुपए रखनी होगी। यह वर्तमान के10,000 रुपए से काफी ज्यादा है। अर्ध-शहरी क्षेत्रों में न्यूनतम शेष राशि 5,000 रुपए से बढ़कर 25,000 रुपए हो जाएगी। ग्रामीण इलाके में अब बचत खाते में न्यूनतम 10,000 रुपए रखने पड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

# आखिर कहां गायब हो गए धनखड़ : सिब्बल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद और पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल ने शनिवार को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद जगदीप धनखड़ के सार्वजनिक रूप से नजर न आने पर सवाल उठाए। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि उन्होंने फिल्म 'लापता लेडीज' के बारे में सुना है, लेकिन 'लापता' उपराष्ट्रपति के बारे में कभी नहीं सुना। सिब्बल ने गृहमंत्री अमित शाह से उनके स्वास्थ्य और मौजूदगी पर आधिकारिक बयान देने की मांग भी की। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप के टैरिफ का पड़ेगा उल्टा असर: बोल्टन

## अमेरिका की सालों पुरानी मेहनत बर्बाद, चीन-रूस के पास जा रहा भारत

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि ट्रंप की नीतियों से भारत, अमेरिका से दूर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने रूस और चीन को भारत से दूर रखने के लिए कई साल से कोशिश की थी, लेकिन अब वह कोशिश कमजोर पड़ चुकी है। बोल्टन ने आशंका जाहिर की है कि रूस को कमजोर करने के लिए भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैरिफ कहीं उल्टा न पड़ जाए। इससे भारत, रूस और चीन के करीब आ सकता है, और दोनों देशों को अमेरिका के खिलाफ मिलकर बातचीत करने पर मजबूर कर सकता है। अमेरिकी विदेश नीति विशेषज्ञ क्रिस्टोफर पैडिला ने भी चेतावनी दी कि यह टैरिफ भारत-अमेरिका संबंधों को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। भारत हमेशा अमेरिका को शक की निगाह से देखेगा और कभी भी इन टैरिफ को नहीं भूलेगा। (अनंत ज्ञान)

# डॉक्टरों ने निकाली 'नबन्ना अभियान' रैली




**एजेंसी, कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर की घटना को 9 अगस्त को एक साल हो गया है। मामले में न्याय की मांग को लेकर भाजपा और डॉक्टरों ने नबन्ना अभियान रैली निकाली। पश्चिम बंगाल पुलिस ने नबन्ना अभियान रैली के दौरान भाजपा नेताओं को रोकने के लिए बैरिकेड्स लगाए। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी, विधायक अग्निमित्र पॉल और अन्य प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स हटाने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। पॉल ने कहा कि एक साल हो गया है, लेकिन अभया को न्याय नहीं मिला है। (अनंत ज्ञान)

## त्रासदी — धराली में मलबे के नीचे दबे लोगों की रडार से शुरू की तलाश

# उत्तरकाशी में बादल फटने से हर्षिल में बनी झील

**एजेंसी, देहरादून**



उत्तरकाशी में 5 अगस्त को बादल फटने के बाद हर्षिल में आई बाढ़ से यहां एक झील बन गई है। वहीं, धराली गांव में मलबे में दबे लोगों को खोजने का काम शुरू हो गया है। इसके लिए सेना एडवांस पेनिट्रेटिंग रडार का इस्तेमाल कर रही है। इससे खुदाई किए बगैर ही जमीन में दबे लोगों का पता लगाया जा सकता है। पेनिट्रेटिंग रडार जमीन के नीचे एक हाई फ्रीक्वेंसी रेडियो तरंग भेजता है, जहां यह मिटटी, पत्थर, धातु और हड्डियों को अलग-अलग रंगों के जरिए बताता है। इसके जरिए जमीन के नीचे 20-30 फुट तक फंसे लोगों या शवों की पहचान की जा सकती है। उत्तरकाशी जिले के धराली में 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। खीर गंगा नदी में बाढ़ आने से 34 सेकेंड में धराली गांव जमींदोज हो गया था। अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 100 से 150 लोग लापता हैं, वे मलबे में दबे हो सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### धराली-हर्षिल से 223 लोगों को मातली लाया

**शनिवार** दोपहर 1 बजे तक कुल 223 लोगों को धराली-हर्षिल से मातली तथा 107 लोगों को चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर पहुंचाया जा चुका है। वहीं, तीन दिन बाद घटना वाले इलाकों में मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी फिर से शुरू हुई है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बताया- एयरटेल सेवा शुरू हो गई है, जिससे बचाव कार्य तेज होगा। धराली, हर्षिल और उत्तरकाशी के बीच सड़कें अब भी टूटी या बंद हैं। बिजली भी नहीं है।

# हमास इसराइली बंधकों की रिहाई के लिए तैयार

**एजेंसी, तेल अवीव।** गाजा में सक्रिय फिलिस्तीन का उग्रवादी संगठन हमास इसराइल के सभी बंधकों की रिहाई के लिए इसराइल के साथ एक व्यापक समझौता करने को तैयार हो गया है। हालांकि उसने चेतावनी दी है कि इसराइल ने गाजा पर कब्जा करने कोशिश की तो भारी कीमत चुकानी, यह कोई पिकनिक नहीं होगी। हमारे लोगों का विरोध रुकेगा नहीं, नेतन्याहू की प्लानिंग फेल हो जाएगी। इससे पहले इसराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने शुक्रवार को गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में मौजूद गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इसराइली सेना को मंजूरी दी थी। पीएम नेतन्याहू के ऑफिस ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश में 5 साल में हिंदुओं पर 3582 हमले

## अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन में हिंदुओं पर हमले और मंदिरों में तोड़फोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्यसभा में बताया कि बांग्लादेश में 2021 से अब तक हिंदुओं पर 3,582 हमलों की घटनाएं हुई हैं। रंगपुर-चटगांव जैसे क्षेत्रों में अल्पसंख्यकों पर हिंसा जारी है। उन्होंने शिवसेना सांसद अनिल देसाई के सवाल के जवाब देते हुए कहा कि भारत ने पाकिस्तान के सामने अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के 334 प्रमुख मामले उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन में हिंदुओं पर हमले और मंदिरों में तोड़फोड़ के मामले सामने आए, पिछले साल से अमेरिका में हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ के 5 और कनाडा में 4 मामले सामने आए हैं। सरकार ने बताया कि मार्च 2024 में लेबनान से हुए एक हमले में एक भारतीय कृषि श्रमिक की मौत हो गई। 3 भारतीय घायल हुए। (अनंत ज्ञान)

### आयुष्मान भारत में धोखाधड़ी पर 1504 अस्पतालों पर 122 करोड़ का जुर्माना



**आयुष्मान** भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में अनियमितताओं और धोखाधड़ी पर अब तक 1114 अस्पतालों को पैनल से हटाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि 1,504 अस्पतालों पर 122 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया और 549 अस्पतालों को निलंबित किया है। देशभर में सिकल सेल के 2.16 लाख मामले मिले केंद्र सरकार ने बताया कि 17 राज्यों में 6.04 करोड़ लोगों की सिकल सेल रोग की जांच की गई, जिनमें 2.16 लाख संक्रमित पाए गए। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बताया कि यह जांच 'राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत हुई।

## स्पोर्ट्स विंडो

### पाउला बडोसा ने अमेरिकी ओपन से अपना नाम लिया वापस

एजेंसी, न्यूयॉर्क। पाउला बडोसा ने पीठ की चोट के कारण शुक्रवार को अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। वह 30 जून को विंबलडन में पहले दौर में हार के बाद से चोट से जूझ रही थीं। अमेरिकी टेनिस संघ ने बडोसा के हटने की घोषणा की और कहा कि उनकी जगह जिल टेचमैन को मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है। अमेरिकी ओपन के मुख्य ड्रॉ के मैच 24 अगस्त को शुरू होंगे। स्पेन की 27 वर्षीय बडोसा 2022 में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नंबर दो पर पहुंची थीं। वह अभी विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर हैं। वह पिछले साल अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थीं। (अनंत ज्ञान)



### एशियन सर्फिंग चैंपियनशिप: भारत के रमेश किशोर पहली बार पहुंचे सेमीफाइनल में

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय सर्फरों ने एशियन सर्फिंग चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया है। शनिवार को रमेश बुढ़िहाल और किशोर कुमार ओपन मेन्स कैटेगरी के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए। दिन के पहले हीट में उतरे बुढ़िहाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14.84 अंक हासिल किए और फिलीपींस के नील सांचज (12.80) को पीछे छोड़ दिया। अपनी जीत के बाद बुढ़िहाल ने कहा कि यही वह पल है जिसका हम इंतजार कर रहे थे। सुबह मैंने कुछ लहरों पर अभ्यास किया था और सोचा था कि हीट में भी यही करना है। यह हमारे लिए गर्व का पल है। पिछले साल मालदीव में हुई चैंपियनशिप में हिस्सा न ले पाने का अफसोस जताते हुए उन्होंने कहा कि अगर मुझे पिछले साल मौका मिलता तो शायद मैं और अच्छा कर पाता। लेकिन इस बार मैं पूरी तरह से इसका फायदा उठा रहा हूं। वहीं, दिन के आखिरी हीट में किशोर कुमार ने संतुलित खेल दिखाते हुए 10.50 अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। वह फिलीपींस के एडुआर्डो अल्सिसो (12.03) से पीछे रहे। पिछले साल किशोर ने अंडर-18 कैटेगरी में देश का प्रतिनिधित्व किया था और उस उम्र वर्ग में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे। टॉप-2 खिलाड़ी ही सेमीफाइनल में जगह बना पाए, जिसमें भारत के दो खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं, हीट-3 में श्रीकांत डी 10.90 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे और मामूली अंतर से सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गए। इससे पहले, अंडर-18 गर्ल्स वर्ग में आद्या सिंह और धमयंती श्रीराम ने रिपेचेज सेकंड राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे राउंड में जगह बनाई, जबकि सान्वी हेगड़े इसी दौर में बाहर हो गईं। (अनंत ज्ञान)



### सूर्यकुमार-देविशा की खूबसूरत जोड़ी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की पत्नी देविशा शेट्टी एक क्लासिकल डांसर है। देविशा ने डांस के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। डांस के अलावा देविशा को बेकिंग और खाना बनाने का भी काफी शौक है। वह काफी क्यूट हैं, जिसके चलते वह खूब चर्चा में रहती हैं।



## टी20 क्रिकेट मैक्सवेल, मार्श और हेड पर रहेंगी सभी की निगाहें

# ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका आज होंगे आमने-सामने

एजेंसी, डार्विन (ऑस्ट्रेलिया)

साउथ अफ्रीका की टीम टी20 सीरीज खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर पहुंची है, जिसमें वह मेजबान टीम के खिलाफ 10 अगस्त से तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इस सीरीज का पहला मुकाबला डार्विन के मैदान पर खेला जाएगा। दोनों टीमों की नजरें अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों पर रहने वाली हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम हाल में ही वेस्टइंडीज के दौरे पर थी, जिसमें उन्होंने मिचेल मार्श की कप्तानी में वहां पर खेली गई 5 मैचों की टी20 सीरीज के सभी मुकाबलों को अपने नाम किया था। वहीं दूसरी तरफ साउथ अफ्रीका टीम का भी पिछले कुछ सालों में इस फॉर्मेट में बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला है। इस सीरीज को लेकर बात की जाए तो कुछ प्लेयर्स के प्रदर्शन पर सभी की नजरें रहने वाली हैं, जिसमें मेजबान ऑस्ट्रेलिया को लेकर बात की जाए तो उसमें ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड का नाम शामिल है। मैक्सवेल का वेस्टइंडीज के दौरे पर टी20 सीरीज में बल्ले से कोई खास प्रदर्शन देखने को नहीं मिला था, तो वहीं, दूसरी तरफ हेड को इस सीरीज से आराम दिया गया था। साउथ अफ्रीका टीम में कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस और ट्रिस्टन स्टब्स पर सभी की नजरें रहने वाली हैं। (अनंत ज्ञान)



**दोनों टीमों की नजरें टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों पर**

**मैच : दोपहर 2.45 बजे से**

**संभावित टीमें**

**ऑस्ट्रेलिया।** मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, टिम डेविड, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मैट कुहनेमन, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, एडम जम्पा।

**साउथ अफ्रीका।** एडेन मार्करम (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, सेनुरन मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, नकाबा पीटर, लुआन ड्रे प्रीटोरियस, कगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स, प्रेनेलन सुब्रायेन, रासी वैन डेर डुसेन।

### ऑस्ट्रेलिया टीम हेड के साथ पारी की शुरुआत करेंगे मार्श

**ऑस्ट्रेलियाई** कप्तान मिशेल मार्श ने पुष्टि की है कि वह निकट भविष्य में ट्रेविस हेड के साथ पारी की शुरुआत करेंगे, क्योंकि उनकी टीम अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले आदर्श संयोजन तैयार करना चाहती है। मार्श का 2021 में टी20 विश्व कप में तीसरे नंबर पर उतरना निर्णायक साबित हुआ था। उन्होंने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को अपना पहला खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अब टी-20 टीम की कमान संभाल रहे मार्श ने कहा कि वह पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ सभी पांच मैचों में पारी का आगाज करने के बाद शीर्ष क्रम में बने रहेंगे। कैरेबियाई दौरे से पहले उन्होंने ऐसा सिर्फ एक बार किया था। मार्श ने कहा, ''निकट भविष्य में मैं और हेडी पारी की शुरुआत करेंगे। हम दोनों ने एक-दूसरे के साथ काफी क्रिकेट खेली है और हमारे बीच बहुत अच्छा तालमेल है। विश्व कप को ध्यान में रखते हुए, खिलाड़ियों को अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।'' हालांकि, मार्श और हेड ने अभी तक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक साथ पारी की शुरुआत नहीं की है, लेकिन वनडे जोड़ी के रूप में उनका रिकॉर्ड शानदार है।

# फिट होने के लिए रिहैब का विकल्प चुन सकते हैं वोक्स

एजेंसी, लंदन




इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स इस साल के अंत में होने वाली एशेज सीरीज तक फिट होने के लिए कंधे की सर्जरी कराने के बजाय 'रिहैबिलिटेशन' का विकल्प चुन सकते हैं। वोक्स भारत के खिलाफ ओवल में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके कंधे पर चोट लगी थी। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी का स्कैन हो चुका है और वह नतीजों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उनका मानना है कि आठ सप्ताह का 'रिहैबिलिटेशन' कार्यक्रम उन्हें 21 नवंबर से पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट के लिए तैयार कर सकता है। वोक्स ने कहा, ''मैं यह देखने के लिए इंतजार कर रहा हूं कि चोट कितनी गंभीर है, लेकिन मुझे लगता है कि विकल्प सर्जरी या 'रिहैबिलिटेशन' हो सकता है। मैं मानता हूं कि यह चोट मुझे दोबारा परेशान कर सकती है, लेकिन मुझे लगता है कि यह एक ऐसा जोखिम हो सकता है जिसे आप लेने के लिए तैयार हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैंने फिजियो और विशेषज्ञों से जो सुना है, उसके अनुसार सर्जरी के बाद फिट होने में लगभग चार महीने या तीन से चार महीने लगेंगे। जाहिर है, यह एशेज और ऑस्ट्रेलिया से जुड़ा है, इसलिए यह मुश्किल है। 'रिहैबिलिटेशन' में आठ सप्ताह का समय लगेगा, इसलिए यह एक विकल्प हो सकता है, लेकिन मैं कोई भी फैसला रिपोर्ट आने के बाद करूंगा।'' (अनंत ज्ञान)

# गंभीर की क्यूरेटर के साथ बहस पर हेडन ने कहा, उन्हें बेहतर भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए था

एजेंसी, मेलबर्न

आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से पहले ओवल के क्यूरेटर के साथ तीखी बहस के दौरान अपनी भाषा में नरमी बरत सकते थे। पांचवें टेस्ट से पहले गंभीर की ओवल के मुख्य क्यूरेटर ली फोर्टिस के साथ तीखी बहस हुई थी और उन्हें मैदानकर्मियों पर उंगली उठाते हुए यह कहते सुना गया था कि ''आप हमें यह नहीं बता सकते कि हमें क्या करना चाहिए।'' हेडन ने 'ऑल ओवर बार द क्रिकेट' कार्यक्रम में कहा, ''वे (क्यूरेटर) पिचों को लेकर बचाव की मुद्रा में हो सकते हैं। इंग्लैंड में यह आम बात है। यह उनका अपना मैदान है



और हम अंतिम टेस्ट मैच खेलने जा रहे हैं। ऐसे में वे गौतम गंभीर के लिए मुश्किलें खड़ी करने की कोशिश करेंगे।'' हेडन ने कहा, ''लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें अपनी भाषा में थोड़ा नरमी बरतनी चाहिए थी। वह बेहतर भाषा का इस्तेमाल कर सकते थे, लेकिन वास्तविकता यह है कि उनकी टीम सबसे महत्वपूर्ण टेस्ट मैच से पहले अभ्यास करना चाहती थी।'' भारत के बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक के अनुसार, यह बहस तब शुरू हुई जब फोर्टिस ने भारतीय कोचिंग स्टाफ को मुख्य पिच से 2.5 मीटर दूर रहने को कहा, गंभीर ने तब जवाब दिया था, ''आप हमें से किसी को यह नहीं बता सकते कि हमें क्या करना है। आपको हमें बताने का कोई अधिकार नहीं है। आप सिर्फ एक मैदानकर्मी हैं, इससे ज्यादा कुछ नहीं।'' (अनंत ज्ञान)

# रोहित शर्मा ने खरीदी दूसरी लैम्बोर्गिनी उरुस एसई

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने एक बार फिर लग्जरी कार के शौक को दिखाते हुए अपनी दूसरी लैम्बोर्गिनी उरुस एसई खरीद ली है। इस बार उन्होंने इसका अपग्रेडेड मॉडल उरुस एसई को अपने गैराज में जगह दी है। लैम्बोर्गिनी उरुस एसई की शुरुआती कीमत करीब 4.57 करोड़ रुपए (एक्स-शोरूम) है। इस नई कार में हाइब्रिड पावरट्रेन, दमदार परफॉर्मेंस और कई डिजाइन अपडेट शामिल हैं।



सोशल मीडिया पर शेयर हुए वीडियो में लैम्बोर्गिनी मुंबई डीलरशिप से नई कार की डिलीवरी होती दिखी। रोहित शर्मा की पुरानी नीली आरयूएस से अलग इस बार उन्होंने ऑरेंज कलर ली है। यह एसयूवी 60 किलोमीटर तक सिर्फ इलेक्ट्रिक मोड में चल सकती है और इस मोड में 130 किलोमीटर/घंटे की स्पीड तक पहुंच सकती है। कंपनी का दावा है कि यह सिर्फ 3.4 सेकंड में 0 से 100 किलोमीटर/घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है और इसकी टॉप स्पीड 312 किमी/घंटा है। (अनंत ज्ञान)

# बेंगलुरु में बनेगा देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

एजेंसी, बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के पास नया क्रिकेट स्टेडियम बनवाने की घोषणा की है। इस स्टेडियम में एक साथ 80 हजार दर्शक मैच देख सकेंगे। यह दर्शक क्षमता के हिसाब से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा। सिद्धारमैया ने कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड के सूर्या सिटी, बोम्मासंद्रा में स्टेडियम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसे 1650 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। नया स्टेडियम पहले से मौजूद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से 22 किलोमीटर दूर है। इसे बनाने का फैसला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विक्ट्री सेलिब्रेशन में मची भगदड़ के बाद लिया गया है। (अनंत ज्ञान)



### 100 एकड़ में बनाया जाएगा स्टेडियम

1,650 करोड़ रुपए की इस परियोजना का पूरा खर्च कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड उठाएगा। इसमें सिर्फ क्रिकेट मैदान ही नहीं, बल्कि आठ इनडोर और आठ आउटडोर खेलों की सुविधाएं, आधुनिक जिम, ट्रेनिंग सेंटर, स्विमिंग पूल, गेस्ट हाउस, हॉस्टल, होटल और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए एक कन्वेंशन हॉल भी होगा। यह स्टेडियम बेंगलुरु में बीसीसीआई के नए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी जैसा बन सकता है।

**80,000 दर्शकों की होगी क्षमता; आरसीबी भगदड़ केस के बाद लिया फैसला**



फाइल फोटो

**भारत के टॉप-5 स्टेडियम**

| स्टेडियम | स्थान | क्षमता |
|---|---|---|
| नरेंद्र मोदी स्टेडियम | अहमदाबाद | 1,32,000 |
| ईडन गार्डेंस | कोलकाता | 68,000 |
| शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम | नया रायपुर | 65,000 |
| इकाना क्रिकेट स्टेडियम | लखनऊ | 50,000 |
| ग्रीनफील्ड स्टेडियम | तिरुवनंतपुरम | 50,000 |

### बड़े आयोजनों के लिए ठीक नहीं हैं एम. चिन्नास्वामी

**बेंगलुरु** भगदड़ मामले की जांच करने वाले जस्टिस जॉन माइकल कुन्हा आयोग ने कहा था कि 32,000 दर्शकों की क्षमता वाला एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, जो सिर्फ 17 एकड़ में फैला है, बड़े आयोजनों के लिए ठीक नहीं है। आयोग ने सलाह दी थी कि ऐसे मैचों को ज्यादा जगह और बेहतर सुविधाओं व पार्किंग वाले स्थानों पर कराया जाए।

### महाराजा ट्रॉफी 2025 को मैसूर किया शिफ्ट

11 अगस्त से शुरू होने वाली घरेलू टी-20 लीग महाराजा ट्रॉफी को मैसूर शिफ्ट कर दिया गया। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ को पुलिस से मंजूरी न मिलने के कारण महाराजा ट्रॉफी का आयोजन मैसूर में कराना पड़ रहा है। इसके बाद से विमेंस वर्ल्ड कप के मैचों और 2026 में यहां आईपीएल मैचों की मेजबानी पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

# विश्व खेल: ऋषभ यादव ने जीता कांस्य पदक

एजेंसी, चेंगडू (चीन)

युवा ऋषभ यादव के कांस्य पदक को छोड़कर भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों के लिए विश्व खेलों में शनिवार का दिन निराशाजनक रहा जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित टीम शुरुआती दौर में ही हार गई। कोई भी महिला तीरंदाज पोडियम तक नहीं पहुंच सकी। 10वीं वरीयता प्राप्त यादव ने पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड कांस्य पदक मैच में अपने सीनियर साथी और कई विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक वर्मा को 149-147 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल में यादव को अमेरिकी कर्टिस ली ब्रॉडनेक्स से 145-147 से हार का सामना करना पड़ा था, जबकि वर्मा को नीदरलैंड के शीर्ष वरीय माइक श्लोएसर से 145-148 से हार मिली थी। महिला व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में भारत की चुनौती क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गई। 12वीं वरीय परनीत कौर को कोलंबिया की चौथी वरीय अलेजांद्रा उस्क्विआनो से 140-145 से हार मिली, जबकि तीसरी वरीय मधुरा धामनगांवकर को एस्टोनिया की छठी वरीय लिसेल जाटमा से 145-149 से पराजय का सामना करना पड़ा। भारतीय दल को सबसे बड़ी निराशा मिश्रित कंपाउंड स्पर्धा में हुई। क्वालीफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहने के बाद वर्मा और मधुरा की भारतीय जोड़ी प्रबल दावेदार दिख रही थी, लेकिन पहले ही दौर में अपनी चिर-प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया से हार गईं। भारतीय जोड़ी मून यिउन और ली यूनो से 151-154 से पराजित हो गई। (अनंत ज्ञान)




**भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों का निराशाजनक प्रदर्शन**

# न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को पारी और 359 रन हराया

एजेंसी, बुलावायो (जिम्बाब्वे)

न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे को पारी और 359 रन से रौंदकर अपनी अब तक की सबसे बड़ी टेस्ट जीत दर्ज करने के साथ सीरीज 2-0 से अपने नाम की। जिम्बाब्वे की टीम 476 रनों से पिछड़ रही थी और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने तीसरे दिन पहले सत्र में दूसरी पारी में 117 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड ने पहली पारी तीन विकेट पर 601 रन पर घोषित की थी और जिम्बाब्वे ने पहली पारी में 125 रन बनाए थे। पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज जकारी फाउलक्स ने पहली पारी में चार विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 37 रन देकर पांच विकेट लिए। वह अपने यादगार पदार्पण टेस्ट में 10 विकेट लेने से एक विकेट से चूक गए। तेज गेंदबाज मैट हेनरी (16 रन देकर दो विकेट), जैकब डफी (28 रन देकर दो विकेट) और



मैथ्यू फिशर (22 रन देकर एक विकेट) ने जिम्बाब्वे को 28.1 ओवर में सीरीज में उसके न्यूनतम स्कोर पर आउट कर दिया। जिम्बाब्वे के लिए, सिर्फ दो बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके। तीसरे नंबर के बल्लेबाज निक वेल्च 71 गेंद पर 47 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान क्रेग इर्विन (17) दोहरे अंक तक पहुंचने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे। न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन के अंत में तीन विकेट पर 601 रन के विशाल स्कोर पर अपनी पहली पारी घोषित की थी जिसमें रचिन रविंद्र (नाबाद 165) और हेनरी निकोल्स (नाबाद 150) ने चौथे विकेट के लिए 256 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी की। (अनंत ज्ञान)

## क्रिकेट पहले वनडे में पाक के हसन नवाज ने खेली 63 रन की धमाकेदार पारी

# पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया

एजेंसी, तरौबा

पाकिस्तान के युवा बल्लेबाज हसन नवाज ने अपने वनडे इंटरनेशनल डेब्यू में शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 63 रन बनाए और टीम भारतीय समयानुसार शनिवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच विकेट से जीत दिलाई। तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में पाकिस्तान ने 281 रनों के लक्ष्य को 49वें ओवर में हासिल किया। नवाज और हुसैन तलत ने छठे विकेट के लिए 104 रनों की नाबाद साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से निकालकर जीत की ओर ले गए। नवाज ने 54 गेंदों में 3 छक्कों और 5 चौकों की मदद से नाबाद 63 रन बनाए, जबकि तलत ने 37 गेंदों पर 41 रन (1 छक्का, 4 चौके) का योगदान दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 280 रन पर ऑलआउट हो गई। इविन लुईस ने 62 गेंदों पर 60 रन (3 छक्के, 5 चौके) बनाए, जबकि कप्तान शाई होप ने 55 और रोस्टन चेज ने 53 रन जोड़े। पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी ने 4 विकेट चटकाए, जबकि नसीम शाह ने 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने 53 रन बनाए, लेकिन 38वें ओवर में शमार जोसेफ की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए। उस समय टीम को जीत के लिए 101 रन चाहिए थे, जहां से नवाज और तलत ने मोर्चा संभालते हुए आखिरी ओवर में चौका लगाकर जीत दिलाई। सीरीज का दूसरा मैच रविवार, 10 अगस्त को और तीसरा व अंतिम मुकाबला 12 अगस्त को खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)



**मैच जीतने के बाद खुशी जाहिर करते पाकिस्तान के खिलाड़ी।**